www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -302 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम : कांग्रेस 02
■ नेशन फर्स्ट की अवधारणा की तरह प्राधिकरण...
■ पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों से नगर आयुक्त... 04
■ पाकिस्तान में 3000 महिला उम्मीदवार..
■ अमेरिका ने हाउती ठिकानों पर हवाई हमले शुरू किए 07
माधुरी दीक्षित को सुनील शेट्टी के साथ फिल्मो... 10

सुप्रीम कोर्ट ने रिटर्निंग अधिकारी को लगाई कड़ी फटकार

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई

## सर्वोच्च अदालत ने कहा, रिटर्निंग अधिकारी पर चलाया जाना चाहिए मुकदमा

■ चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने का आदेश
■ निगम की आगामी बैठक को टालने का निर्देश भी दिया

**नई दिल्ली, 5 फरवरी (एजेंसियां)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रिटर्निंग अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि रिटर्निंग अधिकारी ने मतपत्रों को नष्ट किया है। कोर्ट ने सवाल पूछा कि क्या इसी तरह से चुनाव का आयोजन होता है? यह लोकतंत्र का मजाक है। यह जनतंत्र की हत्या है। पूरे मामले से हम हैरान हैं। इस अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। क्या यह रिटर्निंग अधिकारी का व्यवहार है? सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से मतपत्र, वीडियोग्राफी और अन्य सामग्री समेत चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने का आदेश दिया। वहीं अगली सुनवाई तक चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक को टालने का निर्देश भी दिया।



**क्या इसी तरह से चुनाव होता है? यह लोकतंत्र का मजाक है। पूरे मामले से हम हैरान हैं।**

### मतपत्रों से छेड़छाड़ का वीडियो हुआ था वायरल

हाईकोर्ट के आदेश पर चुनाव प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी की गई थी। कुछ समय बाद पीठासीन अधिकारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वह कथित रूप से मतपत्रों पर पेन चलाते दिख रहे हैं। इसके बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने भाजपा पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। मामला पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा। मगर हाईकोर्ट ने कोई राहत नहीं दी। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

### भाजपा के मनोज सोनकर ने जीता था चुनाव



30 जनवरी को हाईकोर्ट के आदेश पर चंडीगढ़ मेयर चुनाव हुआ था। इसमें भाजपा प्रत्याशी मनोज सोनकर ने चार मतों से जीत दर्ज की थी। भाजपा के पास कुल 14 पार्षद थे। वहीं एक मत सांसद किरण खेर का था। भाजपा प्रत्याशी को कुल 16 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस-आप प्रत्याशी को 12 मत मिले थे। जबकि गठबंधन के पास कुल 20 मत थे। चुनाव के दौरान आठ मतों को अमान्य करार दिया गया था। इस वजह से मेयर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी।

### जरूरत पड़ी को करवाए जाएंगे फिर से चुनाव

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जरूरत लगी तो नए सिरे से चुनाव करवाए जाएंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर और मतदान का वीडियो हाई कोर्ट को सौंपने का आदेश दिया। इस मामले पर अगले हफ्ते फिर सुनवाई होगी।

राहुल ने रांची में रैली को किया संबोधित

# सत्ता में आने पर आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाएंगे : राहुल

**रांची, 5 फरवरी (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रांची में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का सोमवार को वादा किया। गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे। गांधी ने यहां शहीद मैदान में आयोजित एक रैली में कहा, 'गठबंधन के सभी विधायकों, (चंपई) सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भाजपा-आरएसएस की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की।' गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को बंधुआ मजदूर बनाया गया और बड़ी कंपनियों, अस्पतालों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अदालतों में उनकी भागीदारी नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'यह भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल है। हमारा पहला कदम देश में जाति आधारित जनगणना कराना होगा।' गांधी ने कहा कि मौजूदा प्रावधानों के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्होंने वादा किया कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की सरकार आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को 'हटा' देगी। गांधी ने कहा, ''दलितों और आदिवासियों के आरक्षण में कोई कटौती नहीं होगी। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा।



**कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा ने झारखंड में सरकार गिराने का प्रयास किया**


# चंपई सोरेन सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

## विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 47 वोट, जबकि विरोध में 29 मत पड़े

**रांची, 5 फरवरी (एजेंसियां)।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोरेन ने सोमवार को विधानसभा में बहुमत हासिल कर लिया।

■ जेएमएम रामदास व बीजेपी के इंद्रजीत विधानसभा नहीं पहुंचे

विधानसभा के विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत का प्रस्ताव सदन में पेश किया गया। 82 सदस्यीय विधानसभा में गांडेय विधानसभा सीट जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के त्यागपत्र के कारण खाली है। जबकि जेएमएम रामदास सोरेन और बीजेपी के इंद्रजीत महतो विधानसभा नहीं पहुंच गए। घाटशिला के जेएमएम विधायक रामदास सोरेन किडनी की समस्या के कारण दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं बीजेपी विधायक इंद्रजीत महतो लंबे समय से हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाजरत हैं।



विश्वास मत प्रस्ताव के पक्ष में 47 वोट प्राप्त हुए, जबकि विरोध में 29 मत मिले। इससे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने अभिभाषण में कहा कि उनका काम झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त और समृद्ध बनाना है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विश्वास मत हासिल करने की कोशिश के लिए बुलाए गए राज्य विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से सरकार ने लोगों के विकास के लिए काम किया है। अब हमारा काम प्रगति जारी रखना और झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त और समृद्ध बनाना है।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब दिया

# कांग्रेस ने परिवारवाद का खामियाजा भुगता : मोदी

## एक प्रोडक्ट लॉन्च करने के चक्कर में दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई

**नई दिल्ली, 5 फरवरी (देशबन्धु)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस सहित अन्य विपक्ष दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इस दौरान परिवारवाद, पूर्व पीएम जवाहलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और लोकसभा चुनाव सहित कई मुद्दों का जिक्र किया। पीएम मोदी ने सदन में राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि एक ही प्रोडक्ट को बार-बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई है। ये सिर्फ परिवारवाद के कारण हो रहा है. कांग्रेस एक परिवार में उलझ गई है। इस दौरान विपक्षी दलों ने अमित शाह और राजनाथ सिंह का नाम लिया तो पीएम मोदी ने कहा कि किसी परिवार में अपने बलबूते पर और जनसमर्थन से एक से अधिक लोग राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति करते हैं तो उसे हमने परिवारवाद नहीं कहा। हम परिवारवाद उसे कहते हैं जब परिवार पार्टी चलाता है, परिवार के लोगों को प्राथमिकता देता है और सारे निर्णय परिवार के लोग करते हैं। ये परिवारवाद है।

■ विपक्ष चुनाव लड़ने का हौसला खो चुका



### घपलों के बाद भी मोदी करते रहे पेटीएम का प्रचार : श्रीनेत



कांग्रेस ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पेटीएम संस्थापक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संबंधों को उजागर करते हुए कई सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी से अपनी निकटता के चलते घपले करने वाला पेटीएम फाउंडर और सीईओ विजय शेखर शर्मा बार-बार बचता रहा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि पीएम मोदी के बेहद करीबी विजय शेखर शर्मा ने लाइसेंस मिलते ही घपले करने शुरू कर दिए, इस कारण आरबीआई ने इन्हें बार-बार दंडित भी किया। इसके बाद भी प्रधानमंत्री मोदी पेटीएम का प्रचार-प्रसार करते रहे। यह बातें कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने नई दिल्ली में संसद भवन के बाहर विजय चौक पर पत्रकारों से बातचीत में कही।

# राज्यसभा सदस्यता की शपथ नहीं ले सके संजय सिंह

**धनखड़ ने कहा, सिंह का मामला अभी विशेषाधिकार समिति के पास**



**नई दिल्ली, 5 जनवरी (देशबन्धु।** आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह आज राज्यसभा की सदस्यता की शपथ नहीं ले सके। राज्यसभा के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से निर्वाचित संजय सिंह ने शपथ लेने के लिए अदालत से विशेष अनुमति ली थी और उन्हें सोमवार को यानी आज उच्च सदन की सदस्यता की शपथ लेनी थी। सूत्रों के अनुसार सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अभी श्री सिंह का मामला सदन की विशेषाधिकार समिति के पास है इसलिए वह शपथ नहीं ले सकते। श्री सिंह पिछले महीने ही राज्यसभा के लिए दूसरी बार दिल्ली से चुने गए हैं।

53 साल बाद आया फैसला

# हिंदुओं को मिला लाक्षागृह पर अधिकार

**नई दिल्ली, 5 फरवरी (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के बागपत के लाक्षागृह केस में कोर्ट का फैसला हिंदुओं के पक्ष में आया है। इस मामले में 53 साल बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए लाक्षागृह की 100 बीघा जमीन पर हिंदू पक्ष के अधिकार की बात कही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागवत जिले के बरनावा में लाक्षागृह की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मामला अदालत में चल रहा था। मुस्लिम पक्ष इस जमीन को सूफी संत शेख बदरुद्दीन की मजार बता रहे थे। जबकि, हिंदू पक्ष का दावा था कि यह महाभारत कालीन लाक्षागृह है। जहां पांडवों को कौरवों द्वारा जलाकर मारने की कोशिश की गई थी। इस पूरे मामले में 53 साल बाद बागपत कोर्ट ने हिंदू पक्ष के हक में बड़ा फैसला दे दिया है। 1970 से इस मामले में अदालत में सुनवाई चल रही थी। पिछले साल इस मामले की सुनवाई में तेजी आई थी। अदालत के फैसले पर हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों की नजर टिकी हुई थी।

**100 बीघा जमीन पर हिंदू पक्ष के अधिकार की बात कही**

1970 में इस मामले को लेकर बरनावा निवासी मुकीम खान ने वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी की हैसियत से मेरठ के सरधना की कोर्ट में एक केस दायर कराया था। जिसमें जानकारी दी थी कि इस लाक्षागृह टीले पर शेख बदरुद्दीन की मजार और एक बड़ा कब्रिस्तान मौजूद है। जिस पर वक्फ बोर्ड का अधिकार है।

# डीआरडीओ ने 'अभ्यास' यान का किया सफल परीक्षण

■ **अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए गए**

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (एजेंसियां)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट)- अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किए गए। उड़ान परीक्षणों के दौरान आवश्यक सहनशक्ति, गति, गतिशीलता, ऊंचाई और सीमा जैसे विभिन्न मापदंडों को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया गया।




## सार संक्षेप

### आयोग ने चुनाव कार्य में बच्चों को न लगाने के निर्देश दिए



**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को साफ-साफ निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार के काम में बच्चों का इस्तेमाल न करें। आयोग ने कहा कि इस मामले में कोई भी अवहेलना 'रत्ती भर भी स्वीकार्य नहीं होगी।' आयोग ने सोमवार को इस बारे में राजनीतिक दलों, चुनाव में प्रत्याशियों और निर्वाचन मशीनरी को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

### अगले चार-पांच दिनों तक शुष्क मौसम का अनुमान



**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य भाग के आसपास के क्षेत्रों और पूर्वी क्षेत्रों में सोमवार को बारिश के बाद अगले चार-पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पांच फरवरी को गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा कि पांच फरवरी को उत्तराखंड में ओलावृष्टि हो सकती है।

### पाकिस्तान में थाने पर हमला, 10 पुलिसकर्मी मारे गए



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान में सोमवार तड़के एक थाने पर हुए एक और लक्षित आतंकी हमले में कम से कम 10 पुलिस अधिकारी शहीद हो गए और छह गंभीर रूप से घायल हो गए। देश में 8 फरवरी को होने वाले मतदान से केवल चार दिन पहले हुआ यह हमला प्रांत में तनावपूर्ण, संवेदनशील और गंभीर स्थिति का संकेत देता है।

### जुकरबर्ग बने दुनिया के चौथे सबसे अमीर इंसान



**न्यूयॉर्क।** मेटा प्लेटफॉर्म के सीईओ मार्क जुकरबर्ग अब दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बन गये हैं। मेटा के शेयर की कीमत में उछाल के बाद इस साल उनकी कुल संपत्ति किसी भी अन्य व्यक्ति से ज्यादा बढ़ी है जिससे वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं। जुकरबर्ग की संपत्ति 2024 में अब तक 42.4 अरब डॉलर बढ़ गई है, जिसने उन्हें ब्लूमबर्ग के बिलियनेयर इंडेक्स में चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है।

### सहारनपुर में 64 वर्षीय बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के नानौता थाना क्षेत्र में रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना प्रकाश में आई है, जहां 64 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान हुक्म सिंह के रूप में हुई।

बजट | विधानसभा में 7,36,437.71 करोड़ का बजट पेश किया गया

# उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश

■ **रतिभान त्रिपाठी**

**लखनऊ, 5 फरवरी (देशबन्धु)।** देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल कराने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में सोमवार को उत्तर प्रदेश का अब तक के सबसे बड़े बजट विधानसभा में पेश किया गया है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वर्ष 2024-25 के लिए 7,36,437.71 करोड़ का बजट पेश किया। योगी आदित्यनाथ की सरकार का यह आठवां बजट है जो अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस बार का बजट भगवान श्रीराम को समर्पित है। चूंकि श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं इसलिए इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं। यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे सरकार की समग्र संकल्पनाओं को पूरा का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस बजट को उत्सव, उद्योग और उम्मीद को नए यूपी की तस्वीर बताया है। बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित इस बजट में 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश के बजट के आकार में हुई बढ़ोतरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने, डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास पर आधारित है। योगी आदित्यनाथ ने बजट के महत्वपूर्ण बिंदु गिनाए और कहा कि पहली बार 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख के कैपिटल एक्सपेंडीचर का प्रावधान किया गया है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे खर्च होंगे तो न केवल रोजगार का सृजन होगा बल्कि अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 में जहां प्रदेश की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपए की थी, वो 2024-25 में 25 लाख करोड़ रुपए यानी दोगुनी से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना करने में भी उनकी सरकार को सफलता मिली है।



**लोकमंगल के पर्याय हैं श्रीराम इसलिए बजट के आरंभ, मध्य और अंत में श्रीरामलला : योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए संभव हो सका है क्योंकि सरकार ने न केवल कर चोरी रोकी है, बल्कि रेवेन्यू लीकेज समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे, उन्हें विभिन्न विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है।

# देश

**उवाच**



"प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की बड़ी चर्चा की जाती है लेकिन देश में बेरोजगारी से हाल बुरा है। मणिपुर के लोगों के लिए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के क्या मायने हैं। लोगों को धर्म के आधार पर लोगों को विभाजित किया जा रहा है।"

**–बैन्नी बेहनन, कांग्रेस नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 19.0 | 09.0 |
| मुंबई | 28.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 16.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 24.0 |

# ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम : कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में

- **ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग की**
- **चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया**

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इसके प्रति आम जनता का भरोसा कम हो रहा है। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम हो रहा है। चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश में वोट डालने का मकसद खत्म हो रहा है।

उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करना चाहिए। वोटर यह अधिकार है। वीवीपैट स्लिप वोटर को दिया जाना चाहिए जो देखने के बाद बाक्स में डाला जा सकता है। इससे लोगों का ईवीएम पर लोगों का विश्वास बढ़ेगा। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार 500 साल के बाद भगवान राम को ले आई है लेकिन नीरव मोदी से जैसे भगौडों को नहीं ला पाई है। मोदी सरकार अपना वादा पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी धर्म का प्रयोग राजनीति के लिए कर रहे हैं और चुनाव आयोग ने कोई



**वीवीपैट स्लिप वोटर को दिया जाना चाहिए इससे ईवीएम पर लोगों का विश्वास बढ़ेगा : दिग्विजय सिंह**

कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की एक सभा में बजरंग बली का नारा दिया और राम के नाम पर वोट मांगें। उन्होंने कहा कि अगर कोई छोटा राजनीतिक दल ऐसा करता तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो गयी होती। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब विरोधी है और ऐसी पार्टी असमानता दूर नहीं कर सकती है।

वहीं राज्य सभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का उल्लेख बीच छूट जाने पर कांग्रेस समेत विपक्ष के कई सदस्यों ने शोरगुल किया। सदन के उप सभापति हरिवंश जब प्रश्नकाल संपन्न करा रहे थे तो उन्हें तारांकित प्रश्न 17 के उपरांत तारांकित प्रश्न 19 बोला तो तेलुगू देशम पार्टी के कनक मेदला रविंद्र कुमार ने पोलावरम परियोजना से संबंधित प्रश्न पूछा और जन शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावट ने इसका उत्तर सदन के पटल पर रखा। इसके बाद जब पूरक प्रश्न पूछने के लिए हरिवंश ने संबंधित सदस्य का नाम पुकारा तो समाजवादी पार्टी की जया बच्चन और कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा और शक्ति सिंह गोहिल तथा अन्य सदस्य जोर जोर से बोलने लगे और सदन में शोरगुल होने लगा।इसके जवाब में सत्तापक्ष के सदस्य भी जोर जोर से बोलने लगे। इस बीच सदन में सभापति जगदीप धनखड़ ने आसन संभाला और कहा कि यह मानवीय गलती है। यह हम में से किसी के साथ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रश्न 18 को प्रश्न 19 के बाद लिया जाएगा। हरिवंश ने कहा कि तकनीकी कारण से कम्प्यूटर स्लिप हो गया। लेकिन इस पर सदन में शोरगुल होता रहा तो धनखड़ ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे और उचित कदम उठाएंगे। इसके बाद सदन में तारांकित प्रश्न 17 पूरा हुआ तो धनखड़ ने कहा कि हरिवंश अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे समर्पण के साथ करते हैं और उनकी निष्ठा और सजगता पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता।

## मोदी सरकार ने नौ वर्ष में सौ लाख करोड़ का कर्ज लिया : संदीप पाठक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्य संदीप पाठक ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पिछले नौ वर्षों में 100 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया है जबकि 67 वर्षों में 14 प्रधानमंत्रियों की सरकारों ने 55 लाख करोड़ रुपये का कर्जा लिया है। पाठक ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते यह बात कही। मोदी सरकार के कार्यकाल में 45 वर्षों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि वह जब भी बेरोजगारी के बारे में सरकार से सवाल करते हैं तो यही जवाब मिलता है कि यह सतत प्रक्रिया है और मिशन मोड में काम चल रहा है। सरकार बार-बार एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा देती है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त कार्य नहीं हो रहा है और इससे लगता है कि कहीं यह 'स्लोगन' न बनकर रह जाए। रेलवे में सुधार के बजाय सरकार ने कुछ चुनिंदा योजना चलाकर चमकती तस्वीर पेश करने की कोशिश की है। पाठक ने कहा कि देश को श्रेष्ठ बनाने के लिए रामराज्य की परिकल्पना को धारण करना होगा और इसके लिए संस्थागत सुधार सबका मिलकर कार्य करना जरूरी है। अमृतकाल की संभावनाएं अपार हैं, लेकिन क्या इसके लिए पर्याप्त कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ भारत तभी बनेगा जब सभी को हर क्षेत्र में समान अवसर मिलें। सरकार 'पैच वर्क' कर रही है कुछ पैसा इधर लगाया कुछ उधर लगाया, लेकिन सब कुछ करने के चक्कर में देश विकसित नहीं हो सकता।



## भारत के पास माकूल जवाब देने की ताकत : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को संसद में कहा कि भारत की तरफ कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो देश उसका मुंहतोड़ जवाब देने की हैसियत और ताकत रखता है। सिंह ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हस्तक्षेप कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस के लोक सभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी की तरफ से सरकार पर लगाये गये आरोपों पर कहा कि कांग्रेस के सदस्य ने चीन के संबंध में जो कहा है कि उस पर वह असहमति व्यक्त करते हैं। मैं इस सदन को आश्वासत करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर नहीं रहा है। भारत माकूल जवाब देने की ताकत और हैसियत रखता है। सिंह ने कहा कि अपने देश को इस सदन में अनावश्यक रूप से बदनाम करने की जरूरत नहीं है। इस तरह के वक्तव्य की हम निंदा करते हैं। कभी इस पर चर्चा की अनुमति मिलेगी तब चर्चा करेंगे। इससे पहले कांग्रेस के सदस्य चौधरी ने कहा कि देश की सुरक्षा के बारे में राष्ट्रपति के अभिभाषण में कुछ नहीं कहा गया है।



## संसद से

### जम्मू कश्मीर को लेकर अहम विधेयक लोकसभा में पेश

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों से संबंधित कानून में संशोधन के प्रस्ताव वाला एक विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से 'जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024' प्रस्तुत किया। विधेयक में जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

### लाल सागर में पेट्रोलियम पोतों पर हमलों से हालात बिगड़ने की आशंका नहीं : सरकार

केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद में कहा कि पेट्रोलियम पदार्थ लाने-ले जाने वाले पोतों पर लाल सागर में हूती और अन्य विद्रोही गुटों के हमलों के मद्देनजर सरकार ने इसके लिए कई उपाय किए हैं। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में बताया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय, भूराजनीतिक स्थिति और बाजार में स्थिरता है। लाल सागर में ऐसे हमलों की वजह से हालात बिगड़ने की आशंका नहीं है। देश के बाहर के तत्वों के इन हमलों की पृष्ठभूमि में गहन विचार विमर्श कर समुचित कदम उठाए गए हैं। सीएनजी के दामों में कटौती की फिलहाल कोई योजना नहीं है, लेकिन वैश्विक बाजार में इनके दामों में कमी आने पर इस बारे में जरूर विचार किया जाएगा। बीते दो साल के दौरान वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में अस्थिरता रही है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 में सीएनजी के दामों की समीक्षा की गई।

### उड़ान योजना के तहत सभी 529 मार्गों पर विमानों का परिचालन जारी : वीके सिंह

केंद्र सरकार ने सोमवार को बताया कि उड़ान योजना के तहत 529 में से किसी भी मार्ग को रद्द नहीं किया गया है और सभी मार्गों पर उड़ानों का परिचालन जारी है। नागरिक विमानन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने राज्यसभा को यह जानकारी दी। नए मार्गों की शुरूआत के लिए नीलामी प्रक्रिया होती है, जिसमें एयरलाइन कंपनियां शामिल होती हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन पहले से ही किसी भी एयरलाइन को कोई भी मार्ग नहीं दिया जाता है। निविदा प्रक्रिया के भी निश्चित नियम होते हैं, जिनका एयरलाइन कंपनियों को पालन करना होता है।

### संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे अलग-अलग धर्मगुरु

देश के विभिन्न अल्पसंख्यक वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले धार्मिक नेता सोमवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिलने के लिए संसद पहुंचे। वे संसद की कार्यवाही भी देखेंगे। इस मौके पर ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि पैगाम-ए-मोहब्बत है, पैगाम देश है। आज हम प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे हैं।

### वाहनों में डेश कैमरा को अनिवार्य करने की मांग उठी राज्यसभा में

दिनों दिन बढ़ती दुर्घटनाओं और उनके कारण बढ़ते मुकदमों का बोझ कम करने के लिए आज राज्यसभा में वाहनों में डेश कैमरे को अनिवार्य बनाने की मांग की गई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की डा. फौजिया खान ने सोमवार को सदन में शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन मामलों में डेश कैमरा को कार निर्माताओं के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कैमरे में दुर्घटना की स्थिति में घटना की रिर्काडिंग हो जाती है और इससे दुर्घटना के बारे में पुख्ता सबूत मिल सकेंगे। एमडीएमके के वाइको ने बाढ़ से प्रभावित तमिलनाडु के लिए केंद्रीय सहायता भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में बाढ़ के कारण भारी तबाही हुई है जिससे लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### गैर-भाजपा शासित राज्यों के कोष पर रोक लगाने के आरोपों को किया खारिज

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा गैर-भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के लिए जाने वाले कोष पर रोक लगाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह के आरोप राजनीति से प्रेरित है। सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र सरकार वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार काम करती है। उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है कि कोई वित्त मंत्री यह कहकर हस्तक्षेप कर सके कि उसे यह राज्य पसंद नहीं है, इसलिए उसका भुगतान बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित विचार हैं और निहित स्वार्थ वाले लोग ऐसा कह रहे हैं। दरअसल कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार काम करती है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र बुधवार को प्रारंभ होगा। तेरह दिवसीय सत्र के दौरान कुल नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सत्र बुधवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ प्रारंभ होगा, जो 19 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। सोलहवीं विधानसभा के इस दूसरे सत्र में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लेखानुदान लाए जाने की संभावना है। इस दौरान अनेक शासकीय कार्य भी संपादित होंगे।

### कश्मीर के मौसम में सुधार, उड़ान सेवा बहाल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मौसम में सुधार होने पर श्रीनगर हवाई अड्डे पर सोमवार को उड़ान संचालन और हिमपात से प्रभावित श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर यातायात सेवा बहाल कर दिया गया। गौरतलब है कि खराब मौसम के कारण रविवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सभी उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक जावीद अंजुम ने कहा कि आज उड़ान संचालन सामान्य है। मौसम में सुधार के बाद श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी बहाल कर दिया गया है।

### आकाशवाणी के पूर्व कर्मचारियों को पांच वर्ष की सजा

**आइजोल।** आइजोल की विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) ने सोमवार को ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को 2,60,444 रुपए की धनराशि के दुरुपयोग के आरोप में विभिन्न अवधि के कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के पूर्व सहायक निदेशक जोसांगजुआला को पांच वर्ष की कैद व छह लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई, जबकि एआईआर आइजोल स्टेशन लालनुंजिरी के कार्यकारी एवं एआईआर आइजोल स्टेशन के तत्कालीन एलडीसी जूडी एच लालमुआनपुई को दो साल की कैद और छह लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

### विजयन ने मैराथन के लोगो का किया अनावरण

**कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 11 फरवरी को कोच्चि के इन्फोपार्क में आयोजित होने वाले जीटेक मैराथन के लोगो का अनावरण किया है। इंफोपार्क में आयोजित समारोह में रविवार को इंफोसिस के सह-संस्थापक एसडी शिबूलाल और आईबीएस सॉफ्टवेयर के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष वीके मैथ्यूज मौजूद थे। मैराथन के लिए लगभग 7,000 धावकों ने पंजीकरण कराया है, जिससे यह केरल में होने वाली अब तक की सबसे बड़ी मैराथन में से एक बन गई है।

## भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। गोवा में छह से नौ फरवरी तक भारत ऊर्जा सप्ताह-2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से सोमवार को जारी बयान के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान मोदी वैश्विक तेल एवं गैस कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और विशेषज्ञों के साथ एक गोलमेज बैठक करेंगे। बयान में कहा गया है कि भारत ऊर्जा सप्ताह सबसे बड़ा और एकमात्र सर्वव्यापी ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन है, जो संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला को एक साथ लायेगा और देश के ऊर्जा लक्ष्यों के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के लगभग 17 ऊर्जा मंत्रियों समेत करीब 35,000 लोग मौजूद रहेंगे। इस मौके पर छह समर्पित देशों कनाडा, जर्मनी, नीदरलैंड, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के मंडप होंगे। इसके साथ ही एक विशेष मेक इन इंडिया पवेलियन की भी स्थापना की जा रही है। गोवा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री विकसित भारत विकसित गोवा-2047 के तहत 1330 करोड़ की लागत वाली विभिन्ना परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।



# अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली सुशासन का आधार : मुर्मू



**लेखा सेवाओं के प्रोबेशनरी अधिकारियों के बैच को किया संबोधित**

**नई दिल्ली**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि एक अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार है। वह यहां अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान में प्रशिक्षण के लिए भेजे गए लेखा सेवाओं के प्रोबेशनरी अधिकारियों के एक बैच को संबोधित कर रही थीं। ये प्रशिक्षु अधिकारी भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा और भारतीय पीएंडटी (वित्त और लेखा) सेवा से हैं, जो राष्ट्रपति से मिलने गए थे। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार मुर्मू ने इन अधिकारियों से कहा कि एक अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार है। राष्ट्रपति ने कहा कि ये अधिकारी जिस संगठित वित्तीय सेवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन पर एक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के निर्माण और उसे बनाए रखने का दायित्व है, जो सरकार के कुशल कार्यप्रणाली को संचालित करने में सहायता करती हैं।

उन्होंने इन अधिकारियों से अपनी क्षमताओं को प्राप्त कर और उनका उपयोग करके इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का अनुरोध किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वे ऐसे समय इन सेवाओं में शामिल हुए हैं, जब देश डिजिटल रूपांतरण के दौर से गुजर रहा है। जनता के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के साथ-साथ सेवा वितरण में अधिक दक्षता की अपेक्षा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि उनका काम न केवल वित्तीय संसाधनों की उपयोगिता को अधिकतम करने तक सीमित है, बल्कि नीतिगत परिवर्तनों के प्रभाव का विश्लेषण करना और वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों सहित शासन की विभिन्न प्रणालियों में संवर्द्धन के लिए सुधारों का प्रस्ताव रखना भी शामिल है।

# फ्लोर टेस्ट से पहले प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे नीतीश

**पटना**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार में नई सरकार के गठन के बाद आगामी 12 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा में बहुमत साबित करेंगे। खबर आ रही है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फ्लोर टेस्ट से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात करेंगे। दिल्ली में सीएम नीतीश पीएम मोदी के अलावा शाह और जेपी नड्डा से भी मिलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नीतीश की पिछली मुलाकात राष्ट्रपति की भोज में हुई थी और उसी मुलाकात के बाद बिहार में तख्ता पलट की पटकथा लिखी गई थी। दरअसल, बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लंबे समय बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। 12 जनवरी को सरकार को विधानसभा में विश्वासमत हासिल करना है हालांकि विपक्ष इससे पहले बड़े खेल का दावा कर रहा है। तमाम तरह के सियासी गहमागहमी के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी 7 फरवरी को दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर कूच कर जाएंगे।ढन्इससे पहले दिल्ली में जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर 9 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भोज का आयोजन किया है। सभी मुख्यमंत्रियों को इस भोज में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचे थे, जहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित रात्रि भोज में शामिल होने के दौरान उनकी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात हुई थी। पीएम मोदी ने खुद एक्स पर नीतीश के साथ वाली तस्वीर शेयर की थी।



- **अमित शाह व जेपी नड्डा से भी मिलने की संभावना**

### नीतीश आठ फरवरी को वापस पटना लौटेंगे

नीतीश कुमार आठ फरवरी को वापस पटना लौटेंगे। इस बीच वे प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा के मुलाकात करेंगे। लंबे समय बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नीतीश कुमार की मुलाकात होगी।

## शिंदे भाजपा को धोखा देने की कर रहे कोशिश : उद्धव

**रत्नागिरी**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने सोमवार को शिंदे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ अविभाजित शिवसेना और उनके नेता ठाकरे को धोखा दिया है बल्कि वह भाजपा को भी धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ लगाए गए आरोप सही थे, तो फिर क्यों नहीं कोई भी केंद्रीय जांच एजेंसी पूछताछ के लिए हरकत में आई। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुरू किए गए 'जनसंवाद' अभियान के तहत आज दोपहर जिले के राजापुर कस्बे में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि गायकवाड़, जिन्होंने कथित तौर पर पिछली बार सहयोगी दल शिव सेना (शिंदे) के नेता महेश गायकवाड़ पर गोली चलाई थी। इसके अलावा, गायकवाड़ ने यह भी आरोप लगाया था कि शिंदे ने अभी तक उनका करोड़ों रुपए का लंबित भुगतान नहीं किया है और मांग की है कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने लोगों से आगामी चुनावों में मतदान करते समय इन आरोपों पर विचार करने को कहा। उन्होंने मांग की कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के घर पर जांच अधिकारी भेज सकते हैं तो श्री शिंदे के खिलाफ भी ऐसी ही कार्रवाई क्यों नहीं की जाती।

**चेतावनी** *कश्मीरियों को डराने लगी पर्यावरणविद विशेषज्ञों की चेतावनी*

# हिमस्खलन की घटनाओं से जूझने को मजबूर होगा कश्मीर

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर प्रशासन की नई परेशानी कश्मीरियों द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद एवलांच की चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लेने की है। नतीजतन इससे अतीत में जान माल के नुक्सान की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

दरअसल इस बार कश्मीर में सर्दी के भयानक 40 दिनों-चिल्ले कलां के दौरान भी तापमान सामान्य से ऊपर रहने और उम्मीद से कम बर्फ गिरने की चिंता में डूबे कश्मीरियों को पर्यावरणविद विशेषज्ञों की वह चेतावनी डराने लगी है जिसमें वे कह रहे हैं कि आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर होगी और कश्मीर हिमस्खलन की ज्यादा घटनाओं से जूझने को मजबूर होगा। कश्मीर के सीनियर अर्थ साइंटिस्ट प्रो शकील अहमद रोमशू कहते थे कि पिछले दो दशकों के बीच कश्मीर में सामान्य तापमान बढ़ा है जिस कारण अब चिल्ले कलां के दौरान कम बर्फ गिर रही है। आज भी जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे सावधानी बरतें और हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में बाहर निकलने से बचें। इस सर्दी में ऊपरी इलाकों में कई जगहों पर हिमस्खलन हुआ।



- **पिछले दो दशकों के बीच बढ़ा सामान्य तापमान**

मौसम विभाग द्वारा अब कश्मीर में ताजा बर्फबारी की भविष्यवाणी के साथ, आठ जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। प्रशासन ने कहा है कि इन चेतावनियों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस तरह जब भी हिमस्खलन होगा, जान माल का नुकसान नहीं होगा। ऊपरी इलाकों की रिपोर्टों में कहा गया है कि जहां अधिकांश लोग सावधानी बरतते हैं, वहीं कुछ लोग विशेष रूप से युवा भी हैं जो चेतावनी के बावजूद बाहर निकल आते हैं और गतिविधियां करते हैं। आधिकारिक हलकों में चिंता है कि यह बढ़ती प्रवृत्ति हिमस्खलन वाले क्षेत्रों में लोगों के हित में नहीं है। ऐसी प्रवृत्ति उचित नहीं है। यदि अधिकारी जीवन की सुरक्षा के लिए निर्देश जारी करते हैं, तो यह संबंधित लोगों की जिम्मेदारी है कि वे ऐसे निर्देशों को लागू करें। यह उनकी सुरक्षा के लिए है।

उनका कहना था कि एक बार हिमस्खलन का खतरा खत्म हो जाने के बाद लोग बाहर आ सकते हैं और अपनी सामान्य गतिविधियां कर सकते हैं। जब तक खतरा है, उन्हें घर के अंदर ही रहना चाहिए। अतीत में जब जनसंचार के क्षेत्र में इतनी प्रगति नहीं हुई थी, लोग स्वयं ही सावधानी बरतते थे और हिमस्खलन के खतरे के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलते थे। इसलिए लोग ज्यादातर सुरक्षित रहेंगे। लेकिन कुछ लोगों द्वारा अब सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी की गई चेतावनियों पर कोई ध्यान नहीं देने की खबरों के बीच हिमस्खलन में मानव जीवन के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इससे बिल्कुल बचना होगा। अब तक, इस सर्दी में, कश्मीर के मैदानी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई है, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी हुई है।

उल्टा पुल्टा

टीचर : अगर एक तरफ पैसा हो और दुसरी तरफ अक्ल हो तो तुम क्या चुनोगे ?
गट्टू : टीचर मै तो पैसा लूंगा।
टीचर : गलत, मैं अक्ल चुनूंगी।
गट्टू : आप की मरजी। जिसके पास जिस चीज की कमी होती है वो उस चीज को चुनता है।

# देश में जनतंत्र को किया जा रहा खत्म : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। ईडी के समन और क्राइम ब्रांच की नोटिस को लेकर सोमवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल मुखर दिखे। उन्होंने कहा कि वो

- **ईडी के समन व क्राइम ब्रांच के नोटिस को लेकर केंद्र को घेरा**
- **तिरुपति बालाजी की यात्रा पर रवाना हुए तीर्थयात्रियों से की मुलाकात**

पूछ रहे हैं कि आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीदने के लिए किन लोगों ने संपर्क किया। यह तो पूरी दुनिया जानती हैं कि इस देश में एक ही पार्टी है, जो सबको खरीद रही है। जिन्होंने गोवा व कर्नाटक में सरकार गिराई और महाराष्ट्र में एनसीपी–शिवसेना को तोड़ा, उन्होंने ही हमारे विधायकों से संपर्क किया। देश में तानाशाही चल रही है। ईडी का इस्तेमाल कर सरकारों को गिराया जा रहा है और गलत तरीके से जनतंत्र को खत्म किया जा रहा है। क्राइम ब्रांच को लेकर सीएम ने कहा कि मेरे घर आए अफसरों पर मुझे बहुत दया आ रही थी, क्योंकि एक युवा यह सोच लेकर पुलिस में भर्ती होता कि वो देश और समाज की रक्षा करेगा। लेकिन जिस तरह इन लोगों ने उनसे मेरे घर पर पांच घंटे नौटंकी करवाई, इससे उन अफसरों को भी बुरा लगा होगा, क्योंकि इनके राजनीतिक आकाओं ने पूरी दिल्ली पुलिस की बेइज्जती की है। सोमवार को तिरुपति बालाजी की यात्रा पर रवाना हुए तीर्थयात्रियों से मुलाकात करने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बात की। इस दौरान ईडी के समन को लेकर सात फरवरी को होने वाली राउस एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई पर सीएम ने कहा कि हम कोर्ट में अपना जवाब देंगे। इसके अलावा, क्राइम ब्रांच को लेकर उन्होंने कहा कि क्राइम ब्रांच का व्यवहार मुझे बहुत अजीब लगा। मुझे क्राइम ब्रांच के उन अफसरों



**पूरी दुनिया जानती है इस देश में एक ही पार्टी है जो सबको खरीद रही है : अरविंद केजरीवाल**

पर बहुत दया आ रही थी, जिनकों इन्होंने मेरे आवास पर भेजा था। एक युवा जब पुलिस ज्वाइन करता है तो वो बहुत ही आदर्शवाद के साथ पुलिस में भर्ती होता है। उस युवा का आदर्शवाद होता है कि मैं पुलिस में भर्ती होकर देश के लिए काम करूंगा, समाज की रक्षा करूंगा, अपराधियों को पकड़ूंगा, अपराध कम करूंगा, महिलाओं की सुरक्षा करूंगा। वो युवा कभी यह नहीं सोचता है कि ये लोग उससे नौटंकी करवाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरे आवास पर क्राइम ब्रांच के जो अफसर आए थे, इन लोगों ने उनसे मेरे घर के सामने पांच घंटे तक नौटंकी करवाई। इसी तरह कैबिनेट मंत्री आतिशी के घर के सामने भी कई घंटे नौटंकी करावाई। उन लोगों ने नौटंकी करने के लिए पुलिस को नहीं ज्वाइन किया था। जब उनसे प्रश्न पूछा गया तो वो अफसर जवाब नहीं दे पा रहे थे। वो कह रहे थे कि मीडिया के सामने नहीं बोलेंगे, प्राइवेट में आ जाओ, वहां बात कर लेते हैं। उस अफसर को कितना बुरा लग रहा होगा। इनके राजनीतिक आकाओं ने एक तरह से दिल्ली पुलिस की बेइज्जती कर दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वो यह पूछ रहे हैं कि आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीदने के लिए किन लोगों ने संपर्क किया। यह तो किसी से छिपा नहीं है। यह तो सारी दुनिया जानती है कि इस देश में एक ही पार्टी है, जो सबको खरीद रही है। जिन लोगों ने गोवा में विधायकों को तोड़कर इनकी सरकार बनवाई, उन्होंने ही हमारे विधायकों से संपर्क किया।

जिन्होंने महाराष्ट्र में शिवसेना, एनसीपी तोड़ी, कर्नाटक में सरकार गिराई, राजस्थान में सरकार गिराने की कोशिश की, उन्होंने ही संपर्क किया था। जिन्होंने क्राइम ब्रांच के अफसरों को मेरे घर भेजा, हमारे विधायकों से संपर्क करने के पीछे यही लोग हैं। इसमें पूछने की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा कि क्राइम ब्रांच के अफसर जो लेटर लेकर आए थे, उसमें किसी एफआईआर का जिक्र नहीं है। इस तरह की नौटंकी से देश की तरक्की नहीं होगी।

## हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके किया गलत : मुख्यमंत्री

सीएम अरविंद केजरीवाल ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर कहा कि झारखंड के सीटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करके इन लोगों ने गलत किया। इन लोगों ने गलत तरीके से सीटिंग सीएम को गिरफ्तार किया। ऐसे तो ये लोग कोई भी सरकार गिरा देंगे। इन लोगों ने महाराष्ट्र के अंदर सरकार गिरा दी। इसी तरह, इन लोगों की झारखंड में भी पूरी कोशिश सरकार गिराने की थी। लेकिन ये लोग सरकार नहीं गिरा पाए। इन लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों को तोड़ने के लिए 48 घंटे तक इंतजार किया। यह तो अच्छा है कि अभी तक कोई नहीं टूटा। देश के अंदर यह जो तानाशाही चल रही है, ईडी का इस्तेमाल करके चारों तरफ सरकारों को गिराया जा रहा है, गलत तरीके से जनतंत्र को खत्म किया जा रहा है। यह देश के लिए सही नहीं है।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देना हमारा लक्ष्य : लवली

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। मूल रूप से ओडिशा में स्थापित भारत राजनीति पार्टी ने राजधानी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वयं को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में घोषित कर दिया। पार्टी द्वारा यह औपचारिक घोषणा प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में की गई। इस अवसर पर भारत राजनीति पार्टी के महासचिव ओरबिंद नायक ने पार्टी की रणनीति और एजेंडा के बारे में मीडिया को बताया। उन्होंने कहा कि भारत राजनीति पार्टी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में 5 से 12 राज्यों में अपने प्रत्याक्षी उतारेगी। इसके अलावा आंध्र प्रदेश और ओडिशा में होने वाले 2024 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी चुनाव लड़ेगी। लेकिन फिलहाल पार्टी आंध्र प्रदेश और ओडिशा में होने वाले विधान सभा चुनावों पर ज्यादा ध्यान देगी। उन्होंने आगे बताया कि ओडिशा और आंध्र प्रदेश में आम आदमी बहुत परेशान है क्योंकि सत्ता पक्ष की तरफ से उनके सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं किए जाते हैं और हम चाहते हैं कि उन दोनों राज्यों में विकास की गति तीव्र हो। इसलिए पार्टी इन दोनों प्रदेशों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। संगठन के चुनावी एजेंडा बताने के साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि बीआरपी भारत को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर होगा भव्य समारोह

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। वेदों और वैदिक संस्कृति के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए भारत में सुधार आंदोलन की नींव रखने वाले आर्य समाज के संस्थापक, महर्षि दयानंद सरस्वती की इस वर्ष 200वीं जयंती मनाई जा रही है। इस खास अवसर का जश्न मनाने के लिए 10 से 12 फरवरी तक उनके जन्मस्थल टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात में एक भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य समारोह में लाखों आर्य समाज अनुयायियों के उत्सव में शामिल होने के लिए टंकारा आने की संभावना है। दुनिया भर से लाखों अनुयायी आर्य संदेश टीवी चैनल और आर्य समाज के अन्य सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इस भव्य समारोह से जुड़ेंगे। आयोजन के तीसरे दिन, 12 फरवरी को, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। महर्षि के इस स्मरणोत्सव में दुनिया के अलग अलग कोनों से दो करोड़ से ज्यादा आर्य समाज के वे सदस्य शामिल होंगे जो वैश्विक स्तर पर महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं का प्रतीक है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद

**पत्रांकः 38/पंचायत/पंचम राज्य वित्त/15वाँ वित्त/ओ ०डी०एफ० प्लस फेज–2/निविदा/2023–24** **दिनांक 05–02–2024**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी विकास खण्ड लोनी में निम्न कार्य हेतु पंचम राज्य वित्त आयोग/ 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत शील्ड बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। इच्छुक फर्म अपनी निविदायें शील्डबन्द लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06–02– 2024 से दिनांक 12–02–2024 दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदायें दिनांक 12–02–2024 को सॉय 3 बजे उसी दिन अधिकारी/आपूर्तिकर्ताओं के सम्मुख खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य का माप | कार्य की अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी (10%) | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी में बारात घर की मरम्मत का कार्य | 1.00 जॉब | 402200.00 | 40220.00 | 410.00 | 15 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी में बारात घर के प्रांगण में मिट्टी भराव का कार्य | 65.00X32X32.00 | 215600.00 | 21560.00 | 220.00 | 15 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी में भोला मास्टर के मकान से संदीप के मकान तक इंटरलॉकिंग टाईल्स का कार्य | ल0 20.50 मी0 | 106800.00 | 10680.00 | 110.00 | 15 दिन |

1– अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी/एफ0डी0आर के रूप में जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत मुर्तजाबाद भूपखेडी के नाम से बंधक होगी ।
2– कार्य पी0डब्लू0डी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा।
3– नियमानुसार सभी शासकीय कटोतिया की जाएंगी ।
4– निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।
5– कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा लोनी से ली जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत – मुर्तजाबाद भूपखेडी**
**वि0ख0लोनी गा०बाद**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत–मुर्तजाबाद भूपखेडी**
**वि0ख0लोनी गा०बाद**

## ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत महमूदपुर विकास खण्ड लोनी

**पत्रांकः 24/पंचायत/पंचम राज्य वित्त/15वाँ वित्त/ओ ०डी०एफ० प्लस फेज–2/निविदा/2023–24** **दिनांक 05–02–2024**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महमूदपुर विकास खण्ड लोनी में निम्न कार्य /वांछित वस्तुओं की आपूर्ति हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 (ओ०डी०एफ० प्लस) / 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त कुटेशनों का आंकलन ग्राम पंचायत द्वारा किया गया एवं आपूर्ति हेतु वांछित वस्तुओं की दर । मूल्य का निर्धारण करने के उपरान्त निम्न वांछित वस्तुओं की आपूर्ति हेतु शील्ड बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। इच्छुक फर्म । ठेकेदार अपनी निविदायें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06–02–2024 से दिनांक 12–02–2024 दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में दे सकते हैं। निविदायें दिनांक 12–02–2024 को साँय 3 बजे उसी दिन अधिकारी/आपूर्तिकर्ताओ के सम्मुख खोली जायेगी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य का माप | कार्य की लागत (G-S-T सहित) | अर्नेस्ट मनी (10%) | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 (ओ०डी०एफ० प्लस)/15वां वित्त आयोग | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत महमूदपुर में ई–रिक्शा लोडर की आपूर्ति | हाईलोड्रिक, 500 किलो भार क्षमता, मोटर 1000 वाट, बेट्री 4 लीड एसिड / 1 लीथियमआयन एवं अन्य विशिष्टियाँ विभाग द्वारा स्थापित मानको के अनुसार | 165000.00 (इन्शोरेंस एवं रजिस्ट्रेशन सहित) (5% G-S-T सहित) | 16500.00 | 170.00 | 7 दिन |

1– अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी/एफ0डी0आर के रूप में जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत महमूदपुर के नाम से बंधक होगी।
2– कार्य पी0डब्लू0डी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा।
3– नियमानुसार सभी शासकीय कटोतिया की जाएंगी ।
4– निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।
5– कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा लोनी से ली जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत महमूदपुर**
**विकास खण्ड लोनी**

**सचिव/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत महमूदपुर विकास खण्ड लोनी**

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर-ओमेगा-1 (पी-2) ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक :– वाई.ई.ए./भूलेख/205/2024 दिनांकः 02.02.2024

**सार्वजनिक सूचना**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नियोजित क्षेत्र में आपसी सहमति के आधार पर निम्न काश्तकारों से भूमि क्रय किया जाना प्रस्तावित है:–

**सैक्टर – 29 ग्राम तिरथली व सैक्टर–32 ग्राम वीरमपुर, चकवीरमपुर**

| क्रम सं0 | ग्राम का नाम/सैक्टर | खाता संख्या | गाटा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैक्टर–29 तिरथली | 251 | 48 | 0.2190 | रामचन्द्र सिंह पुत्र बलजीत निवासी ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | सम्पूर्ण भाग | 0.2190 |
| 2. | सैक्टर–29 तिरथली | 278 | 185 | 3.1340 | मनुराज पुत्र राज कुमार नि0 करौली बांगर पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर हाल नि0 बी1–301, क्लेओ काउंटी से0 121 नोएडा। | 1/8 भाग | 0.3917 |
| 3. | सैक्टर–29 तिरथली | 278 | 185 | 3.1340 | सुषमा पत्नी राजकुमार नि0 ग्राम करौली बांगर पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर हाल नि0 बी1–301, क्लेओ काउंटी से0 121 नोएडा। | 1/8 भाग | 0.3917 |
| 4. | सैक्टर–29 तिरथली | 123 | 230 | 0.0760 | अमर सिंह पुत्र नारायन सिंह व रामचन्द्र पुत्र बलजीत व कलुआ व रामजीलाल पुत्रगण मुन्शी नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/3 | 0.0254 |
| 5. | सैक्टर–29 तिरथली | 123 | 230 | 0.0760 | वीरपाल पुत्र देवीराम व योगेश, फूली पुत्रगण नवल सिंह नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/9 | 0.0084 |
| 6. | सैक्टर–29 तिरथली | 218 | 105 | 0.3480 | रामजीलाल पुत्र हरदयाल सिंह, नि0 विशनपुरा सै0 58 नोएडा। हाल नि0 म0न0–ए6–2/8 न्यू कोन्डली पूर्वी दिल्ली। | 870/3480 | 0.0870 |
| 7. | सैक्टर–29 तिरथली | 123 | 230 | 0.0760 | घासीराम निरंजन, महेश पुत्रगण प्यारे नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/9 | 0.0084 |
| 8. | सैक्टर–29 तिरथली | 75 | 333 | 0.5190 | रामवती पत्नी नन्हे नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/4 | 0.1297 |
| 9. | सैक्टर–29 तिरथली | 135 | 372 | 2.6440 | पुनीता गुप्ता पत्नी अरूण गुप्ता नि0 ए–12 अशोक नगर गाजियाबाद। | 843/26440 | 0.0843 |
| 10. | सैक्टर–29 तिरथली | 11 | 318 | 0.7250 | राजकुमार शर्मा पुत्र नन्दलाल शर्मा नि0 ग्राम नगला श्री गोपाल मजरा रबूपुरा पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 1180/7250 | 0.1180 |
| 11. | सैक्टर–29 तिरथली | 207 | 197 | 0.0330 | कन्हैया पुत्र हरी सिंह नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर हाल नि0 बी–82 बलवीर विहार सुलेमान नगर, किरारी, नार्थ वेस्ट दिल्ली। | 1/3 | 0.0110 |
| 12. | सैक्टर–29 तिरथली | 19 | 219 | 1.3210 | अमर सिंह पुत्र नरायन सिंह व रामचन्द्र सिंह पुत्र बलजीत सिंह नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | में से | 0.0390 |
| 13. | सैक्टर–32 चकवीरमपुर | 92 | 4क.<br>158म | 0.0630<br>0.0250 | जगत सिंह पुत्र मिर्चू नि0 ग्राम चकवीरमपुर पर0 व तह0 जेवर गौतमबुद्धनगर | 1/18<br>1/18 | 0.0035<br>0.0014 |
| 14. | सैक्टर–32 चकवीरमपुर | 20<br>18 | 334,<br>340ख<br>358<br>177<br>178/2<br>357 | 0.0890<br>0.5280<br>0.3920<br>0.0630<br>0.0620<br>0.1140 | पिंकी देवी पत्नी विक्रम सिंह नि0 ग्राम चकवीरमपुर पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/8<br>1/8<br>1/8<br>1/8<br>1/8<br>1/8 | 0.0112<br>0.0660<br>0.0490<br>0.0079<br>0.0079<br>0.0143 |
| 15. | सैक्टर–32 चकवीरमपुर | 133 | 328 | 1.5290 | सरफुददीन पुत्र चाहत खाँ नि0 ग्राम नगला हाण्डा माजरा कुरैब तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 1/8 | 0.1911 |
| 16. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 42<br>52<br>66<br>205 | 329<br>323स<br>321<br>324ख<br>323क | 0.4550<br>0.5560<br>0.3410<br>0.3290<br>0.5560 | नईमुददीन पुत्र मान खाँ नि0 ग्राम शाहबेरी तह0 दादरी जिला गौतमबुद्धनगर | 1/6<br>1/15<br>1/36<br>1/36<br>1/15 | 0.0758<br>0.0370<br>0.0142<br>0.0137<br>0.0370 |
| 17. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 198<br>199 | 369म<br>312क | 0.0630<br>0.3790 | रवि उर्फ रविन्दर पुत्र रामभूल नि0 ग्राम वीरमपुर हाल नि0 ए–126 गली नं0 2/9 अम्बिका विहार करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली। | 1/72<br>1/48 | 0.0009<br>0.0079 |
| 18. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 198<br>199 | 369म<br>312क | 0.0630<br>0.3790 | दिनेश पुत्र रामभूल नि0 ग्राम वीरमपुर हाल नि0 म0न0–423 खसरा नं0 33/14 गली नं0 11 फेस 9, शिव विहार, करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली। | 1/72<br>1/48 | 0.0009<br>0.0079 |
| 19. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 322 | 44 | 2.0070 | नरेशपाल पुत्र नानक नि0 ग्राम वीरमपुर पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 2220/2.0070 | 0.2220 |
| 20. | सैक्टर–28 तिरथली | 166,<br>169 | 3<br>18 | 0.3270<br>0.3010 | रामचन्द्र पुत्र नेता नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 2/5<br>9/20 | 0.1308<br>0.1354 |
| 21. | सैक्टर–28 तिरथली | 166,<br>169 | 3<br>18 | 0.3270<br>0.3010 | बलवीर पुत्र नेता नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 2/5<br>9/20 | 0.1308<br>0.1355 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**डिप्टी कलेक्टर, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"1 पूर्व में रामप्रस्थ ग्रीन बिल्डर द्वारा 28 प्लॉट बेचे गए थे जिसमें 3 फ्लोर के हिसाब से 84 मकान बने हुए है जिसका सीवर कनेक्शन लेने के लिए 2019 में अनुमति ली गई थी लेकिन आज तक सीवर कनेक्शन नहीं लिया गया और आज जब अनुमति का समय निकाल चुका तब 4 वर्ष बाद स्थानीय लोगो (नीरज अग्रवाल एवं बृजेश गोयल) ने बिना किसी नई जानकारी/अनुमति बिना लिए सीवर कनेक्शन करना शुरू कर दिया।

**सुनीता दयाल, महापौर**

## डांस करते-करते युवक की मौत

**नोएडा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बरौला गांव में घर पर डांस कर रहा 22 वर्षीय युवक चक्कर आने से नीचे गिर गया और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। युवक की मौत के बाद से घर में मातम पसरा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि 22 साल का आमिल दादरी रोड स्थित पिलर संख्या 21 के पास घर में परिवार के साथ रहता था। बीते शनिवार को रात दस बजे के करीब आमिल दुकान से घर आया और तेज म्यूजिक पर डांस करने लगा। काफी देर तक डांस करने के बाद चक्कर आने से युवक नीचे गिर गया। परिजनों ने जब उसे फर्श पर बेसुध पड़ा देखा तो आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से पुलिस को मीमो प्राप्त हुआ। युवक की मौत के कारणों को जानने का प्रयास पुलिस की टीमें कर रही हैं। डांस करने के दौरान युवक की मौत चर्चा का विषय बनी हुई है। रविवार को मृतक युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुछ समय पहले एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र में दिल्ली निवासी एक इंजीनियर की मौत क्रिकेट खेलने समय हुई थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था।

## नेशन फर्स्ट की अवधारणा की तरह प्राधिकरण फर्स्ट की अवधारणा से कार्य करें अधिकारी : इंदर विक्रम सिंह



**गाजियाबाद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष व जिलाधिकारी इंद्र विक्रम

**■ अनावश्यक व्यय कम करने तथा आय बढ़ाने पर हो फोकस**

सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद जीडीए के अधिकारियों व विभाग अध्यक्षों के साथ बैठक की। परिचय लेने के बाद इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह भारत के नागरिकों के लिए नेशन फर्स्ट की अवधारणा की तरह प्राधिकरण फर्स्ट के कर्तव्य बोध के साथ काम करें। इससे पहले जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्राधिकरण के समस्त कार्य व शासन से संबंधित प्राथमिकताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद उपाध्यक्ष इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि जीडीए के अधिकारी अनावश्यक व्यय को कम करें तथा आय बढ़ाने पर पूरा फोकस करें ताकि जीडीए की आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि वह जीडीए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हमेशा उपलब्ध हैं कोई भी अधिकारी या कर्मचारी उनसे सुलभ मिल सकता है लेकिन इन लोगों को एक ध्यान रखना है कि समस्या के साथ-साथ उसके समाधान का भी रास्ता बताएं। इस बैठक में अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, कार्यवाहक मुख्य अभियंता मानवेंद्र कुमार सिंह, मुख्य वास्तुविद अजय कुमार सिंह, विशेषाधिकारी गुंजा सिंह, वित्त नियंत्रक एके वाजपेई तथा तमाम अधिशासी अभियंता वह सहायक अभियंता मौजूद रहे।

### जीडीए उपाध्यक्ष के रूप में इंद्र विक्रम सिंह का जोरदार स्वागत

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में पद ग्रहण के लिए जब जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह सोमवार को जीडीए मुख्यालय पहुंचे तो वहां पर जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव सीपी त्रिपाठी विशेष अधिकारी गुंजा सिंह ने गर्म जोशी के साथ बुके देकर स्वागत किया। इसके अलावा विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजी.संघ शाखा गाजियाबाद अध्यक्ष ज्ञान



प्रकाश द्विवेदी ने उपाध्यक्ष का स्वागत किया। वित्त सचिव इंजी मनोज गर्ग, अतिरिक्त महासचिव नरेंद्र मारकंडे, इंजी सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी इंदर विक्रम सिंह ने जीडीए का भी पदभार संभाला

**गाजियाबाद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के तबादले के बाद सोमवार को जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का चार्ज संभाल लिया। 2010 बैच के आईएएस अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने हाल ही में जिला अधिकारी का पदभार भी ग्रहण किया था। आज वह जीडीए कार्यालय पहुंचे और उन्होंने जीडीए

**■ लंबित परियोजनाओं को दी जाएगी गति**

का पदभार भी ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता ही उनकी प्राथमिकता होगी और जनहित सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद का विकास उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि जीडीए के जितने भी लंबित प्रोजेक्ट है सबको गति दी जाएगी। साथ ही समय सीमा का भी ध्यान रखा जाएगा। जीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि शहर का विकास मास्टर प्लान के मानकों के अनुरोध होगा। प्रवर्तन कार्याको



प्रभावी ढंग से अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मधुबन बापूधाम योजना का भी समीक्षा करके उसको गति दी जाएगी। साथ ही बुनकर मार्ट के कार्य में भी तेजी लाकर उसे जल्द से जल्द पूर्ण किया जाएगा। ताकि पात्रों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जन समस्याएं सुनने के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे साथ मंगलवार और गुरुवार को जीडीएसी कार्यालय में बैठकर जीडीए से संबंधित कार्य को संपादित करेंगे। उन्होंने आज अधिकरियों के साथ बैठक की और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ. सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव सीपी त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### वेयरहाउस से पांच आईफोन चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-67 स्थित एक वेयरहाउस से चोर पांच आईफोन चोरी कर फरार हो गए। चोरी हुए आईफोन की कीमत चार लाख 34 हजार 500 रुपए बताई जा रही है। फेज तीन पुलिस को दी शिकायत में यूसेन लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एक्जीक्यूटिव के पद पर तैनात अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि उनकी कंपनी अमेजन कार्पोरेशन का कार्यभार संभालती है। कंपनी का बेसिक काम वेयरहाउस का रखरखाव और देखरेख करना होता है। बीते दिनों कंपनी का स्टॉक चेक करने पर पाया गया कि वेयरहाउस से पांच आईफोन चोरी हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं। इसमें कंपनी में कार्यरत किसी कर्मचारी की संलिप्तता जाहिर की जा रही है। वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**नोएडा।** चोटपुर कॉलोनी से चोर एक व्यक्ति के घर के बाहर से उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब पीड़ित सोकर उठा तो देखा कि मोटरसाइकिल गायब है। काफी तलाश करने के बाद भी जब मोटरसाइकिल नहीं मिली तो पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-63 पुलिस से की। शिकायत में विपिन कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके घर से बाहर से रात में मोटरसाइकिल चोरी कर ली।

### ठगों ने मोबाइल हैक कर खाते से निकाले एक लाख

**नोएडा।** साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति का मोबाइल हैक कर खाते से 99 हजार 999 रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज देखने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-24 पुलिस से की। शिकायत में सेक्टर-22 निवासी राजेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों वह ड्यूटी समाप्त कर घर लौटे और सो गए। नींद से उठने के बाद जब उन्होंने अपना मोबाइल देखा तो उसपर खाते से करीब एक लाख रुपए निकलने का मैसेज था। इसके बाद राजेश भागकर बैंक पहुंचे और वहां के कर्मचारियों से अपनी समस्या बताई। आरोप है कि बैंक कर्मियों ने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करने को कहा। कई दिन तक जब शिकायतकर्ता की कहीं सुनवाई नहीं हुई तो उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित का दावा है कि उसने बैंक संबंधी जानकारी या ओटीपी किसी से साझा नहीं की, इसके बावजूद उसके साथ ठगी हो गई। ठगी गई रकम पीड़ित के कई महीने की जमा पूंजी थी। जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उसकी जानकारी जुटा रही है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** घरों से सामान और टावरों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को सेक्टर-39 पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान तूफानी गुप्ता और राजकुमार के रूप में हुई है। गिरोह के दो बदमाशों को पूर्व में दबोचा जा चुका है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आए बदमाशों का एक संगठित गिरोह है जो रेकी करने के बाद घरों और टावरों से चोरी करता है। तूफानी और राजकुमार गैंगस्टर एक्ट में वांछित थे और लंबे समय से फरार चल रहे थे। इनके खिलाफ नोएडा के अलावा एनसीआर के अन्य शहरों में भी केस दर्ज हैं। पुलिस बदमाशों की चल और अचल संपत्ति का पता लगा रही है कि ताकि उसे कुर्क किया जा सके।

## पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों से नगर आयुक्त ने सीधी बात कर जानी जमीनी हकीकत

**गाजियाबाद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद के पी डी डूडा व नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रविवार को डुडा विभाग का औचक निरीक्षण किया, तथा स्ट्रीट वेंडर्स से सीधी बात

**■ रेहड़ी पटरी व्यापारियों को ऋण मुहैया कराने में बैंकर्स तथा अधिकारी करें विशेष सहयोग : विक्रमादित्य सिंह मलिक**

कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभ के बारे में जानकारी ली गई। मौके पर इस्लामनगर, पटेल नगर, केला भट्टा, प्रेम नगर पसोंडा इत्यादि क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडर मौजूद रहे। जिनके द्वारा प्रथम ऋण प्राप्त हो चुका है तथा द्वितीय लोन की तैयारी के लिए प्रक्रिया चल रही है अवगत कराया गया। विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लाभार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए रेहड़ी, पटरी व्यापारियों के परिवार जनों के बारे में भी जानकारी ली। किस प्रकार का व्यापार कर रहे हैं विस्तृत जानकारी ली। संचालित योजना की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी या बैंकों के माध्यम से किसी प्रकार



की परेशानी ना हो इसके बारे में भी विस्तृत चर्चा। लाभार्थियों द्वारा तीन चरण में पी.एम. स्वनीधी योजना का लाभ लिया जा रहा है, प्रथम किस्त 10000 की इसको चुकाने के बाद दूसरी किस्त 20000 की तथा इसको चुकाने के बाद अंतिम तृतीया लोन 50 हजार की है। जिसके लिए उत्साह पूर्वक रेहडी पटरी व्यापारी अपना व्यापार चला रहे हैं तथा सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। नगर आयुक्त द परियोजना अधिकारी संजय पथरिया व अन्य टीम को भी रेडी पटरी व्यापारियों का सहयोग करने के निर्देश दिए कम समय में समस्त कार्रवाई पूर्ण करते हुए बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए ऋण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

## बिल्डर को अवैध रूप से सीवर कनेक्शन देने का मामला, महापौर ने किया मौके का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। वसुंधरा जोन में बिल्डर को अवैध कनेक्शन दिए जाने को महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य ने गंभीरता से लिया है। आज महापौर ने जहां मौका मुआयना किया, वहीं नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को मामले की जांच कर बिल्डर के खिलाफ सख्त करवाई के निर्देश दिए हैं।

वार्ड 94 ए ब्लॉक रामपुरी में बिल्डर द्वारा बनाई गई कॉलोनी के अवैध रूप से सीवर कनेक्शन को नगर निगम की लाईन में जोड़ने की शिकायत पर महापौर सुनीता दयाल ने तत्काल कार्य रुकवाते हुए आज नगर निगम अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची। सुनीता दयाल ने बताया कि 1 पूर्व में रामप्रस्थ ग्रीन बिल्डर द्वारा 28 प्लॉट बेचे गए थे जिसमें 3 फ्लोर के हिसाब से 84 मकान बने हुए है जिसका सीवर कनेक्शन लेने के लिए 2019 में अनुमति ली गई थी



**■ अवैध सीवर कनेक्शनों की जांच करे जल कल विभाग, हो कड़ी कार्रवाई : नगर आयुक्त**

लेकिन आज तक सीवर कनेक्शन नहीं लिया गया और आज जब अनुमति का समय निकाल चुका तब 4 वर्ष बाद स्थानीय लोगो (नीरज अग्रवाल एवं बृजेश गोयल) ने बिना किसी नई जानकारी/अनुमति बिना लिए सीवर कनेक्शन करना शुरू कर दिया। जिसको लेकर स्थानीय लोगो ने पार्षद को सूचना दी और पार्षद शशी खेमका ने फोन वार्ता से प्रकरण से अवगत कराया। महापौर ने तत्काल नगर निगम की जलकल की टीम को मौके पर भेजा और कार्य बंद कराया ताकि भविष्य में सीवर लाईन में ज्यादा ड्रेन के कारण सीवर ओवरफ्लो की स्थिति उत्पन्न न हो सके। उसके उपरांत आज निगम की टीम से साथ स्वयं मौके पर पहुंची ओर सीवर के पाई को उखाड़वाया साथ ही गड्ढे भरवाए। महापौर ने निर्देश दिए कि पुरानी अनुमति को निरस्त करें, बिल्डर को नोटिस दिया जाए और रोड कटिंग का पैसा जमा कराया जाए या स्वयं बिल्डर रोड का निर्माण कराए।इस दौरान पार्षद कृष्ण कुमार खेमका, जीएमजल के पीआनंद, सहायक अभियंता ओम प्रकाश, अवर अभियंता सोमेन्द्र प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## लाखों रुपये हड़प लिए, फ्लैट की रजिस्ट्री भी नहीं की

**नोएडा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-113 स्थित सुपरटेक नॉर्थ आई में फ्लैट बेचने के नाम पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति से लाखों रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के निर्देश पर दो सगे भाइयों सहित तीन आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज किया गया है। नरेला नई दिल्ली निवासी राहुल ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह संयुक्त अरब में नौकरी करता है। वर्ष 2014 में उसके पड़ोस में रहने वाले कुश शर्मा व लव शर्मा से मुलाकात हुई। दोनों भाइयों ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला नरेंद्र कुमार नोएडा के सेक्टर 113 स्थित सुपरटेक नॉर्थ आई में अपना एक फ्लैट बेचना चाह रहा है। इसके बाद वह तीनों लोगों के साथ नोएडा आए और फ्लैट देखने के बाद उसे खरीदने का सौदा किया। फ्लैट का सौदा 25 लाख रुपए में तय हुआ और उसने बतौर बयाने के 5 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद उसने नरेंद्र को 1370000 उसके खाते में ट्रांसफर किया पैसे देने के बाद उसने फ्लैट की रजिस्ट्री करने को कहा तो आरोपियों ने लॉकडाउन लगा होने की बात कह कर टाल दिया।

## ग्रेनो वेस्ट मेट्रो को बोर्ड से मिला अप्रूवल, शासन को भेजा गई

**नोएडा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा से ग्रेनो वेस्ट रूट पर चलने वाली मेट्रो लाइन की संशोधित डीपीआर को सोमवार को नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन-एनएमआरसी-बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। अब इस डीपीआर को नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण बोर्ड से मंजूरी के बाद यूपी सरकार को भेजा जाएगा। इस रूट पर 11 स्टेशन बनाए जाएंगे। यह रूट एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। एक्वा लाइन पर सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो चल रही है। एनएमआरसी अधिकारियों का दावा है कि इस रूट पर मेट्रो चलने से 130 मीटर रोड पर लग रहे जाम में कमी आएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने पर 2991 करोड़ 60 लाख रुपए का खर्चा आएगा। रूट बढ़ने व दो स्टेशन अतिरिक्त बनने से इसकी लागत करीब 794 करोड़ रुपए बढ़ गई है। अब इस रूट की लागत 2991 करोड़ रुपए तय की गई है। पहले 2197 करोड़ रुपए तय किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो चलने की शुरूआत में करीब सवा लाख राइडरशिप इस रूट पर रहेगी। इस बार मेट्रो का जो रूट बनाया गया है वह पहले के मुकाबले करीब ढाई किलोमीटर लंबा है। पहले 14 प्वाइंट 958 किलोमीटर लंबा रूट बनाया गया था जो अब 17 प्वाइंट 435 किलोमीटर लंबा हो गया है। इस रूट पर अब सेक्टर-61 स्टेशन पर दिल्ली से आ रही ब्लू और ग्रेनो वेस्ट जाने एक्वा मेट्रो लाइन जुड़ जाएगी। लोगों को मेट्रो बदलने के लिए नीचे नहीं उतरना पड़ेगा। ऐसे में यह इंटरचेंज स्टेशन बनेगा। अब लोगों को दिल्ली जाने के लिए मेट्रो लेने को सेक्टर-51 पर नीचे उतरकर पैदल चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सेक्टर-61 से बिना उतरे दिल्ली की ओर जा सकेंगे।

### ये होंगे मेट्रो स्टेशन

**सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से सीधे चलकर**

- सेक्टर-61 स्टेशन
- सेक्टर-70 स्टेशन
- सेक्टर-122
- सेक्टर-123
- सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-12 इकोटेक
- सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-3, ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-10 ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-12 ग्रेटर नोएडा
- नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा

## सरकार का 70 करोड़ हजम करके बैठे हैं एक ही जिले के लोग, आरसी जारी होगी

**नोएडा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। सरकार चाहे जितना भी प्रयास कर ले किन्तु टैक्स चोर बाज नहीं आते हैं। टैक्स चोरी का एक ताजा उदाहरण उत्तर प्रदेश के नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सामने आया है। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा को मिलाकर बने गौतमबुद्धनगर जिले में कॉमर्शियल वाहन (व्यवसायिक गाडियां) चलाने वाले लोग अकेले परिवहन विभाग का 70 करोड़ रूपए हजम करके बैठे हुए हैं। नोएडा का एआरटीओ कार्यालय अब इन वाहन मालिकों के विरूद्ध रिकवरी सर्टीफिकेट जारी करके बकाया राशि की वसूली का प्रयास करेगा। नोएडा में स्थित परिवहन विभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा को मिलाकर बने गौतमबुद्धनगर जिले में संचालित 10 हजार से अधिक व्यावसायिक वाहनों पर टैक्स बकाया 70 करोड़ रुपए में से महज 10 करोड़ रुपए ही एआरटीओ कार्यालय में जमा हुआ है। वाहनों पर करीब 40 करोड़ टैक्स और उसपर लगने वाली करीब 30 करोड़ पेनल्टी लगाई गई है। अब टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ परिवहन विभाग आरसी जारी करने की तैयारी कर रहा है। जिले में एक लाख से अधिक कॉमर्शियल वाहन संचालित हो रहे हैं। इनमें से 10 हजार से अधिक वाहन संचालकों ने विभाग में जमा किए जाने वाला टैक्स नहीं भरा है। ऐसे वाहन स्वामियों की विभाग सूची तैयार कर रहा है। उनके खिलाफ आरसी जारी की जाएगी। इसके बाद भी यदि वाहन स्वामी नहीं मानते हैं तो उनका पंजीकरण निलंबित किया जाएगा।

## जिले की चार ग्राम पंचायतों ने पेश किया टीबी मुक्त होने का दावा

**नोएडा,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत तेजी से प्रयास चल रहे हैं। इसी क्रम में जनपद में चार ग्राम पंचायतों की ओर से टीबी मुक्त पंचायत के लिए दावा पेश किया गया है। इसमें दो पंचायत दादरी ब्लॉक और दो पंचायत जेवर ब्लॉक की हैं। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद की जिन चार पंचायतों की ओर से दावा प्रस्तुत किया गया है उनमें तीन में टीबी का एक भी मरीज नहीं है, केवल एक पंचायत में टीबी का एक मरीज है। उन्होंने बताया कि दादरी ब्लॉक की दो पंचायत उपरालसी व गुलावठी खुर्द, जेवर ब्लॉक की दो पंचायत चचूरा व दिलेरपुर की ओर से टीबी मुक्त पंचायत का दर्जा हासिल करने के लिए दावा पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि दादरी की उपरालसी पंचायत में 1388 की आबादी में केवल एक टीबी मरीज मिला है, जबकि गत वर्ष

**■ निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने पर मिलेगा टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र**

यहां टीबी सक्सेस रेट सौ प्रतिशत था। इसके अलावा यहां दवा वितरण, निक्षय पोषण योजना, न्यूट्रिशन सपोर्ट में भी उपलब्धि सौ प्रतिशत रही। 1469 की आबादी वाली गुलावठी खुर्द पंचायत में एक भी टीबी रोगी नहीं है। इसी तरह जेवर ब्लॉक की दो पंचायत चचूरा व दिलेरपुर में टीबी का एक भी रोगी नहीं है। चचूरा की आबादी 2005 व दिलेरपुर की आबादी 207 है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर.पी सिंह ने बताया कि जिला पंचायती राज अधिकारी की ओर से टीबी मुक्त पंचायत का दावा पेश किये जाने के बाद सत्यापन का कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। 15 फरवरी तक सत्यापन कर लिया जाएगा। उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी कर इन्हें टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने की प्रक्रिया**

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप ब्लाक स्तर से टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का दावा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पंचायती राज विभाग के माध्यम से जिला क्षय रोग अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना है। जिला क्षय रोग अधिकारी ब्लाक स्तर से प्रस्तुत दावों का परीक्षण करने के बाद उपयुक्त पायी गई ग्राम पंचायतों की सूची जिला पंचायती राज अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

### डॉ. बीपी त्यागी ने वीके सिंह के बयान पर हैरत जताई

## कहा, कब मिलेगा गाजियाबाद के लोगों को इलाज

**गाजियाबाद,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी व वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपी त्यागी ने केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद जनरल वीके सिंह के उस बयान पर हैरत जताई है जिसमें उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद में एम्स बनेगा। डॉ. त्यागी ने कहा है कि वीके सिंह का यह बयान केवल हवाबाजी है। चूंकि वर्तमान ने गाजियाबाद के अस्पतालों में कैंसर व अन्य बीमारियों के मरीजों के लिए इलाज उपलब्ध नहीं है और उन्हें यहां से रेफरल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।डॉ. त्यागी ने सवाल किया है कि क्या जनप्रतिनिधि मोदी जी की छवि को ख़राब करना चाहते है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेफर का मुद्दा देश का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा है कि पूर्व में भी वीके सिंह गाजियाबाद में 4 हॉस्पिटल बनवाने की घोषणा की थी। जिसमें दुंडाहेरा -100 बेड, खोड़ा -100 बेड, भोपुरा -5प बेड तथा लोनी 950 बेड थे। साथ ही सरकार भी हर जिले में मेडिकल कॉलेज की घोषणा कर चुकी थी। जिसमें गाजियाबाद का भी नाम था।



डॉ. त्यागी ने कहा है कि सरकारी हॉस्पिटल संजयनगर में डीएनबी की डिग्री शुरू होगी जो मनकों के हिसाब से असंभव लगती है। गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि कब तक माननीय मोदी जी व योगी जी की योजनाओं को धरातल पर उतार पायेंगे यह असंभव सा लगता है। जनप्रतिनिधियों को अपने कार्य क्षेत्र में अपने काम गिनाने के लिए बोला जाता है तो वह सेंटर गवर्नमेंट के काम गिनाते है और गाजियाबाद के अपर सवाल पूछने पर अपना चेहरा छुपाते नजर आते है।

गाजियाबाद की जनता ये कब तक बर्दाश्त करेगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि बिना झिझक गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों के कार्यों के बारे में माननीय मोदी जी व योगी जी को सोशल मीडिया के ज़रिये जानकारी दे। गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों को जमीनी स्तर पर कार्य करना ही पड़ेगा।

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 6 फरवरी 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# चंपाई सोरेन की जीत, भाजपा की बड़ी पराजय

झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विश्वास मत हासिल करना भारतीय जनता पार्टी की कई मोर्चों पर बड़ी पराजय है। 31 जनवरी को जब वहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया था, तो उसके पहले ही हेमंत सोरेन ने पद से इस्तीफा देकर अपने विश्वसनीय चंपाई सोरेन को विधायक दल का नेता बना दिया था। यह अलग बात है कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने में पूरे 3 दिन लिये और तत्काल बहुमत हासिल करने को कह दिया। सोमवार 5 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सरकार ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर, जिसमें कांग्रेस 16 सदस्यों के साथ सबसे बड़ी सहयोगी है, बहुमत हासिल कर लिया। झारखंड विकास मोर्चा, राजद एवं सीपीआई (एमएल) के 1-1 सदस्य हैं। 81 सदस्यीय सदन में एक सीट रिक्त है। इस तरह गठबन्धन के 48 सदस्य हैं। बहुमत पाने के लिये 41 सदस्य चाहिये- उसे 47 मिले। भाजपा व उसकी सहयोगी पार्टियों के पास 32 सदस्य हैं परन्तु उसके 29 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोट डाले। एक सदस्य लम्बे समय से बीमार हैं।

चंपाई सोरेन की जीत का अनेक मायनों में महत्व है। पहला तो यह कि भाजपा का जेएमएम व गठबन्धन को तोड़ने का प्रयास वैसा सफल नहीं हो पाया जिस प्रकार से उसने हाल ही में बिहार में किया है। ईडी के जरिये 'ऑपरेशन लोटस' का षडयंत्र पूरी तरह से नाकाम हो गया। इतना ही नहीं, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का डर इसलिये खत्म होता नज़र आता है क्योंकि विश्वास मत के दौरान सदन में अपने भाषण में चंपाई सोरेन ने साफ कर दिया कि उन्हें 'हेमंत सोरेन-2' के रूप में ही जाना जाये। दूसरी तरफ ईडी की हिरासत में लाये गये हेमंत सोरेन ने सदन में बेखौफ कहा कि 'ईडी उन लोगों का बाल भी बांका नहीं कर पाती जो जनता का लाखों करोड़ों रुपये डकारकर विदेश भाग गये हैं।' सबसे बड़ी बात तो यह है कि इंडिया गठबन्धन एकजुट रहा। भाजपा की कोशिशें थीं कि कुछ लोगों को तोड़कर भाजपा की सरकार बनाई जाये। सांसद निशिकांत दुबे का यह दावा भी खोखला साबित हो गया जिसमें उन्होंने कहा था कि जेएमएम के 18 विधायक पाला बदल सकते हैं।

इस अवसर पर लोग बिहार के बरक्स झारखंड के घटनाक्रम को देख रहे हैं जिसमें साफ है कि तमाम राज्यपाल भाजपा के इशारे पर काम करते हैं। नीतीश कुमार ने 28 जनवरी की सुबह 11 बजे राष्ट्रीय जनता दल के साथ चलाई जा रही सरकार से इस्तीफा दिया, उन्हें उसी शाम 5 बजे भाजपा के साथ बनाई सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी गयी। उन्हें विश्वास मत हासिल करने के लिये भी पर्याप्त समय दिया गया है। एक ही सरकार के दो राज्यपालों द्वारा दो तरह के नियम लागू करना भाजपा के लोकतंत्र विरोधी रवैये को तो साबित करता ही है, उससे यह भी साबित होता है कि सत्ता पाने के लिये भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि ना-नुकुर के साथ 3 फरवरी को चंपाई सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई गयी, उसके तत्काल बाद राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में भाग लेने के लिये नए मुख्यमंत्री गोड्डा पहुंचे थे। वहां उनका पहुंचना और अब सदन में कांग्रेस का जेएमएम के साथ खड़ा होना बतलाता है कि गठबन्धन अटूट है। उसके सदस्य अब केन्द्रीय जांच एजेंसियों के डर से बाहर निकल चुके हैं। इसका असर उन राज्यों की गैर भाजपायी सरकारों पर भी सकारात्मक ही पड़ेगा जिन्हें गिराने की कोशिशें भाजपा करती आ रही है। इनमें मुख्यत: दिल्ली की अरविंद केजरीवाल की सरकार कही जा सकती है। उसके तीन मंत्री व एक सांसद पहले से ही ईडी की कार्रवाई से जेल की सलाखों के पीछे हैं तो वहीं मुख्यमंत्री केजरीवाल तथा शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। चंपाई सोरेन के जरिये हेमंत सोरेन को मिली जीत से सभी का मनोबल बढ़ेगा।

ऑपरेशन लोटस के माध्यम से झारखंड की गठबंधन सरकार को हटाकर अपनी सरकार बनाने के मंसूबे ध्वस्त होने से भी भाजपा के रवैये में कोई फर्क नहीं आयेगा- ऐसा उसके ट्रैक रिकार्ड को देखकर कहा जा सकता है। कई राज्यों में चुनी हुई सरकारों को अनैतिक तरीकों से गिराने वाली भाजपा की सत्ता लोलुपता जगजाहिर है। वह तो अपना रास्ता बदलने से रही पर यह एक ऐसा अवसर है जब स्वयं जांच एजेंसियों को अपनी साख फिर से प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिये। भाजपा सरकार के गैरकानूनी आदेशों को मानने तथा संसदीय प्रक्रिया में भाजपा का हाथ बंटाने की बजाये निष्पक्ष रूप से उसे काम करना चाहिये-यह भी झारखंड एपीसोड की एक सीख हो सकती है।

बहरहाल, भाजपा को चाहिये कि वह ऐसे गैर वाजिब कामों से बाज आये और देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम करने की जिम्मेदारी ले, क्योंकि वही सत्तारुढ़ है और यही उसका उत्तरदायित्व है। जनतंत्र में सभी राजनैतिक दलों को भयरहित होकर काम करने तथा अपने विस्तार का माहौल मिलना चाहिये। चुनी हुई सरकारों को गिराना या उन्हें अस्थिर करना किसी भी देश के लिये निकृष्टतम कार्य ही कहा जायेगा। भाजपा ने जो कांग्रेस मुक्त या विपक्ष मुक्त भारत की अवधारणा बना रखी है, वह निहायत लोकतंत्र विरोधी है। झारखंड में ईडी के जरिये निर्वाचित सरकार को गिराने में नाकाम रही भाजपा को लोकतंत्र का ककहरा फिर से पढ़ने की ज़रूरत है। झारखंड में मिली नाकामी से वह कई सबक एक साथ ले सकती है, अगर लेना चाहे तो।

# आसरा तिकड़मों का और दावे वॉकओवर के

झारखंड में आखिरकार, चम्पाई सोरेन की सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। वास्तव में इसमें अगर किसी को संदेह रहा भी होगा तो रांची हाई कोर्ट के हेमंत सोरेन को विश्वास मत के लिए विधानसभा में उपस्थित रहने और मतदान में हिस्सा लेने की इजाजत देने के बाद, दूर हो गया होगा। हेमंत सोरेन की एक पुराने भूमि संबंधी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद, राज्य में अगर ज्यादा बड़ी राजनीतिक उठा-पटक टल गयी है और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में एक प्रकार से इंडिया गठबंधन की सरकार बनी रह सकी है, तो ऐसा कम से कम इसलिए हर्गिज नहीं हुआ है कि देश में सत्ता में बैठी भाजपा ने, ईडी की एक पदासीन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी जैसी असाधारण कार्रवाई का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश नहीं की थी। बेशक, यह मानने के लिए बहुत ही ज्यादा भोला होना जरूरी होगा कि ईडी ने सत्ता के शीर्ष पर बैठे भाजपा नेताओं के इशारे के बिना ऐसी असाधारण कार्रवाई की होगी और वह भी किन्हीं अकाट्य साक्ष्यों के बिना ही। बहरहाल, यहां हम ईडी की इस कार्रवाई की वैधता के सवाल में न जाकर, इसी का ध्यान दिलाने तक खुद को सीमित रखेंगे कि भाजपा नेता अर्जुन मुंडा के दावे के विपरीत, ईडी के इस कदम के स्वाभाविक परिणाम के तौर पर, झारखंड सरकार के स्तर पर आने वाली राजनीतिक अस्थिरता का फायदा उठाने की भाजपा ने हरेक संभव कोशिश की थी।

बेशक, यह कोई संयोग ही नहीं है कि हेमंत सोरेन के ईडी की इस कार्रवाई का सामना करने के लिए अपनी ओर से तैयारी के हिस्से के तौर पर, झारखखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद तथा सीपीएमएल विधायक मंडल के नये नेता के रूप में चंपाई सोरेन का चुनाव करने के बाद, औपचारिक गिरफ्तारी से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के साथ ही, बहुमत के समर्थन के साथ नयी सरकार के गठन का दावा पेश किए जाने के बावजूद, मोदी राज द्वारा नियुक्त राज्यपाल ने नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रण देने में छत्तीय घंटे से ज्यादा लगा दिए। यह इसके बावजूद था कि इससे चंद रोज पहले ही, बगल में बिहार में नीतीश कुमार के पल्टी मारकर दोबारा भाजपा की गोद में जा बैठने की सूरत में, महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में उनके इस्तीफे और एनडीए सरकार सरकार के गठन के लिए आमंत्रण के बीच, चंद घंटे भी नहीं लगे थे। इस तरह, जाहिर है कि भाजपा को अपने स्पष्ट अल्पमत को बहुमत में तब्दील करने की जोड़-तोड़ के लिए समय देने के लिए ही, राज्यपाल ने झारखंड को पूरे दो दिन, वैध निर्वाचित सरकार के बिना ही गुजारने पर मजबूर कर दिया। हैरानी की बात नहीं है कि इस सब के सामने, अपने स्पष्ट बहुमत को अल्पमत में तब्दील कर, अवैध हथकंडों से अपनी सरकार ही चुराए जाने से बचाव के राज्य में सत्ताधारी गठबंधन को, अपने 39 विधायकों को हैदराबाद पहुंचाना पड़ा था, ताकि अवैध चोरी से अपने विधायकों की हिफाजत कर सके।

लेकिन, आखिरकार भाजपा का कोई पैंतरा काम नहीं आया और मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के दो दिन में ही चंपई सोरेन ने विधानसभा में 47 सदस्यों का समर्थन साबित कर दिया, जबकि बहुमत के लिए उन्हें सिर्फ 41 वोट की जरूरत थी। इस तरह, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भिजवाने के बावजूद, भाजपा झारखंड में किसी तरह से सरकार हथियाने में ही नाकाम नहीं रही है, झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से अधिकतम को कब्जाने का उसका एक बड़ा दांव भी विफल हो गया है। याद रहे कि झारखंड की कुल 14 संसदीय सीटों में से 2019 में भाजपा खुद 11 सीटों पर कब्जा करने में कामयाब रही थी, जबकि एक सीट उसकी सहयोगी एजेएसयू के हिस्से में आयी थी। दूसरी ओर, वर्तमान इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधित्व कर रही झामुमो और कांग्रेस के हिस्से में दो सीटें ही आयी थीं। लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद हुए विधानसभाई चुनाव में, भाजपा बुरी तरह हार गयी थी और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी थी। कहने की जरूरत नहीं है कि राज्य से लोकसभा सीटों में उल्लेखनीय कमी की आशंकाओं को कम करने की कोशिश में ही, झारखंड की विपक्षी सरकार को अस्थिर करने का पूरा खेला रचाया गया था।

सभी जानते हैं कि कुछ भिन्न रूप में ऐसा ही खेला इससे ठीक पहले, बगल बिहार में सफलता के साथ रचाया गया था। इस खेल में भाजपा ने, नीतीश कुमार की पल्टी के जरिए, एक प्रकार से उस गठजोड़ को ही दोबारा हासिल करने की कोशिश की है, जिसके सहारे 2019 के चुनाव में उसका गठजोड़ राज्य की चालीस में से कुल 39 सीटों पर काबिज हो गया था, हालांकि खुद भाजपा के हिस्से में 17 सीटें ही आयी थीं। महागठबंधन की सरकार बनने के साथ, बिहार का लोकसभा चुनाव भी भाजपा को अपने हाथ से पूरी तरह से निकल गया नजर आ रहा था और ठीक इसीलिए, नीतीश कुमार के लिए 'बाइ बैक' की पेशकश के जरिए, भाजपा ने महागठबंधन तथा उसकी सरकार को साम-दाम-दंड-भेद के सभी हथकंडों को आजमा कर तुड़वाया है। बेशक, संघ-भाजपा का यह पैंतरा भी बहुत कामयाब शायद ही हो क्योंकि 2019 के बाद से बिहार में गंगा में बहुत पानी बह चुका है और पिछले विधानसभाई चुनाव में नीतीश-भाजपा गठजोड़ को ही, राजद के नेतृत्व में महागठबंधन ने करीब-करीब हरा ही दिया था। बहरहाल, बिहार में संघ-भाजपा के इस पैंतरे का उन्हें खास फायदा भले ही हो या नहीं हो, इस पैंतरे का आजमाया जाना, लोकसभा चुनाव को लेकर इस जोड़ी की आशंकाओं को तो दिखाता ही है। बिहार से पहले, कुछ भिन्न रूप में यही खेल महाराष्ट्र में खेला गया था।

उधर विपक्ष शासित कर्नाटक में संघ-भाजपा ने बदहवासी में, जद एस का दरवाजा जा खटखटाया है। लोकसभा चुनाव में पलड़ा अपने खिलाफ झुकने की आशंका से भाजपा इतनी ज्यादा भरी हुई है कि उसने आनन-फानन में गठबंधन के हिस्से के तौर पर जद एस के लिए इस राज्य में लोकसभा की चार सीटें छोड़ने का ऐलान कर दिया, जबकि 2019 के चुनाव में भाजपा ने इस राज्य की कुल 28 में से 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। अनुमान तो इसके भी लगाए जा रहे हैं कि तेलंगाना में भी, जहां पिछले ही दिनों हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत दर्ज करायी है और बीआरएस को सत्ता से बाहर कर दिया है, पर्दे के पीछे से भाजपा उसके साथ सौदा करने की तैयारी में है, जिससे राज्य की कुल 17 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस की सीटों को कम से कम संख्या पर सीमित कर सके। 2019 में बहुकोणीय मुकाबले में भाजपा तुक्के से चार सीटें जीत गयी थी।



राजेंद्र शर्मा

> विपक्ष शासित कर्नाटक में संघ-भाजपा ने बदहवासी में, जद एस का दरवाजा जा खटखटाया है। लोकसभा चुनाव में पलड़ा अपने खिलाफ झुकने की आशंका से भाजपा इतनी ज्यादा भरी हुई है कि उसने आनन-फानन में गठबंधन के हिस्से के तौर पर जद एस के लिए इस राज्य में लोकसभा की चार सीटें छोड़ने का ऐलान कर दिया, जबकि 2019 के चुनाव में भाजपा ने इस राज्य की कुल 28 में से 25 सीटों पर जीत हासिल की थी।

कई राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार, कुछ और भिन्न रूप में ऐसा ही खेल संघ-भाजपा द्वारा बंगाल में भी खेला जा रहा है, जहां भाजपा त्रिकोणीय मुकाबले में 2019 में राज्य की कुल 42 सीटों में से 18 पर काबिज हो गयी थी, जबकि तृणमूल कांग्रेस को 22 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। तृणमूल कांग्रेस की रीति-नीति के चलते, इस राज्य में भाजपा के मुकाबले विपक्ष का एक ही उम्मीदवार रहने की संभावना तो खैर कभी भी नहीं थी। तृणमूल और वाम मोर्चा, एक साथ आ ही नहीं सकते थे। बहरहाल, ऐसा माना जा रहा है कि ईडी, सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर, भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को इंडिया की शेष पार्टियों के खिलाफ, सक्रिय रूप से युद्ध ही छेड़ने के लिए तैयार कर लिया है। और तो और ममता बैनर्जी ने यह तक कह दिया है कि चुनाव के बाद उनकी पार्टी क्या रुख लेगी, यह चुनाव के बाद ही तय होगा! जाहिर है कि भाजपा को इसमें दो तरह से लाभ की उम्मीद होगी—तीखा त्रिकोणीय मुकाबला और उसके खिलाफ तृणमूल के हमले की धार में कमी।

दो अन्य विपक्ष शासित राज्यों—तमिलनाडु और पंजाब—में भाजपा ने अपने बिछुड़े हुए सहयोगियों को संधि पत्र भेजने शुरू कर दिए बताते हैं। पंजाब में अकाली दल और तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक से फिर से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिशें की जा रही हैं। मकसद यह है कि अगर औपचारिक रूप से फिर से गठजोड़ न भी हो सके, तब भी इन पार्टियों के साथ नजदीकियां तो बढ़ा ही ली जाएं, जिससे चुनाव से पहले दबे-छुपे किसी न किसी तरह की नजदीकी कायम हो सके और चुनाव के बाद समर्थन के लिए दरवाजा खुल सके। ओडिशा में यही खेल, बीजद सरकार तथा नवीन पटनायक के प्रति 'मित्र भाव' के प्रदर्शन के जरिए खेला जा रहा है, जिसका सहारा हाल ही की अपनी ओडिशा यात्रा के दौरान खुद प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है। ऐसा लगता है कि रणनीति, बीजद से मुकाबले को प्रकटत: दोस्ताना मुकाबले तक सीमित रखने की है, जिससे अगर खुद लोकसभा में ज्यादा सीटें हासिल नहीं भी की जा सकें, तब भी चुनाव के बाद बीजद के समर्थन के लिए रास्ता बनाए रखा जा सके। हैरानी की बात नहीं होगी कि आंध्र प्रदेश में भी भाजपा, सत्ताधारी वाईएसआरसीपी और विपक्षी तेलुगू देशम, दोनों से चुनाव में समान दूरी ही बनाए रखे और इस तरह चुनाव के बाद दोनों हाथों में लड्डू रहने का रास्ता खोले रखे।

अगर बाकी सब कुछ को छोड़ भी दें तब भी, इन तमाम चुनावी तिकड़मों और यहां तक कि चुनाव के बाद, सत्ताधारी गठजोड़ से बाहर से समर्थन का रास्ता खोले रखने की कोशिशों से, कम से कम इतना तो साफ है कि 'अब की बार चार सौ पार' संघ-भाजपा का चुनावी जुमला भर है, जिसकी ओट में वास्तव में वे अपनी चिंता को छुपाने की ही कोशिश कर रहे हैं। जाहिर है कि यह चिंता, इंडिया ब्लाक से आ रही गंभीर चुनौती की वजह से है, जो विपक्ष या गैर-भाजपा शासित राज्यों तक ही सीमित नहीं है बल्कि भाजपा का गढ़ माने जाने वाली हिंदी पट्टी में भी उठकर खड़ी हो रही है। तभी तो पर्दे के पीछे बचाव की सारी तिकड़में हैं और पर्दे के आगे, वाकओवर का स्वांग है और इसका प्रचार है कि इंडिया तो बनने से पहले ही बिखर गया!

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# भूदान के बाद अब भू-मुक्ति

■ **रमाकांत नाथ**

स्वतंत्र भारत में हुए अनेक आंदोलनों में से विनोबा भावे के नेतृत्व वाला 'भूदान आंदोलन' सबसे महत्वपूर्ण आंदोलनों में से एक है। इस आंदोलन के माध्यम से विनोबा भारत में क्रांति लाने में सफल रहे। विनोबा की क्रांति भारत की मूल समस्याओं के समाधान में एक बड़ा कदम थी। आर्थिक असमानता को दूर करने में आंदोलन के प्रयास उल्लेखनीय थे।

आजादी के ठीक बाद एक और स्वतंत्रता आंदोलन आया जिसे भारत के लोगों की आर्थिक मुक्ति कहा गया। भारत की राजनीतिक मुक्ति के बाद विनोबा के आर्थिक स्वतंत्रता के प्रयासों और 'भूदान आंदोलन' ने भारतीयों के मन में हलचल पैदा कर दी। विनोबा की भूदान यात्रा, भूदान यज्ञ का प्रचार और उसके बाद ग्रामदान, जिलादान, राज्यदान, संपत्तिदान और जीवनदान के आंदोलन ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी। यह आन्दोलन कुछ ही दिनों में जन आन्दोलन में बदल गया।

यह आंदोलन भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी शुरू हुआ। चीनी भू-राजनीतिक व्यवस्था का अनुसरण करते हुए भारत में भी वैसी ही व्यवस्था लागू करने की सोच रखने वाले विनोबा अंतत: तेलंगाना से शुरू होकर भूदान की गंगा को पूरे देश में फैलाने में सफल रहे। भूदान के आह्वान ने जमींदारों से दान में मिली जमीन को भूमिहीनों में बांटकर बिनोबा ने नई राह दिखाई, नए विचार पैदा किए, दुनिया के अरबों लोगों को दान की संस्कृति से परिचित कराया और कई लोगों की आंखें खोलने में मदद की।

> 'भूदान आन्दोलन' प्रारम्भ हुआ और स्थानीय जमींदार रामचन्द्र रेड्डी इसके पहले दानी बने। खूनी तेलंगाना से शांति और समृद्धि का जो संदेश विनोबा ने दिया, उसे भारत की जनता ने स्वीकार कर लिया। परिणामस्वरूप, बाबा विनोबा ने भूदान के लिए पूरे देश में भूमि एकत्र की और उसे भूमिहीन, बेघरों में वितरित किया। इस तरह उन्होंने गरीबी, अभाव और दरिद्रता को दूर करने में एक मजबूत योगदान दिया।

पौराणिक युग में जमीन के लिए महाभारत युद्ध से शुरू होकर, हाल के दिनों में कई देशों में जमीन के लिए मानव का संघर्ष बहुत अधिक हुआ है। कहां राजशाही और राजशाही के हाथों से धरती माता को मुक्त कराने की पुकार है और कहां जमींदारों और जागीरदारों के हाथों से धरती को मुक्त कराने का प्रयास है। इन कोशिशों के बीच कितनी जानें गईं और कितना खून बहा, इसका अंदाज़ा लगाना मुश्किल है। यह जमीन देशों के बीच युद्धों का कारण है, परिवारों के बीच संघर्ष का कारण है। उसी प्रकार यह जमीन भाइयों के बीच झगड़े का कारण होती है।

इन अंतहीन संघर्षों, युद्धों तथा हिंसा को समाप्त करने की आवश्यकता है। 'भूदान आंदोलन' ने पूरे देश में जो चेतना विकसित की, उसने दुनिया में जो सांस्कृतिक वातावरण तैयार किया, उसका मूल्यांकन करने की जरूरत है। 'भूदान आंदोलन' के परिणामस्वरूप, कई बेघर परिवार भूमि प्राप्त करने और अपनी आजीविका में सुधार करने में सक्षम हुए, उनके जीवन में बदलाव संभव हुआ।

इसी प्रकार, जिन लोगों ने भूमि दान करके अपनी उदारता का परिचय दिया, वे समाज के सामूहिक विकास में भाग लेने में सक्षम हुए, लेकिन भूदान की सफलता आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। सरकारी नीतियों ने अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बनाने में मदद की है। इसके कारण अमीर-गरीब के बीच की खाई नहीं मिट सकी, विषमताएं समाप्त नहीं हो सकीं और करुणा से परिपूर्ण समतामूलक समाज संभव नहीं हो सका।

वह दिन था, 18 अप्रैल 1951। आज के तेलंगाना राज्य के पोचमपल्ली गांव में बाबा विनोबा के अनुरोध और प्रोत्साहन से भारत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। उस दिन की घटना ने विश्व में जिस नये आन्दोलन को जन्म दिया, वह था 'भूदान आन्दोलन।' जब तेलंगाना की निराश्रित, अत्यंत गरीब जनता, भूख हड़ताल पर बैठी महिलाएं अपराध करने से नहीं हिचकिचाईं, जब संबंधित क्षेत्रों में खून के प्यासे लोगों का खून-खराबा होने लगा, तो संत विनोबा का हृदय टूट गया। उन्होंने तेलंगाना जाकर वहां के विद्रोहियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और वहां के गरीब लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के प्रयास शुरू किये।

इसके परिणामस्वरूप 'भूदान आन्दोलन' प्रारम्भ हुआ और स्थानीय जमींदार रामचन्द्र रेड्डी इसके पहले दानी बने। खूनी तेलंगाना से शांति और समृद्धि का जो संदेश विनोबा ने दिया, उसे भारत की जनता ने स्वीकार कर लिया। परिणामस्वरूप, बाबा विनोबा ने भूदान के लिए पूरे देश में भूमि एकत्र की और उसे भूमिहीन, बेघरों में वितरित किया। इस तरह उन्होंने गरीबी, अभाव और दरिद्रता को दूर करने में एक मजबूत योगदान दिया। विनोबा ने भारत के हर परिवार से अपना हिस्सा मांगा। विनोबा ने स्वयं को उस परिवार के सदस्य के रूप में प्रस्तुत किया और भारत की जनता ने भी विनोबा को अपने परिवार के सदस्य के रूप में स्वीकार कर लिया।

भूदान आंदोलन के 73 वर्षों के बाद आज देश और दुनिया के अरबों लोगों के लिए जमीन एक और बड़ी समस्या बनकर उभरी है, जिसने मानव समाज के लिए जीवन-मरण की स्थिति पैदा कर दी है। जमीन में जहर घोलकर लोगों को विभिन्न बीमारियों से मारने, कंपनी पूंजी का विकास करने, कॉरपोरेट को मजबूत करने तथा शासन और शोषण की सारी रस्सियां अपने हाथों में रखने की योजना धीरे-धीरे हमारे देश और दुनिया भर में सफल हो रही है। इस योजना में

विश्व के विकसित देशों को प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के देशों तथा तृतीय विश्व के देशों के लोगों की आजीविका को नष्ट करने का षडयंत्र रचा गया है।

तीसरी दुनिया के भौगोलिक क्षेत्रों पर कब्ज़ा करने और वहां कॉर्पोरेट साम्राज्यवाद का नेतृत्व करने की योजनाओं पर काम चल रहा है। 'तीसरी दुनिया' की कृषि पद्धतियों को समाप्त करने का प्रयास भी ऐसा ही है। जब रासायनिक कृषि, कंपनी-संचालित कृषि और कॉर्पोरेट कृषि को पारंपरिक खेती, प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के नुकसान के लिए बढ़ावा दिया जाता है और जब मानव-आधारित विकास को दफन कर दिया जाता है और पूंजी-आधारित विकास पर जोर दिया जाता है तब इस प्रणाली का विरोध किया जाना चाहिए। रासायनिक खेती, कंपनी संचालित खेती और कॉरपोरेट खेती के खिलाफ एक जोरदार जन आंदोलन की जरूरत है।

इस दिशा में कुछ प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन यह एक सीमित वातावरण तक ही हैं। इसकी व्यापकता आवश्यक है। इसके लिए पारंपरिक, प्राकृतिक और जैविक खेती को आगे बढ़ाना होगा और खेतों और किसानों को कंपनियों या कॉरपोरेट पूंजीवाद के हाथों से मुक्त कराना होगा। इसी उद्देश्य से 'भू-मुक्ति आंदोलन' आज आवश्यक हो गया है। जमीन सुरक्षित रहेगी तो जीवन सुरक्षित रहेगा। यदि भूमि से विषैली प्रक्रिया दूर हो जाये तो मानव शरीर स्वस्थ रहेगा। जब जमीन कंपनियों और कारपोरेटों के हाथ से मुक्त होगी तो मानव सभ्यता की मुक्ति का रास्ता खुलेगा। क्या सुखी जीवन, रोगमुक्त शरीर, समस्यामुक्त विश्व के लिए भू-मुक्ति आंदोलन आवश्यक नहीं है?

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)**

## पावन प्रसंग

# प्रार्थना प्रवाह प्राप्त करने का प्राचीन विज्ञान

प्रार्थना याचक नहीं, इसमें जीवन और जीवन देने वाले प्रभु से कोई शिकायत नहीं, बल्कि जीवन की सहज व प्रसन्नतापूर्वक, पूर्ण स्वीकारोक्ति है। कई बार हम कहते हैं कि हमारी प्रार्थना असफल हो गई, क्योंकि हमें मनचाहा नहीं फल मिला। हमारा अनचाहा हुआ। सच तो यह है कि हमारी प्रार्थना तो उसी क्षण असफल हो गई जब हमने कुछ मांग लिया, जब हमने अपनी चाहत सामने रखी जो परमात्मा के द्वार पर मांगता है, वह खाली हाथ ही लौटता है। जो वहां बिना किसी मांग के खाली हाथ खड़ा हो जाता है, केवल वही भरा हुआ लौटता है। भारतीय संस्कृति प्रार्थनामूलक है। समूचा ऋग्वेद प्रार्थनामूलक है। यजुर्वेद, साम, अथर्ववेद और उपनिषद प्रार्थना मंत्र हैं। प्रार्थना हृदय से हृदय का संवाद है, अंतर्भाव का निवेदन है। शून्य से विराट की वार्ता है। प्रार्थना विचाररहित वाक्य है। निर्विचार वाणी है। दयतंत्री का स्वर है। मौन का संगीत है। अकिंचनता की पुकार है, निर्धूम अग्नि है और आकांक्षारहित मांग है। प्रार्थना एक विशिष्ट चित्तदशा है। यह लघुता से व्यापकता की ओर नेह निमंत्रण है। यह रिक्त चित्त की पुकार है। यह अनंत के स्वागत और अभिनंदन की तत्परता है।

ऊर्जा बड़े ऊर्जा पिंड से नीचे की ओर बहती है। विज्ञान के नियमानुसार ऊर्जा का निम्नतलयी प्रवाह तब तक चलता है, जब तक दोनों ऊर्जा पिंडों का ऊर्जातल समान नहीं हो जाता है। इसके लिए दोनों ऊर्जा पिंडों के मध्य योजकता चाहिए, लेकिन प्रार्थना की योजकता से प्राणी की निम्न ऊर्जा परम ऊर्जा के ही बराबर नहीं हो जाती, वस्तुत: एक ही हो जाती है। भक्त भगवान हो जाते हैं, ब्रह्मविद् ब्रह्म ही जीत हैं। प्रार्थना भी विराट अस्तित्व से भावपूर्ण योजकता का संबंध है। प्रार्थना अमावस्या के पूर्णिमा हो जाने की अभीप्सा है- तमसो मा ज्योतिर्गमय की प्यास है। प्रार्थना इकाई से अनंत की योजकता है। सभी प्राणी ऊर्जा के निम्न तलपर स्थित हैं। अस्तित्व परम ऊर्जा है। प्रार्थना प्रवाह प्राप्त करने का प्राचीन विज्ञान है।

प्रार्थना तर्कातीत अनुभूति है। प्रार्थना के पूर्व का काव्य सृजन है। विज्ञान और दर्शन में प्रार्थना की गुंजाइश नहीं होती है। प्रार्थना के लिए दो की जरूरत होती है, एक प्रार्थना और दूसरा आराध्य। दार्शनिक और वैज्ञानिक प्रार्थना के भाव वाले नहीं होते। वे सृष्टि- रहस्यों के खोजी होते हैं। उनके आराध्य नही होते। लेकिन भारतीय दर्शन और विज्ञान परंपरा के ऋषि प्रार्थना भाव से युक्त होते हैं, इसीलिए पश्चिम के तमाम विद्वान भारतीय दर्शन पर भाववादी होने का आरोप लगाते हैं। वे भारतीय दर्शन के यथार्थवाद, भौतिकवादी तत्वों पर विचार नहीं करते हैं। भावजगत की अनुभूति भी यथार्थ का ही भाग है। भौतिकवाद में मां केवल स्त्री है। भावजगत में यही स्त्री पूज्य और आराध्य मां है। मां जननी है, पोषक है, अत: दिव्य है और देवी भी है। भारत की प्रार्थना संस्कृति का विकास कोरे भाव से ही नहीं हुआ। वेद और उपनिषद विज्ञान व दर्शन से आप्लावित हैं, लेकिन उनमें भी प्रार्थनाएं हैं।

ईशावास्योपनिषद में दर्शन है। पहले 14 मंत्रों तक कोई प्रार्थना नहीं है। सभी मंत्र दर्शन से ओतप्रोत हैं। 14 मंत्रों तक की यात्रा, दृष्टि को दार्शनिक बनाती है। चित्त निर्विचार होता है, निष्कलुष होता है, निष्कंप होता है और एक विराट शून्य का जन्म होता है। सत्य की दीप्ति होती है। सत्य वाक् करता है। वाक् प्रार्थना बनता है। ऋषि पूषम, सूर्य, वायु और अग्नि की प्रार्थनाएं करते हैं। प्रार्थना में सत्य प्राप्ति की महत्वाकांक्षा है। वैदिक ऋषि आंतरिक दृष्टि से समृद्ध हैं। वे व्यक्त संसार की ऐश्वर्य की व्यवस्था करते हैं और अव्यक्त संसार का दर्शन भी करते हैं।

प्रार्थना याचना नहीं होती। वैदिक ऋषियों की प्रार्थनाएं जिज्ञासाएं और धन्यवाद भाव से प्रस्फुटित हुई है। ऋषियों की जिज्ञासा वैज्ञानिकों की जिज्ञासा जैसी नहीं है। जिज्ञासा विनम्र है लेकिन विनम्रता में याचना नहीं है। याचक भाव का चित्त संकोच और हीनता में सिकुड़कर जड़ होता है। यहां पहले दर्शन है। दर्शन से विश्वास उपजा है और प्रार्थना अपरिहार्य हो गई। गीता के पहले अध्याय से 11वें अध्याय तक कर्म,ज्ञान भक्ति आदि तत्व हैं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# उस दौर में जनता की जबान पर एक ही मांग ,हैंडपम्प लगवा दे

यूपी,बिहार ,ओडिशा और ऐसे अनेक राज्यो में पेयजल की समस्या से झुझते लोगों की एक ही मांग रहती थी कि हमारे मोहल्ले में एक हैंडपंप लगा दीजिए। वोट मांगने वाले ज्यादातर ऐसे लोगों को मतदाताओं की इसी ख्वाहिश से दो-चार होना पड़ता था। हमारे दरवाजे पर एक इंडिया मार्क हैंडपंप लगवा दीजिएगा।

दरअसल, करीब पांच दशक पहले ईजाद हुआ यह हैंडपंप देश में पेयजल का सबसे बड़ा साधन बन गया था और खासकर ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में इसे अपने दरवाजे पर लगवाने के लिए मारामारी मची रहती थी। गहराई से खींचे जाने के कारण इसी का पानी सबसे स्वच्छ और प्रदूषणरहित रहता था। इसलिए हर कोई इसकी मांग करता था। यह हैंडपंप लगवाने की ख्वाहिश जरूरत ज्यादा हो गई थी कि यह ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, पंचायत समितियों के सदस्य, विधानसभा सदस्य तथा संसद सदस्यों तक हर जनप्रतिनिधि की लोकप्रियता को काफी हद तक प्रभावित कर रहा था इसलिए उसकी हार-जीत का कारण बन रहा था। अनेक जनप्रतिनिधियों के मुताबिक हर कोई यही उम्मीद करता था कि उसके दरवाजे पर भी एक हैंडपंप लग जाए, मांग न पूरी होने पर उसकी नाराजगी भुगतनी पड़ती थी। विधायको के पास रोज आने वालों में 80 फीसदी से ज्यादा लोग पानी की समस्या लेकर जाते थे। उनमें बहुतायत लोग हैंडपंप मांगते थे घर, स्कूल- कॉलेज,मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारे, कब्रिस्तान-श्मशान जगह के लिए लोग नल मांगते थे।

ऐसा तजुर्बा अकेला एक राज्य का नहीं था। 1980 के दशक में लोग बिजली आदि के लिए आते थे लेकिन दो दशक पहले जनता की एक ही जरूरत सबसे बड़ी रहती थी वह था- पानी। रोजाना जो लोग आते पंचायतों से आते थे। उनमें से आधे लोग नल मांगने जाते थे। पानी की कमी और उसके चलते जनता का यह कष्ट क्षेत्र और अंचलों की सीमाओं से परे था। पानी की कमी से हर आदमी पीड़ित था लेकिन उस दौर में कांग्रेस समाजवादी बहुजन समाज पार्टी जनता की जरूरत पूरी नहीं कर पाते थे। कमजोर आदमी तक ये सुविधाएं पहुंच नहीं पातीं थी पर जिसके घर में एक हैंडपम्प लगा है वह दूसरा अपने आंगन में लगवाना चाहता था। गांवों से जो लोग जनप्रतिनिधियों के पास जाते थे गरीब आदमी जाता था वह अक्सर हैंडपंप की ही मांग को लेकर जाता था। दरअसल, पानी की समस्या देशव्यापी थी इसलिए इंडिया मार्क हैंडपंप की मांग भी देशव्यापी थी। प्रदेश के किसी भी गांवों में उस समय औसत आदमी की कोई समस्या अगर थी तो वह पानी की समस्या थी। विकासशील भारत में जल जीवन मिशन पूरे शबाब पर है। हर घर नल से जन की योजना से कोई व्यक्ति कोई भी घर बाकी नहीं रह सकता है। आज और पूर्व की तुलना से ज्ञात हो जाता था कि जनता के पास पूर्ववृति सरकारें कैसा सौतेला व्यवहार करती थी। हैंडपम्प की व्यवस्था जिस गांव या मोहल्ले में हो जाती थी वहा से प्रत्याशी जीत जाता था।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## उत्तरी अफगानिस्तान में हिमस्खलन से तीन लोगों की मौत

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान में बदख्शां प्रांत के एक गांव में हिमस्खलन होने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। सरकार नियंत्रित मीडिया ने अधिक जानकारी दिए बिना कहा कि सप्ताहांत में शार-ए-बज़ारग जिले के सदूरवर्ती गांव में हिमस्खलन होने से तीन लोगों की मौत हो गई और अन्य एक व्यक्ति घायल हो गया। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल सहित युद्धग्रस्त कई हिस्सों में गत गुरुवार से भारी हिमपात और बारिश हो रही है, जिसके कारण कुछ क्षेत्रों में सड़कें बंद हो गई हैं।

# देश विदेश

# पाकिस्तान में 3000 महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में

## मरियम नवाज व आसिफा भूट्टो जरदारी पर रहेगी सबकी नजर

**इस्लामाबाद,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पुरुष प्रधान चुनावी युद्धक्षेत्र में 3000 से अधिक महिला उम्मीदवार प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है और तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने जा रहे संसदीय और प्रांतीय विधानसभा चुनावों के लिए 3,000 से अधिक महिला उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक बाधाओं के बावजूद विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़ी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवारों के रूप में महिला राजनेता अपने पुरुष समकक्षों को चुनौती देंगी। चुनावी राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी निर्णय लेने की प्रक्रिया को समावेशी बनाने और महिला-केंद्रित कानूनों को लागू करने के लिए अपरिहार्य है। देश में चुनाव सुधारों के जरिए आरक्षित सीटों के अलावा सामान्य सीटों पर महिला उम्मीदवारों का पांच फीसदी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना भी अनिवार्य किया गया है। पिछले कुछ वर्षों में सामान्य सीटों पर चुनाव लड़ने वाली महिला राजनेताओं की संख्या में वृद्धि भी हुई है,



■ पाकिस्तान में आठ फरवरी को है चुनाव

लेकिन संसद में पुरुष सांसदों की तुलना में यह अब भी बहुत कम है। फ्री एंड फेयर इलेक्शन नेटवर्क (एफएएफएन) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 के आम चुनाव के लिए, प्रमुख राजनीतिक दलों में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने संसदीय चुनाव में 10 और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 13 सीटों पर महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 21 महिला उम्मीदवारों को एनए टिकट दिए हैं, जबकि प्रांतीय विधानसभाओं के बारे में डेटा सामने नहीं आया है, क्योंकि पार्टी को अपने प्रतिष्ठित चुनाव चिह्न - क्रिकेट बैट से वंचित कर दिया गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने अपनी महिला उम्मीदवारों को 16 पार्टी टिकट जारी किये हैं जिनमें 12 संसदीय और चार पविधानसभा सीटों के लिए है। जमीयत उलेमा-ए-पाकिस्तान फजल (जेयूआई-एफ) ने दोनों चुनावों के लिए क्रमशः दो और नौ तथा जमात-ए-इस्लामी ने 10 और 19 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। राजनीतिक विश्लेषक बेनजीर शाह का कहना है कि प्रमुख राजनीतिक दल सामान्य सीटों के लिए महिलाओं को टिकट आवंटित करने के लिए बहुत उत्सुक नहीं थे। उन्होंने कहा कि इन राजनीतिक दलों ने कई महिला उम्मीदवारों को उन क्षेत्रों में टिकट दिए हैं, जहां वे बहुत मजबूत नहीं हैं या चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित पांच फीसदी सीटों की अनिवार्यता इसकी वजह रही है। दूसरी बात विशेष रूप से चुनाव प्रचार के दौरान स्त्रीद्वेषी और लिंगवादी संस्कृति की अवधारणा प्रमुख बाधा रही, जो महिलाओं को चुनाव लड़ने या राजनीति में शामिल होने से रोकती है।

### पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए 26 करोड़ मतपत्रों के मुद्रण का काम पूरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आम चुनावों के लिए 26 करोड़ मतपत्रों की छपाई का काम पूरा कर लिया है। द न्यूज ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। ईसीपी के प्रवक्ता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार कुछ निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतपत्रों की पुनर्मुद्रण का काम भी समय पर पूरा कर लिया गया है। अब देश भर में मतपत्रों को पहुंचाने की प्रक्रिया चल रही है, जो आज सोमवार तक पूरी हो जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि 2018 के आम चुनाव में 22 करोड़ मतपत्र मुद्रित किए गए थे और उनकी छपाई के लिए 800 टन विशेष कागज का उपयोग किया गया था। वर्ष 2024 के आम चुनाव के लिए 26 करोड़ मतपत्र मुद्रित किए गए हैं जिसके लिए 2,170 टन कागज का उपयोग किया गया था। यह वृद्धि मुख्य रूप से निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों की संख्या में उछाल के कारण हुई, जो 2018 के चुनावों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक है। प्रवक्ता के अनुसार मुद्रण की प्रक्रिया के दौरान विभिन्न चरणों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें अदालती मामले और बड़ी संख्या में उम्मीदवार शामिल थे, लेकिन सीमित समय और चुनौतियों के बावजूद, आयोग ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और मतपत्रों की छपाई समय पर पूरी की। इस बीच शाहदादकोट के एक रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने चुनाव प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) - ईसीपी द्वारा तैयार एक परिणाम संकलन तंत्र के बारे में गंभीर सवाल उठाए। सिंध में नेशनल असेंबली के निर्वाचन क्षेत्र के आरओ ने जिला रिटर्निंग अधिकारी (डीआरओ) को लिखे अपने पत्र में शीर्ष चुनावी निकाय के चुनावी प्रबंधन तंत्र (ईएमएस) में कथित खामियों पर ध्यान देने का आग्रह किया।




## सुडोकू 6458

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 6 फरवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। दोपहर के बाद आपको नौकरी और व्यापार में रुचि बढ़ेगी।

वृषभ - दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।।

मिथुन - आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क - आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी,।

सिंह - आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या - आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु - आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर - आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ - आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन - साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## 20 नए रिसॉर्ट खोलना चाहती है मालदीव सरकार

**कोलंबो,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। मालदीव के राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जु ने सोमवार को कहा कि 2024 में देश 20 लाख पर्यटकों को आकर्षित करेगा और यह पर्यटन उद्योग की शुरुआत के बाद से इतिहास में पहली बार होगा। स्थानीय मीडिया के सोमवार को यह जानकारी दी। श्री मुइज्जु ने 19वीं संसद के अंतिम सत्र में आज सुबह अपना पहला अध्यक्षीय संबोधन ने कहा कि वेलाना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (वीआईए) का विस्तार करने से पर्यटकों के आगमन में औसतन 10.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी। राष्ट्रपति ने कहा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उनकी सरकार इस वर्ष 20 नए रिसॉर्ट खोलना चाहती है, और इसमें 2,827 बेड बनेंगे। उन्होंने कहा कि वह अब पर्यटन विकास के लिए पट्टे पर दिए गए द्वीपों, भूमि भूखंडों और लैगून के विकास में आने वाली बाधाओं पर गौर कर रहे हैं। विभिन्न कारणों से रुके विकास कार्यों का समाधान तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मालदीव में 2023 में 18 लाख से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ। पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में जनवरी 2024 में 1,92,000 से ज्यादा पर्यटकों का आगमन हुआ, जो पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 11.5 प्रतिशत ज्यादा है।

# अमेरिका ने हाउती ठिकानों पर हवाई हमले शुरू किए

**सना,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका और ब्रिटेन ने रविवार देर रात उत्तरी यमन में हाउती शिविरों के खिलाफ हवाई हमले शुरू किए। हाउती संचालित अल-मसीरा टीवी ने रिपोर्ट जारी कर यह जानकारी दी। अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों ने हाउती विद्रोहियों के गढ़ सादा प्रांत और रणनीतिक लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह में लक्ष्यों को निशाना बनाया। हमलों में प्रांतीय राजधानी के पूर्वी हिस्से सादा और बकीम के उत्तरी जिले में काफी नुकसान पहुंचा है। होदेइदाह में हमलों ने उत्तर-पश्चिमी तटीय जिले रास इस्सा और पड़ोसी जिले अज़्-ज़ायदियाह में शिविरों को



निशाना बनाया। दूसरी तरफ अमेरिकी रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि हवाई हमलों का मकसद ईरानी समर्थित हाउती मिलिशिया की अमेरिका और लाल सागर को वैध रूप से पार करने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों को रोकना था। इस बीच हाउती के मुख्य वार्ताकार मोहम्मद अब्दुस्सलाम ने अल-मसीरा टीवी पर कहा कि अमेरिकी हवाई हमले उनके ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम नहीं होंगे और ना ही सैन्य संचालन और क्षमताओं को क्षीण कर सकेंगे।

### हमलों की ईरान ने की निंदा



**तेहरान।** ईरान ने यमन में हाउती के ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन के ताजा हमलों की कड़ी निंदा की है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने अपने बयान में कहा कि हमलों के जरिए यमन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया है तथा यह अति दुस्साहस और अंतरराष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए चिंताजनक खतरा प्रदर्शित करता है। वहीं क्षेत्रीय देशों पर अमेरिका और ब्रिटेन के सैन्य हमले क्षेत्र में अपने नाजायज उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सैन्यवाद का सहारा लेने के उनके गलत दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## रूस में लापता हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त स्थल की हुई पहचान

**मॉस्को,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। रूस के आपातकालीन मंत्रालय (ईएमईआरकॉम) ने



एमआई-8 हेलीकॉप्टर का दुर्घटना स्थल का पता लगा लिया गया है, जो करेलिया के उत्तर पश्चिमी रूसी क्षेत्र में वनगा झील में स्थित था। अधिकारियों ने सोमवार को स्पूतनिक को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने रविवार को कहा कि चालक दल के तीन सदस्यों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर करेलिया में झील के ऊपर एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान लापता हो गया था। मंत्रालय ने कहा, ईएमईआरकॉम के बचाव दल ने स्नोमोबाइल्स और एक होवरक्राफ्ट पर करेलिया गणराज्य के प्रियोनज़्स्की जिले में डेरेवियनो इलाके के पास वनगा झील का सर्वेक्षण किया। एमआई-8 हेलीकॉप्टर का मलबा 11 किलोमीटर दूर पाया गया था। पहचान की गयी स्थान पर झील की गहराई 40 मीटर से 50 मीटर तक है। दुर्घटना की जांच के लिए एक परिचालन मुख्यालय और एक आयोग स्थापित किया गया है।

### रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ के नए प्रतिबंध

**मॉस्को।** रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ की ओर से लगाये गये नये प्रतिबंध कई व्यक्तियों और कानूनी संस्थाओं को प्रभावित करेंगे। ब्लूमबर्ग ने सोमवार को इस मामले से जुड़े सूत्रों का हवाला दिया और कहा कि आर्थिक उपाय भी विकसित किए जा रहे हैं, लेकिन 24 फरवरी तक इनके तैयार होने की संभावना नहीं है। समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि रूस के खिलाफ जी7 देश भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी में हैं, जो 24 फरवरी से पहले लागू कर दिये जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया में 139 किलो कोकीन जब्त

**कैनबरा,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) और सीमा सुरक्षा बल ने संयुक्त रूप से एडिलेड में लक्जरी बसों के अंदर छिपाई गई 4.5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कीमत की 139 किलोग्राम कोकीन जब्त किया और इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लक्जरी बसों की एक खेप के अंदर छिपाई गई कोकीन की जांच की गई और एडिलेड में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को जारी एक बयान में पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि दोनों आरोपी युवकों पर व्यावसायिक मात्रा में कोकीन रखने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने जनवरी में एक जांच शुरू की क्योंकि पर्थ के रास्ते एडिलेड जाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय मालवाहक जहाज पर 13 लक्जरी बसों की खेप के अंदर छुपाए गए कोकीन के कथित आयात की पहचान हुई थी। पर्थ में फ्रेमेंटल हार्बर में जहाज के रुकने के बाद अधिकारियों को चार बसों में कई पैकेज मिले। एडिलेड पहुंचने पर बसों को उतार दिया गया। शनिवार को दोनों आरोपी जबरन बसों में घुस गए और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एएफपी खुफिया अधीक्षक मेलिंडा एडम ने कहा कि जब्त की गई दवाओं की अनुमानित कीमत 4.5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 2.93 करोड़ अमेरिकी डॉलर) है।

## वर्ग पहेली 6458

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. संकीर्ण हृदय, कंजूस, न देने वाला
३. योगासन का एक भेद
५. प्रमाणित (उर्दू)
६. अस्तित्व (उर्दू)
७. दुख से भरा (उर्दू)
८. किसी व्यक्ति-वस्तु आदि की सुरक्षा के लिए नियुक्त व्यक्तियों का दल
१३. चीरने वाला
१५. चिल्लाना, बहुत जोर की आवाज निकालना (उर्दू)
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. मन, हृदय
१८. बीच का, दरमियानी, राशियोंके जोड़ को उनकी संख्या से भाग देने पर प्राप्त भागफल
२०. अनुदेश, निर्देश (उर्दू)
२२. कहानी, कहावत (उर्दू)
२३. आजीवन कुंआरी रहने वाली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि
२. श्रीकृष्ण
३. कमल, सौ पंखुड़ियों वाला
४. पर्यायवाची
५. सिद्ध करने वाला, पूरा करने वाला, तपस्वी
९. नाश करने वाला
१०. न्यायालय (उर्दू)
११. पूर्व दिशा
१२. अनुग्रह, कृपा, प्रदाता (उर्दू)
१४. हार मात
१७. आकाश
१९. प्राणवान
२०. कल्याण, भलाई
२१. निश्चित, निर्धारित

### वर्ग पहेली-6457

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ गु | रू | २ कु | ल | ■ | ■ | ३ अ | व | ४ गु | ण |
| म | ■ | स | ■ | ५ वि | ग्र | ह | ■ | ल | ■ |
| ६ च | र | म | ■ | लं | ■ | ७ म | नो | द | शा |
| र | ■ | ८ य | ९ क | ब | य | क | ■ | स्त | |
| ■ | १० प | ■ | या | ■ | ■ | ■ | ११ आ | ■ | १२ वि |
| १३ प | रि | श्र | म | ■ | १४ मु | ■ | १५ दि | क्क | त |
| ■ | चि | ■ | १६ त | म | च | र | ■ | ■ | र |
| १७ मृ | त | क | ■ | ■ | ल | ■ | १८ च | १९ र | ण |
| णा | ■ | ■ | २० आ | ज्ञा | का | २१ री | ■ | वि | ■ |
| २२ ल | बा | ल | ब | ■ | ■ | २३ ति | लां | ज | लि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1890- महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान का जन्म।

1911- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रेगन का जन्म।

1918: 30 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं को वोटिंग का अधिकार मिला।

1931: भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू का इलाहाबाद में निधन।

1952- एलिजाबेथ द्वितीय ने ग्रेट ब्रिटेन की राजगद्दी संभाली। उन्होंने वर्ष 2002 में ब्रिटिश के राज सिंहासन पर अपने 50 वर्ष पूरे करने का जश्न मनाया था।

1958- म्यूनिख में एक हवाई हादसे में 21 लोग मारे गए। इनमें मानचेस्टर युनाइटिड फुटबाल क्लब के सात खिलाड़ी भी थे।

1959- जस्टिस अन्ना चांडी केरल उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश नियुक्त हुईं।

1971- अपोलो 14 के जरिए चांद पर पहुंचे एलन शेपर्ड ने दो दिन तक चांद पर चहलकदमी के दौरान एक गोल्फ़ क्लब से गोल्फ बॉल को हिट किया और चांद पर गोल्फ़ खेलने वाले पहले व्यक्ति बन गए।

1983: भारतीय क्रिकेटर एस. श्रीसंत का केरल के कोच्चि में जन्म। वे केरल के पहले रणजी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने भारत के लिए टी-20 खेला।

1987- जस्टिस मैरी गॉडरन ऑस्ट्रेलिया की हाईकोर्ट में जज बनने वालीं पहली महिला बनीं।

1993- अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी आर्थर ऐश की एड्स से जुड़े निमोनिया से निधन। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले अश्वेत खिलाड़ी थे।

**परेशानी** ईयू फंड बनाने में जर्मनी कर रहा विरोध

# यूक्रेन को शस्त्र आपूर्ति में हो सकती है देरी

**कीव,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ के सैन्य सहायता कोष 'यूरोपीय शांति सुविधा' (ईपीएफ) के प्रस्तावित ओवरहॉल के जर्मनी के विरोध के कारण यूक्रेन को हथियारों के शिपमेंट में देरी का सामना करना पड़ सकता है। फाइनेंशियल टाइम्स ने सोमवार को यूरोपीय संघ के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। वैश्विक सुरक्षा प्रदाता के रूप में यूरोपीय संघ की भूमिका को मजबूत करने के लिए आम विदेश और सुरक्षा नीति के तहत मार्च 2021 में ईपीएफ की स्थापना की गई थी।

ईपीएफ का 2021-2027 के लिए 5.69 अरब यूरो (छह अरब डॉलर) का बजट है। फंड का अधिकांश पैसा पहले ही यूरोपीय संघ के सदस्य देशों को उनके द्वारा यूक्रेन को भेजे गए हथियारों की आंशिक प्रतिपूर्ति के लिए निर्धारित किया जा चुका है। ईपीएफ को यूरोपीय संघ के देशों को हथियारों की डिलीवरी की आंशिक रूप से प्रतिपूर्ति के लिए अतिरिक्त धन की आवश्यकता है।

अखबार के अनुसार हालांकि, फंड में सुधार कैसे किया जाए, इस पर चर्चा के बीच प्रस्तावित पांच अरब यूरो दिये जाने को लेकर देरी हो रही है। बातचीत में शामिल यूरोपीय संघ के एक अधिकारी ने फाइनेंशियल टाइम्स को बताया कि बेल्जियम का पक्ष है %पहले भुगतान करें, बाद में रिफंड पाएं। वहीं, जर्मनी और अन्य देश



सुरक्षा नीति के तहत 2021 में ईपीएफ की स्थापना की गई थी

प्रतिपूर्ति मॉडल को समाप्त करने की वकालत कर रहे हैं और तर्क दे रहे हैं कि उन्हें भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

जर्मनी की एक संवैधानिक अदालत द्वारा उसके बजट उपायों के खिलाफ फैसला सुनाए जाने के बाद बर्लिन कथित तौर पर गंभीर वित्तीय बाधाओं से जूझ रहा है। वह मांग कर रहा है कि यूक्रेन को द्विपक्षीय रूप से आपूर्ति किए गए हथियारों की लागत को फंड के अपने हिस्से में गिना जाए। छोटे देशों का तर्क है कि इससे फंड का आकार काफी कम हो जाएगा।

जनवरी में, द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक मसौदा दस्तावेज़ का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि यूरोपीय बाहरी कार्रवाई सेवा (ईईएएस) ने यूक्रेन के लिए एक विशेष सैन्य कोष बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसमें अतिरिक्त-बजटीय ईपीएफ की संपत्ति से लगभग 6.5 अरब यूरो शामिल होंगे। ईईएएस ने 2024 से 2027 तक फंड में प्रति वर्ष पांच अरब यूरो तक आवंटित करने का भी प्रस्ताव रखा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों सहित पश्चिमी देश यूक्रेन को वित्तीय और सैन्य सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## दुनिया को जानें

# फ्यूजन समूह 'शक्ति' ने जीता ग्रैमी अवॉर्ड


**लॉस एंजेल्स,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय कलाकार शंकर महादेवन और जाकिर हुसैन के फ्यूजन समूह 'शक्ति' ने सोमवार को लॉस एंजिल्स में आयोजित 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड 2024 जीता। फ्यूजन बैंड को यह पुरस्कार उनके नये एल्बम 'दिस मोमेंट' के लिए मिला। 'दिस मोमेंट' क महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह 45 वर्षों में समूह का पहला नया एल्बम है। एल्बम में जॉन मैकलॉघलिन (गिटार, गिटार सिंथ), ज़ाकिर हुसैन (तबला), शंकर महादेवन (गायक), वी सेल्वगनेश (टक्कर वादक), और गणेश राजगोपालन (वायलिन वादक) जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिका निभायी है। ग्रैमी के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गयी एक तस्वीर में, महादेवन और एक अन्य बैंड सदस्य गणेश राजगोपालन को मंच पर पुरस्कार प्राप्त करते हुए दिखाया गया है। ग्रैमी ने कहा, दिस मोमेंट 'शक्ति' को सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम के विजेता के रूप में घोषित करते हुए खुशी हो रही है।

# प्रादेशिकी

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ रहा

हिसार, 03 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार देश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन और प्रशासन देने का दम भर रहा है तो दूसरी ओर देश में भ्रष्टाचार कम होने के बजाय बढ़ रहा है। सुश्री सैलजा शनिवार यहां मीडिया को जारी बयान में कहा कि विश्व के 180 भ्रष्ट देशों की सूची में आज भारत 93 वें पायदान पर खड़ा है जबकि 2015 में 76 वें स्थान पर था। सच तो यह है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार नासूर बनकर देश को खोखला कर रहा है। नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे अधिकारियों (कुछ को छोडकर) पर सरकार का कोई अंकुश नहीं हैं।

# पहाड़ों में बारिश व बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त



- केदारनाथ धाम में चार फीट तक जमीं बर्फ, कई रास्ते बंद
- निचले इलाकों में हो रही बारिश

रुद्रप्रयाग, 5 फरवरी (देशबन्धु)। पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश का दौर जारी है। तीसरे दिन भी मौसम खराब है। हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी तो निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है। केदारनाथ धाम में चार फीट तक बर्फ जम चुकी है। बर्फबारी के कारण चोपता-बदरीनाथ हाईवे भी दो दिनों से बंद है। जिस कारण पर्यटक भी मिनी स्विट्जरलैंड चोपता नहीं पहुंच पा रहे हैं।

पहाड़ों में पिछले तीन दिनों से लगातार मौसम है। खराब मौसम के कारण आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ, कार्तिक स्वामी, चन्द्रशिला सहित अन्य हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी लगातार हो रही है। केदारनाथ धाम में चार फीट से अधिक बर्फ जम चुकी है। बर्फबारी के चलते धाम में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। हालांकि धाम में इस समय आईटीबीपी, पुलिस के जवानों के साथ ही कुछ साधु संत रह रहे हैं, जिन्हें भारी ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

लगातार हो रही बर्फबारी के कारण मिनी स्विट्जरलैंड चोपता दुगलबिट्टा के साथ ही देवरिया ताल के बुग्याल सफेद हो गये हैं। भारी बर्फबारी होने से चोपता-गोपेश्वर मंडल हाईवे दो दिनों से बंद पड़ा है। यहां ज्यादा बर्फबारी होने से आवाजाही बंद है। राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोनिवि विभाग की मशीनें राजमार्ग पर गिरी बर्फ को साफ करने में जुटी हुई हैं। हाईवे पर दो फीट तक बर्फ जमी हुई है, जिस कारण पर्यटकों को चोपता पहुंचने में दिक्कतें हो रही हैं। इधर, लगातार हो रही बारिश के बाद चैथे दिन रुद्रप्रयाग शहर में हल्की धूप खिलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लगातार हो रही बारिश के कारण ग्रामीण जनजीवन खासा अस्त-व्यस्त हो गया है।

## बर्फबारी के बाद आम जन की दुश्वारियों का दौर जारी

**शिमला,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल में 5 दिनों की बारिश व बर्फबारी के बाद आम जन की दुश्वारियों का दौर जारी है। बर्फबारी से सड़कों , बिजली ट्रांसफारमर व पेयजल योजनाओं के ठप्प होने से जिंदगी को पटरी पर लाने की जद्दोजहद जारी है। सड़कें व बिजली ट्रांसफारमरों के साथ साथ पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण इलाकों में लोगों की दिक्कतें बढ़ी हैं। बर्फबारी के चलते शिमला के कुफरी सहित राज्य के अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्र बर्फ से लकदक हैं। शिमला समेत निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई है। चोटियों पर बर्फ की मोटी परत चढ़ गई है। प्रदेश में सोमवार सुबह 10 बजे तक चार नेशनल हाईवे व 645 सड़कें यातायात के लिए बंद थीं। सबसे ज्यादा 242 सड़कें शिमला जिले में ठप्प हैं।




लाहौल.स्पीति में 157, मंडी 51 , कुल्लू 93 , किन्नौर 24 और चंबा जिले में 61 सडकें बाधित हैं।बेशक लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली के कार्य में लगा है। बावजूद इसके प्रतिकूल मौसम इस कार्य में बाधा बना हुआ है। इसके अलावा राज्य में 1416 बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े हैं। नतीजतन कई क्षेत्रों में बिजली गुल है।राज्य में 52 जलापूर्ति स्कीमें भी प्रभावित चल रही हैं। जिला कुल्लू व लाहौल में छह दिनों से जनजीवन अस्त-व्यस्त चल रहा है। रविवार रात को भी कुल्लू व लाहौल घाटी में जमकर बर्फबारी हुई। 3 हाईवे के साथ जिला में 80 से अधिक सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई है। वहींए 200 बिजली के ट्रांसफार्मर भी प्रभावित होने से अंधेरा पसरा है। मनाली तक व मणिकर्ण तक निगम की बसें भी नहीं जा रही हैं। जानकारी के अनुसार रोहतांग दर्रा में चार फीट ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। जबकि अटल टनल के साथ पोर्टल में 60 , सोलंग नाला 45, मनाली 15, जलोड़ी दर्रा में 40 सेंमीमीटर ताजा बर्फबारी हुई है। हालांकि लाहौल में बीआरओ ने मुख्य सड़कों से बर्फ टटाने का काम शुरू कर दिया है। किन्नौर जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक.रूककर बर्फबारी जारी है। राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा का कहना है कि प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। उनका कहना है कि बर्फबारी व बारिश किसानों व बागवानों के साथ साथ पावर प्रोजेक्टों के लिए भी संजीवनी साबित होगी। लंबे समय से चल रहे सूखे के दौर से लोगों को इससे निजात मिली है।

### सार संक्षेप

#### बर्फबारी व वर्षा से कई एनएच बंद, बीआरओ मार्ग खोलने में जुटा

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के ऊपरी पहाड़ो में जंहा बर्फवारी अधिक मात्रा में देखने को मिल रही हैं। तो वहीं निचले क्षेत्रों में वर्षा देखने को मिल रही हैं। शीतकाल में बंद पड़े गंगोत्री धाम में अधिक मात्रा में बर्फवारी देखने को मिल रही हैं। हर्षिल क्षेत्र जो पर्यटकों के लिए घूमने कि जगह हैं वंहा भी बर्फवारी अधिक मात्रा में देखने को मिल रही हैं। इस बर्फवारी में भी गंगोत्री नेशनल पार्क के कर्मचारी भी अपने कार्य को करते दिख रहे हैं। जिसमे कर्मचारी प्रत्येक दिन कि तरह इस बर्फवारी में भी अपने क्षेत्रों पर गस्त लगाते दिख रहे हैं। वर्तमान समय मे जनपद के जिला मुख्यालय सहित समस्त तहसील क्षेत्र में हल्की वर्षा हो रही एवं दूरस्थ हिमपात वाले ग्रामो व राड़ी टॉप, चोरंगीखाल, गंगनानी, सुक्की टॉप गंगोत्री, हर्षिल, यमुनोत्री, जानकीचट्टी फूलचट्टी क्षेत्रों मे बर्फबारी हो रही है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगनानी से ऊपर गंगोत्री तक बर्फबारी से मार्ग अवरुद्ध हैं। बीआरओ द्वारा मशीनरी व मजदूर तैनात हैं। वर्तमान में बर्फबारी हो रही हैं।यमुनोत्री एनएच धाराशू से 200 मीटर आगे भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया।

#### सरकार ने भवन निर्माण नियमों को सख्त करने की तैयारी की

**शिमला।** सूबे में बीते साल आई दैवीय आपदा के बाद सरकार ने भवन निर्माण नियमों को सख्त करने की तैयारी कर ली है। भवन निर्माण नियमों में सख्ती करते हुए सरकार ने इसे लेकर लोगों से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। इसके बाद इन्हें अधिसूचित कर सरकार लागू करेगी। दरअसल हिमाचल में नालों व खड्डों के साथ साथ नदियों के नजदीक भी लोगों ने भवनों का निर्माण किया है। नदियों, नालों व खड्डों का जलस्तर बढने की स्थिति में इन भवनों को नुकसान होने की स्थिति में जहां सरकार को भारी भरकम मुआवजा देना पड़ता है, वहीं लोगों की जान माल के नुकसान का भी खतरा बना रहता है। दैवीय आपदा के दौरान कुल्लू व मंडी जिलों में नदियों व खड्डों के किनारे बने भवनों व होटलों को भारी नुकसान हुआ। लिहाजा आपदा से सबक सीखते हुए अब सरकार ने निर्माण नियमों में संशोधन की तैयारी कर ली है। सरकार द्वारा प्रस्तावित नियमों के तहत नालों से 5 व खड्डों से 7 मीटर की दूरी पर ही लोगों को भवन निर्माण की अनुमति होगी। राजस्व रिकार्ड में नालों व खड्डों का जिक्र भी न होने की स्थिति में 4 बिस्वा के प्लॉट में 2 मीटर का सेट बैक छोडना अनिवार्य होगा। इन नियमों के लागू होने के बाद नालों अथवा खड्डों का जलस्तर बढने की स्थिति में भी लोगों के भवन सुरक्षित रहेंगे। साथ ही जान माल के नुकसान का भय भी नहीं होगा। लिहाजा सरकार की इस पहल को कारगर व सार्थक माना जा रहा है।

#### सुडोकू 6458 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

## कुसुम चैहान ने संभाला हरिद्वार नगर सिटी मजिस्ट्रेट का चार्ज



- अतिक्रमणकारियों और चाइनीज मांझा व्यापारियों को दी चेतावनी

हरिद्वार, 5 फरवरी (देशबन्धु)। पीसीएस कुसुम चैहान को हरिद्वार नगर का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। कुसुम चैहान ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट ऑफिस पहुंचकर अपना चार्ज संभाला है। कुसुम चैहान का ट्रांसफर संयुक्त सचिव मसूरी देहरादून डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमडीडीए) से डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार के पद पर हुआ था। डीएम हरिद्वार के आदेश पर उन्हें सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

चार्ज संभालने के बाद पीसीएस कुसुम चैहान ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि शहर में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके लिए सभी के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। हरिद्वार में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है, जिसके लिए समय-समय पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रतिबंधों के बावजूद भी हरिद्वार में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए टीम गठित की जाएगी। नगर निगम प्रशासन और हरिद्वार पुलिस को सयुंक्त टीमें बनाकर छापेमारी की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने हरिद्वार के व्यापारियों से भी अपील की है कि चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक के लिए प्रशासन का सहयोग किया जाए। साथ ही जो व्यापारी चाइनीज मांझे का स्टॉक रखेंगे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि चाइनीज मांझे की चपेट में आने से पक्षियों की दर्दनाक मौतें हो रही हैं। कई वाहन चालक भी इसकी चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए वसंत पंचमी पर्व से पहले निगम प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीमें छापेमारी की कार्रवाई करेंगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चैहान ने इसके लिए निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

## पौड़ी में गुलदारों के हमले में एक ही दिन में 2 बच्चों की मौत

- 127 स्कूल 2 दिन के लिए बंद, पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए



श्रीनगर, 5 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद के खिर्सू ब्लॉक में दो अलग अलग जगहों पर गुलदारों द्वारा दो बच्चों को मारने के बाद प्रशासन नींद से जागा है। घटना के बाद प्रशासन ने स्कूलों में दो दिन के अवकाश की घोषणा कर दी है। इस अवकाश की घोषणा के तहत इलाके के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय दो दिन तक बंद रहेंगे।

ग्वाड़ गांव में वन विभाग ने 5 ट्रैप कैमरे लगाने के साथ गुलदार को पकड़ने के लिए 1 पिंजरा लगा दिया है। इसके साथ साथ श्रीनगर में ग्लास हाउस ओर हाइडिल कॉलोनी में एक एक पिंजरे लगाए गए हैं। इसके साथ साथ मृतक दोनों बच्चों के परिजनों को 6- 6 लाख रुपये के मुआवजे की व्यवस्था करने की कार्रवाई वन विभाग ने शुरू कर दी है।

बताते चलें कि रविवार का दिन पौड़ी जनपद के लिए दुखद भरा रहा। यहां दो घटनाओं ने सभी को सदमे में डाल दिया। ग्वाड़ गांव में 11 साल के अंकित पर गुलदार ने हमला कर उसकी जान ले ली। लोग इस सदमे से उबरे भी नहीं थे कि श्रीनगर में रात्रि 9 बजकर 30 मिनट पर करीब 4 साल के अयान को गुलदार घर के आंगन से उठा ले गया और उसको मार डाला।

### लोगों ने की गुलदारों को मारने की मांग

इन दोनों घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों में बेहद आक्रोश है। लोगों ने गुलदारों को मारने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ इलाके में पिछले एक माह में श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में गुलदारों की आमद की सूचना मिल रही थी। जगह जगह सीसीटीवी कैमरों में गुलदारों की चहल कदमी दिखाई पड़ रही थी। पूरे मामले में जिलाधिकारी पौड़ी आशीष चैहान ने बताया कि दो दिन के लिए ब्लॉक के विद्यालयों को बंद करने के आदेश दिये गए हैं। साथ में लोगों से रात के समय आवाजाही ना करने की अपील की जा रही।

### पीड़ित परिजनों को 6 लाख का मुआवजा

वन विभाग को उचित कदम उठाने के आदेश भी दिए दिए गए हैं। घटना में मौका मुआयना करने पहुंचे डीएफओ पौड़ी अनिरुद्ध का कहना था कि दोनों बच्चों के परिजनों को 6- 6 लाख का मुआवजा दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रमुख वन संरक्षक से भी गुलदारों को ट्रेंकुलाइज करने की परमिशन मांगी जा रही है।

## दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने महिला को घायल कर सोने की चेन व कुंडल लूटे

**रुड़की**, 5 फरवरी (देशबन्धु)। दिनदहाड़े घर में घुसे बदमाशों ने महिला को आतंकित कर जेवर, नकदी और मोबाईल आदि सामान लूट लिए। बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। महिला को उपचार के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया है कि वारदात को अंजाम देने वाले युवक परिवार के परिचित थे और मेहमान बनकर घर में घुसे थे। जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है। जब दो बदमाश पुरानी तहसील स्थित नकली चाय वाली गली में विपिन गोयल के मकान में घुस गए। घर में उनकी पत्नी रेखा अकेली थी। तभी दो बदमाश घर में घुसे और महिला को धमकाते हुए उससे जेवर और नकदी देने को कहा। महिला ने विरोध किया तो बलपूर्वक बदमाशों ने कुंडल, नकदी और मोबाइल आदि लूट लिया। महिला द्वारा अधिक विरोध करने पर बदमाशों ने धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर उसे जख्मी कर दिया। वारदात को अंजाम देते हुए युवक मौके से फरार हो गए। वहीं जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी वहीं घायल को सिविल अस्पताल भिजवाया गया। हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।महिला के पति विपिन ने बताया कि उसकी पत्नी ने बताया कि दोनों लोगों में एक उनका रिश्तेदार था और एक अन्य उसके साथ अंजान युवक था। दोनो घर आए तो उन्हें चाय नाश्ता आदि भी महिला के द्वारा करवाया गया लेकिन अचानक उन्होंने लूटपाट शुरू कर दी और विरोध करने पर महिला को घायल कर दिया।

## सरकार का ये कैसा विकास, बच्चे नाप रहे मीलों की दूरी

**रुद्रप्रयाग,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य योजना के अंतर्गत भरदार क्षेत्र के सेम गांव सहित स्वर्गीय दीपक डिमरी राइंका स्वीली को जोड़ने के लिए पांच किमी लंबे मोटरमार्ग का निर्माण विगत कई वर्षों से नहीं हो पाया है, जिस कारण सेम गांव की जनता के साथ ही इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा अध्यापकों को भारी परेशानियां हो रही हैं। सड़क निर्माण संघर्ष समिति कई बार इस समस्या को लेकर काबीना मंत्री से लेकर विधायक तक के दरवाजे खटखटा चुके हैं, लेकिन किसी भी स्तर से कोई कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जबकि लोनिवि के अभियंताओं से पत्राचार करते-करते ग्रामीण जनता के पांव तक थक चुके हैं, बावजूद इसके कोई भी पहल होती नहीं दिखाई दे रही है। मंत्री, विधायक से लेकर अभियंता सभी गरीब जनता को परेशान करने में लगे हैं, जिसका नुकसान उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

विकासखण्ड जखोली के अंतर्गत सेम गांव के साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज स्वीली तक पांच किमी मोटरमार्ग का निर्माण होना प्रस्तावित है। वर्ष 2018 में इस मोटरमार्ग निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य आशा डिमरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डुंगरी-स्वीली और सेम मोटरमार्ग के लिये लंबा आंदोलन लड़ा। डुंगरी-स्वीली मोटरमार्ग का निर्माण तो हो गया है, लेकिन सेम मोटरमार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है। जिस कारण ग्रामीणों को कई किमी का पैदल सफर अभी भी तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि मोटरमार्ग का निर्माण सेम से होते हुए स्व. दीपक डिमरी राजकीय इंटर कॉलेज से दरमोला तक किया जाए।



- मंत्री, विधायक से लेकर अभियंताओं ने किया गरीब जनता को परेशान,
- ग्रामीणों ने उठाई जल्द राइंका स्वीली-सेम मोटरमार्ग निर्माण की मांग,
- मोटरमार्ग न होने के कारण अध्यापकों, बच्चों व सेम गांव के ग्रामीणों को हो रही दिक्कतें

सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष कृष्णानंद डिमरी ने कहा कि लंबे समय से सेम गांव को मोटरमार्ग से जोड़ने के लिये संघर्ष किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से लेकर जिला प्रभारी मंत्री एवं काबीना मंत्री, क्षेत्रीय विधायक और संबंधित विभाग को अवगत करा दिया गया है, लेकिन अभी तक पांच किमी सड़क निर्माण के लिए प्रथम चरण के आंगणन की स्वीकृति नहीं मिली है। डिमरी ने बताया कि शासन की नीति के अनुसार राजकीय इंटर कॉलेजों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाना है। यदि यह इंटर कॉलेज सड़क मार्ग से जुड़ता है तो अध्यापकों, अभिभावकों व बच्चों के साथ ही आस-पास के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही सेम गांव से लगातार हो रहे पलायन पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि सेम गांव के सड़क से न जुड़ने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण कई किमी का पैदल सफर तय करने को मजबूर हैं। उन्होंने शीघ्र ही सेम-राजकीय इंटर कॉलेज स्वीली-दरमोला मोटरमार्ग निर्माण की मांग की है।

## दिवंगत पूर्व सदस्यों को विधायकों ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन की कार्यवाही पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि और शोक प्रस्ताव के साथ संपन्न हो गई। पहले दिन सदन की कार्यवाही के दौरान निधन पर शोक संदेश दिया गया है। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष तमाम जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के भीतर उठाएगा। साथ ही नेता प्रतिपक्ष ने यूसीसी पर कहा कि सरकार जल्दबाजी में इसे पारित करने जा रही है, लेकिन उन्हें अध्ययन करने के लिए समय चाहिए। साथ ही कहा कि सदन के भीतर यूसीसी के मुद्दे को भी विपक्ष उठाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा सत्र के पहले दिन की कार्यवाही संपन्न हो गई है। इसके बाद सदन की कार्वाई 6 फरवरी सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। सदन की कार्यवाही के पहले दिन निधन प्रस्ताव के बाद सदन की कार्वाई कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले एक सीटिंग और 5 पूर्व विधायकों के निधन का संदेश पढ़ा गया। हाल ही में 6 नेताओं का निधन हुआ है। इसमें एक सीटिंग विधायक और 5 पूर्व विधायक शामिल हैं। सदन में बसपा विधायक शरबत करीम अंसारी, कुंवर राजा नरेंद्र सिंह, धनीराम सिंह नेगी, मोहन सिंह रावत (गांववासी), किशन सिंह तगाड़ी और पूरनचंद्र शर्मा का निधन संदेश पढ़ा गया। सबसे पहले नेता सदन पुष्कर सिंह धामी ने निधन संदेश पढ़ना शुरू किया। इस दौरान सीएम धामी ने सभी दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम के बाद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शोक संदेश पढ़ा। हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने सदन के भीतर नेता सदन पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया कि पूर्व विधायकों के निधन पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जानी चाहिए। मदन कौशिक ने ये बात कुंवर राजा सिंह के निधन के शोक पर बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सीटिंग विधायक के निधन पर राजकीय सम्मान से विदाई दी जाती है। इस पर सीएम धामी ने कहा कि इसका जीओ देखा जायेगा। पहले दिन की पूरी कार्वाई निधन संदेश पर ही केंद्रित रही। निधन संदेश के दौरान संसदीय कार्य मंत्री, कैबिनेट मंत्री समेत तमाम विधानसभा सदस्यों ने अपनी संवेदनाओं को व्यक्त किया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने दिवंगत नेताओं से जुड़ी तमाम यादों को भी सदन में लोगों के सम्मुख रखा।



- विधानसभा में विशेष सत्र के पहले दिन की कार्यवाही संपन्न
- पूर्व विधायकों को राजकीय सम्मान के साथ दी जाए अंतिम विदाई: कौशिक
- राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई के लिए देखा जाएगा शासनादेश: सीएम

## सात फरवरी को हल्द्वानी में होगा यूथ कांग्रेस का अधिवेशन

हल्द्वानी, 5 फरवरी (देशबन्धु)। यूथ कांग्रेस 7 फरवरी को अग्निवीर योजना के खिलाफ एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने हल्द्वानी के कांग्रेस स्वराज आश्रम में इसे लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया जिस तरह केंद्र सरकार ने सेना में जाने वाले युवाओं के साथ छल किया है, उसको लेकर अब कांग्रेस युवाओं के बीच जा रही है। 7 फरवरी को हल्द्वानी के मधुबन वैंक्वेट हॉल में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जाना है। जिसमें कुमाऊं भर से अग्निवीर भर्ती से छले युवाओं से कांग्रेस का केंद्रीय आलाकमान वार्ता करेगा।

- अग्निवीर योजना के खिलाफ कांग्रेस करेगी हल्ला बोल

यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सलाहकार और कांग्रेस एक्स आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई नेताओं के अलावा कुमाऊं भर से युवा इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। यहीं से आने वाले समय में अग्निवीर योजना के खिलाफ पूरे देश भर में युवाओं का माहौल बनाया जाएगा।

यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा जिस दिन से अग्निवीर योजना की लॉन्चिंग की गई तब से कांग्रेस देश के युवाओं के साथ खड़ी है। सुमित्तर भुल्लर ने कहा उत्तराखंड से बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं। यहां के युवा अग्निवीर योजना की खामियों चलते सेना में जाने से अब कतरा रहे हैं। युवाओं के दर्द को कांग्रेस अब पूरे जोर शोर से उठाने जा रही है। सुमित्तर भुल्लर ने कहा कांग्रेस युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कांग्रेस को भी युवाओं का साथ मिल रहा है। इसे देखते हुए यूथ कांग्रेस 7 फरवरी को अग्निवीर योजना के खिलाफ एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

# प्रादेशिकी

## बजट में शिक्षा पर विशेष ध्यान

**लखनऊ,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार ने 2024-25 में प्रदेश का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई प्राविधान किए हैं। इसमें बेसिक शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ नए छात्रों के प्रवेश के लिए बजट की व्यवस्था की गई है तो माध्यमिक शिक्षा में आईसीटी लैब की व्यवस्था के साथ उच्च और प्राविधिक शिक्षा के तहत नए विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण की ओर ध्यान दिया गया है। बेसिक शिक्षा के तहत योगी सरकार ने कक्षा-1 से 8 तक अध्ययनरत लगभग दो करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ तथा स्कूल बैग हेतु 350 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। बेसिक शिक्षा के तहत छात्र-छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए क्रय प्रक्रिया को बंद करते हुए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसके अलावा, वंचित एवं दुर्बल वर्ग के 2 लाख से अधिक बच्चों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए 255 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 2023-2024 में 300 करोड़ रुपए से ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना कराई जा रही है जिसके लिए 2024-2025 में 498 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था की गई है।

**वनटांगिया गावों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित**

वनटांगिया गावों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित किए गए हैं तो गरीबी रेखा से ऊपर के लगभग 30 लाख छात्रों को नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 168 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। माध्यमिक शिक्षा के तहत, 2024-2025 तक प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने एवं प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब की व्यवस्था किए जाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत 516.64 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। यही नहीं,नए राजकीय संस्कृत विद्यालयों की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 10.46 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, सैनिक स्कूल, गोरखपुर के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। उच्च शिक्षा में विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद मंडल मे एक राज्य विश्वविद्यालय तथा देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय हेतु 51.20 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 30 करोड़ रुपए, नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना तथा राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किए जाने के लिए 55 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दूसरी तरफ, प्राविधिक शिक्षा के तहत, प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 75 राजकीय पालीटेक्निक निर्माणाधीन/अवस्थापना की प्रक्रिया में हैं, जिन्हें जल्द ही पीपीपी मोड पर संचालित किया जाएगा।

**गर्मियों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को दो हजार करोड़**

उत्तर प्रदेश को सस्ती और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने बजट 2024-25 में इसकी व्यवस्था की है। गर्मियों में अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए योगी सरकार ने 2000 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित है। यह राशि 2023-24 की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही योगी सरकार ने निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति के लिए 1800 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2023-2024 में अप्रैल से दिसम्बर तक जनपद मुख्यालय पर 24 घंटे, तहसील मुख्यालय पर 21:34 घन्टे और ग्रामीण क्षेत्र में 18:09 घन्टे विद्युत आपूर्ति की गई। वर्ष 2017-18 से 1,21,324 मजरे विद्युतीकृत किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत गरीब परिवारों को नि:शुल्क और अन्य ग्रामीण परिवारों को 50 रुपए की 10 मासिक किश्तों में बिजली कनेक्शन देने की सुविधा दी गई है। इस योजना में 62.18 लाख इच्छुक घरों को विद्युत संयोजन निर्गत किए गए।

पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वित्तीय वर्ष 2016-2017 में 16,348 मेगावॉट थी, को वर्ष 2022-2023 में बढ़ाकर 28,900 मेगावॉट तक किया गया है जिसे वित्तीय वर्ष 2023-2024 तक बढ़ाकर 31,500 मेगावॉट तक किया जाना लक्षित है। भारत सरकार की ग्रीन एनर्जी कारिडोर-2 परियोजना के अन्तर्गत प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन हेतु 4000 मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क का विकास किया जाना नियोजित है। वर्ष 2016-2017 में उत्पादन निगम लिमिटेड की इकाईयों का कुल विद्युत उत्पादन 33,556 मिलियन यूनिट था जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 39,746 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन प्राप्त किया गया है। अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत के तहत पीएम कुसुम घटक सी-1 के अन्तर्गत निजी ऑनग्रिड पम्पों के सोलराईजेशन हेतु 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में दो गुना है। इसी तरह उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति, 2022 के क्रियान्वयन हेतु 60 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत आगामी 5 वर्षो में 22000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में वर्ष 2017 में 288 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थी जो अब लगभग 2600 मेगावॉट है। प्रदेश में अब तक 328 मेगावॉट की सोलर रूफटॉप परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी है। अयोध्या एवं वाराणसी शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक मार्ग प्रकाश की सुविधा हेतु अब तक लगभग 3.35 लाख सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्रों की स्थापना करायी जा चुकी है।




### स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का आगाज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के युवाओं को नया उपहार दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि उत्तर प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। नए सूक्ष्म उद्यों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उददेश्य से योगी सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों-यूनिट्स को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में एक मिलियन यूनिट्स को सीधे लाभान्वित किया जायेगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/ डिप्लोमा/ डिग्री युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5.00 लाख तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाईयां पात्र होंगी।

### अधिवक्ताओं को उत्तर प्रदेश सरकार ने दी बड़ी सौगात

**लखनऊ।** योगी सरकार के अबतक के सबसे बड़े बजट में प्रदेश के अधिवक्ता कल्याण और न्यायालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश के अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि को 200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए किये जाने का निर्णय लिया है। वहीं उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा को भी 1.50 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज में निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। तो वहीं प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायालयों की स्थापना के लिए भी 300 करोड़ रुपए प्रदान किये जाएंगे। यही नहीं पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत न्यायालय परिसर के निर्माण के लिए योगी सरकार इस वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ रुपए देगी।

## शोभित विवि में मनाया जाएगा प्रेरणा दिवस



- **तीन दिवसीय कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं दिखाएंगे प्रतिभा**
- **6 से 8 फरवरी तक विवि में आयोजित होंगे कार्यक्रम**
- **बाबू विजेंद्र कुमार के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है प्रेरणा दिवस**

**मेरठ,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 6 फरवरी से 8 फरवरी तक प्रेरणा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रेरणा दिवस को विश्वविद्यालय के प्रेरणा स्त्रोत बाबू विजेंद्र कुमार के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। विवि द्वारा इस उपलक्ष में तीन दिवसीय अंतर विवि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ 6 फरवरी 2024 को तथा समापन 8 फरवरी 2024 को होगा। उद्घाटन प्रात: 10 बजे विवि के कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य आकर्षण एनसीसी के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट कर होगा। उसके उपरांत फुटबॉल मैच से खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत की जाएगी। अगले दिन यानि 7 फरवरी को पोस्टर मेकिंग, 200 मीटर रेस, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, हाई जंप, टग ऑफवॉर, थ्रो बॉल, वॉलीबॉल आदि खेलों का आयोजन होगा। आठ फरवरी 2024 को वार्षिक खेल प्रतियोगिता के आखिरी दिन ज्यादातर मैचों के फाइनल मैच खेले जाएंगे उसी दिन शोभित विवि रोटरी क्लब एवं प्यारेलाल सरकारी अस्पताल के साथ मिलकर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन पिछले 20 सालों से प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वर्ष 100 से अधिक यूनिट दान दी जाती हैं। जिस में मुख्य रुप से शोभित विवि के छात्र एवं पुरातन छात्र विशेष योगदान देते आ रहे है। हमेशा की तरह शोभित विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र सबसे पहले रक्तदान कर कैंप का उद्घाटन करेंगे। इस कैंप में विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक तथा बाहर के लोग भी आकर रक्तदान करते हैं। दोपहर बाद खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर जयानंद एवं कुलसचिव डॉ.गणेश भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह में कुंवर शेखर विजेंद्र सभी विजेताओं को अपने हाथों से मैडल तथा ट्रॉफी प्रदान करेंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना (मेरठ)

पत्रांक : 1382/कर विभाग/न0पा0परि0/2023-24 दिनांक : 05-02-2024

:: विज्ञप्ति ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मवाना कर निर्धारण सूची में भवन कर में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों, पंजीकृत बैनामा/विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन संख्या अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना-पत्र दिये गये है। उक्त नामान्तरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत सूचना जारी की जाती है, यदि आप किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यशील दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्रम सं0 | नाम क्रेता, पिता/पति का नाम | नाम विक्रेता, पिता/पति का नाम | मौहल्ला | भवन संख्या | कर निर्धारण वर्ष | प्रस्तुत किया गया साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सारिका गोयल पत्नि अमित कुमार | आकाश मित्तल पुत्र जय कुमार | काबलीगेट | 1228/69 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 2 | यामीन पुत्र अल्लामेहर | इशहाक, यामीन, इस्लामुद्दीन, निजामुद्दीन पुत्र अल्लामेहर | कल्याणसिंह | 3230 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 3 | इरफान, नवाबुद्दीन, युनूस पुत्र गुलशेर | गुलशेर पुत्र हफीज | कल्याणसिंह | 3137 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 4 | गीता देवी पत्नि महेशबाबू | रामे पत्नि निरंजन | हीरालाल | 994/1ए | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 5 | सुमन कौशिक पत्नि राजेन्द्र प्रकाश | सौरभ शर्मा व विभोर शर्मा पुत्र ओमप्रकाश | मुन्नालाल | 517, 516, 1/2 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 6 | राजीव कुमार पुत्र स्व0 सुखबीर सिंह | श्राजीव, संजीव, मनोज, मधुकान्त पुत्रगण सुखबीर सिंह, मुक्ता पुत्री सुखबीर सिंह, मृदुला पत्नि अजय कुमार, आकाश पुत्र अजय कुमार | हीरालाल | 358 | 2023-24 | दान पत्र के आधार पर |
| 7 | रिजवान पुत्र इस्लाम | आस मौहम्मद, शमीम, नसीम | कल्याणसिंह | 3527 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 8 | मौ0 मोमिन, मौ0 मोहसीन पुत्र यामीन | अतीक अहमद पुत्र लतीफ सैफी | कल्याणसिंह | 3620 | 2023-24 | न्यायालय के आदेश के आधार पर |
| 9 | सुषमा चौहान पत्नि नितिन चौहान | रूषा रस्तोगी पत्नि मयंक रस्तोगी | काबलीगेट | 2500/5बी | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 10 | मंजीत सिंह पुत्र जगवती सिंह | मेघा देवी पत्नि मनोज कुमार | काबलीगेट | 1228/28 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 11 | आजाद अली, अब्दुल रहमान, फैयजाब पुत्र अल्लादिया | अल्लादिया पुत्र राजी | कल्याणसिंह | 1441 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 12 | प्रवीण कुमार पुत्र धर्मवीर | लक्ष्मी देवी पत्नि धर्मवीर सिंह | हीरालाल | 70 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 13 | ओमवती पत्नि स्व0 ओमवीर व दीपक चौहान पुत्र स्व0 ओमवीर | ओमवीर सिंह पुत्र ताराचन्द | काबलीगेट | 2140, 2140/1, 2140/2, 2140/3, 2140/4, 596 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 14 | मौ0 इश्त्याक पुत्र कमरूद्दीन | अमीना पत्नि सगीर अहमद | कल्याणसिंह | 2323/4 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 15 | बिलाल व मौ0 अफजल पुत्रगण आशिक अली | रहमतुनिशा पत्नि सिराजुद्दीन व इशरत पत्नि आशिक अली | हीरालाल | 1195/2 | 2023-24 | वसीयत के आधार पर |
| 16 | अंकुर रस्तोगी पुत्र विजय कुमार | राशिदा बेगम पत्नि ताहिर व जैनबमतलूब पत्नि मौ0 तालिब | कल्याणसिंह | 442/9 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 17 | जयश्री पालीवाल पत्नि रविन्द्र मोहन पालीवॉल | उदित गोयल पुत्र हरिप्रकाश गोयल | हीरालाल | 1674 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 18 | सुमन प्रकाश पुत्र धर्मपाल | कृष्णचन्द पुत्र जयप्रकाश | काबलीगेट | 632 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 19 | रवि रस्तोगी पुत्र कमल रस्तोगी | मधु उर्फ मीना पत्नि आनन्द किशोर | हीरालाल | 60 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 20 | आलोक कुमार पुत्र भोपाल सिंह | बोधराज, हेमराज पुत्र पुन्य प्रकाश, धर्मप्रकाश पुत्र बद्रीप्रकाश | कल्याणसिंह | 828/9 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 21 | अफजाल पुत्र वाजिद | हाजरा पत्नि इल्यास | हीरालाल | 1202 | 2023-24 | वसीयत के आधार पर |
| 22 | राशिद पुत्र मौ0 इल्यास | हाजरा पत्नि इल्यास | हीरालाल | 1203 | 2023-24 | वसीयत के आधार पर |
| 23 | कृष्ण पुत्र पीतरचन्द | बोधराज, हेमराज पुत्र पुन्य प्रकाश, धर्मप्रकाश पुत्र बद्रीप्रकाश | कल्याणसिंह | 828/3 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 24 | कलवा पुत्र स्व0 रमजान | रमजान पुत्र जहारिया | कल्याणसिंह | 3148/1ए | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 25 | मुनेश पत्नि स्व0 सतीश कुमार | सतीश कुमार पुत्र दलेल सिंह | हीरालाल | 42 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 26 | मौ0 सादाब पुत्र नदीम | हसरत पुत्र ढोला | काबलीगेट | 1707 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 27 | रेहान अहमद पुत्र सईइ अहमद | सईद अहमद पुत्र अब्दुल मजीद | कल्याणसिंह | 2152 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 28 | सालेहीन पत्नि मौ0 शाहआलम | राजेन्द्र कुमार पुत्र हरशरण | तिहाई | 1485 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 29 | अब्दुल आहद पुत्र इन्तेजार | इन्तेजार पुत्र अब्दुल वहीद | मुन्नालाल | 1350 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 30 | आसिफा पत्नि नवाबुद्दीन | बाला पत्नि जीत सिंह | हीरालाल | 1166 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 31 | प्रवीण कुमार शर्मा पुत्र कृष्णपाल | विनय शर्मा पुत्र ओमपाल शर्मा | मुन्नालाल | 1721/20 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 32 | इन्तजार पुत्र अकबर अली | अकबर अली पुत्र शमसुद्दीन | तिहाई | 1652 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 33 | रईसा पत्नि इस्तखार | अमीर अहमद पुत्र शमसुद्दीन | तिहाई | 1653 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 34 | परवेज, मौ0 जावेद, दानिश पुत्र मल्लू | मौ0 आमिर पुत्र खुशी मौ0 व सरजिमा, रूकैय्या पत्नि खुशी मौ0 | कल्याणसिंह | 231 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 35 | रईसा पत्नि इस्तखार | मौ0 नाजिम पुत्र अख्तर | मुन्नालाल | 1566/1 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 36 | नीरज कौषिक पुत्री विरेन्द्र व दिपान्षु पुत्र कुलदीप | सुशील कुमार पुत्र त्रिलोकी | काबलीगेट | 2361 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 37 | शकील पुत्र शमीम | खलील पुत्र शमीम | काबलीगेट | 2134 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 38 | वकीला पत्नि सलीम | सलीम पुत्र मजीद | काबलीगेट | 335 | 2023-24 | दान पत्र के आधार पर |
| 39 | रहनुमा पत्नि मौ0 असलम | मौ0 आसिफ पुत्र इरशाद व तनवीर आलम पुत्र जमीर अहमद | काबलीगेट | 2138 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 40 | स्वेता अग्रवाल पत्नि लोकेष अग्रवाल, पिकी पत्नि विषाल अग्रवाल | बोधराज, हेमराज पुत्र पुन्य प्रकाश, धर्मप्रकाश पुत्र बद्रीप्रकाश | कल्याणसिंह | 828/2, 828/30 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 41 | शबाना पत्नि माईदुल इस्लाम | शिव कुमार आर्य पुत्र स्व0 कालूराम | कल्याणसिंह | 3698/1 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 42 | रूखसार सैफी पत्नि अजरूद्दीन | लता रानी पत्नि सजीव कुमार | कल्याणसिंह | 2158 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 43 | सुलभ कौशिक पुत्र प्रदीप कुमार कौशिक | प्रदीप कुमार पुत्र दयाप्रकाश | मुन्नालाल | 1113 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 44 | सतेन्द्र कुमार पुत्र तेजपाल सिंह | अतुल कुमार शर्मा पुत्र रतन लाल शर्मा | काबलीगेट | 1230 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 45 | कुलदीप पुत्र रामनिवास | स्वदेश कुमार, महेश कुमार, पुत्र मांगेराम | कल्याणसिंह | 1802 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 46 | श्यामलाल पुत्र तुलसी | वेदपाल पुत्र भगवाना | तिहाई | 868 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 47 | विनोद रस्तोगी पुत्र बाबूराम | सविता पत्नि राकेश कुमार | खैरातअली | 598 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 48 | पंकज बंसल पुत्र मुनेष्वर | लखमीरी देवी पत्नि रामफल | तिहाई | 2443 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |

(राजीव कुमार)
अधिशासी अधिकारी

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 6 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17


**वीर दास ने टूर से लिया ब्रेक, को-डायरेक्ट करने के साथ-साथ फिल्म में करेंगे एक्टिंग**

**मुंबई।** स्टैंड अप स्टार और एक्टर वीर दास ने शेयर किया है कि वह तीन महीने के लिए टूर से ब्रेक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एक फिल्म को को-डायरेक्ट करने के साथ-साथ उसमें एक्टिंग भी करेंगे। वीर ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर एक मैसेज शेयर किया, 'कल भारत वापस आऊंगा'। उन्होंने अपने अगले टूर के बारे में ज्यादा जानकारी दिए बिना कहा कि यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अगले तीन महीनों तक मैं कोई टूर नहीं करूंगा। मैं आने वाले समय में एक फिल्म को को-डायरेक्ट करने के साथ-साथ उसमें एक्टिंग भी करुंगा। फिल्म निर्माता निखिल आडवाणी ने कमेंट सेक्शन में लिखा, आह मैं देख रहा हूं कि आपने इसे कैसे हैंडल किया है। जब आप वापस आओगे, तो जरूर मिलेंगे।

कोविड संक्रमण को लेकर शोधकर्ताओं का खुलासा

# हल्के कोविड-19 संक्रमण से पीड़ित लोगों को अनिद्रा का खतरा

- **बिस्तर पर जाने से कम से कम एक घंटे पहले अपना फोन बंद करना**
- **प्रतिदिन 30 मिनट व्यायाम करना और शाम 4 बजे के बाद कैफीन से परहेज करना**



**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। एक शोध में इस बात का खुलासा किया गया है कि हल्के कोविड-19 संक्रमण से पीड़ित लोगों को इंसोमनिया (अनिद्रा) की बीमारी हो सकती है। यह खासकर पहले से ही चिंता या अवसाद से पीड़ित लोगों में ज्यादा देखी जा सकती है। इस बात का पहले से ही पता है कि जिन कोविड पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनमें यह समस्या आम थी। फेनिका यूनिवर्सिटी वियतनाम की एक टीम का लक्ष्य हल्के कोविड रोगियों में इसके प्रभाव का पता लगाना था। फ्रंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित लेख में टीम ने पाया कि उनके प्रारंभिक संक्रमण की गंभीरता उनके द्वारा अनुभव की गई अनिद्रा की गंभीरता से मेल नहीं खाती है। हालांकि, बिना लक्षण वाले कोविड रोगियों को अनिद्रा सूचकांक में कम अंक मिले, लेकिन अंतर सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण नहीं था। विश्वविद्यालय के मुख्य लेखक हुआंग टी. एक्स. होआंग ने कहा कि यदि अनिद्रा आपको ज्यादा परेशान नहीं करती है, तो आप कुछ सरल कदम उठा सकते हैं, जैसे सोने से पहले गर्म पानी से स्नान करना, बिस्तर पर जाने से कम से कम एक घंटे पहले अपना फोन बंद करना, प्रतिदिन 30 मिनट व्यायाम करना और शाम 4 बजे के बाद कैफीन से परहेज कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि यदि नींद वास्तव में आपको परेशान करती है तो आप कुछ ओवर-द-काउंटर नींद सहायता आजमा सकते हैं। यदि वे मदद नहीं करते हैं तो आप किसी स्लीप थेरेपिस्ट के पास जा सकते हैं।शोध के लिए टीम ने 18 वर्ष से अधिक आयु के 1,056 लोगों को भर्ती किया, जिनमें कोविड का निदान किया गया था, लेकिन, पिछले छह महीनों में उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया था। साथ ही जिनको नींद न आने की कोई समस्या नहीं थी।उन्होंने इन लोगों को जून और सितम्बर 2022 के बीच पूरा करने के लिए एक सर्वेक्षण भेजा। लगभग 76.1 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अनिद्रा का अनुभव किया, इनमें से 22.8 प्रतिशत लोगों ने गंभीर अनिद्रा की शिकायत की। आधे प्रतिभागियों ने कहा कि वे रात में अधिक बार जागते हैं, जबकि एक तिहाई ने कहा कि उन्हें सोने में कठिनाई होती है, उनकी नींद खराब होती है और वे कम समय तक सोते हैं।

## सीवेज नमूनों में जेएन-1 कोविड वेरिएंट को ट्रैक करता है बेंगलुरु स्टार्टअप का जीन एडिटिंग टूल

**बेंगलुरु।** शहर में कोविड के अत्यधिक संक्रामक जेएन-1 वेरिएंट को ट्रैक करने के लिए बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप क्रिस्प्रबिट्स का एक नया जीन एडिटिंग प्लेटफॉर्म ओमीक्रिस्प सीवेज नमूनों की निगरानी कर रहा है। ओमीक्रिस्प गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोना वायरस-2 के त्वरित निदान और निगरानी के लिए 'क्लस्टर्ड रेगुलर इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स' (सीआरआईएसपीआर) एक महत्वपूर्ण जीन-एडिटिंग तकनीक पर आधारित टेस्टिंग प्लेटफॉर्म है। कंपनी ने कहा कि ओमीक्रिस्प हर हफ्ते बेंगलुरु के 14 इलाकों से सीवेज नमूनों में ओमीक्रॉन-व्युत्पन्न जेएन.1 संस्करण की निगरानी कर रहा है। सीआरआईएसपीआर-आधारित परीक्षण न केवल वायरस का पता लगाता है, बल्कि चिंता के अन्य पहले से ज्ञात वेरिएंट से ओमिक्रॉन वंश के वेरिएंट को भी अलग करता है। अनुक्रम परिवर्तनों के कारण सिग्नल की अनुपस्थिति पर निर्भर होने के बजाय, तकनीक विशेष रूप से वायरस के उत्परिवर्तन के कारण वास्तविक आधार परिवर्तनों में भेदभाव कर सकती है। कंपनी ने कहा कि जर्नल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोमेडिसिन में ओमीक्रिस्प को 80 क्लिनिकल नमूनों और 160 से अधिक अपशिष्ट जल नमूनों में 99 प्रतिशत सटीकता के साथ मान्य किया गया था।क्लिनिकल नमूनों को अत्यधिक सटीक अगली पीढ़ी के अनुक्रमण प्लेटफ़ॉर्म के विरुद्ध सत्यापित किया गया, जबकि अपशिष्ट जल के परिणामों की तुलना अनुमोदित क्यूआरटीपीसीआर परीक्षणों का उपयोग करके की गई।अध्ययन के लेखक, मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी और क्रिस्प्रबिट्स के सह-संस्थापक विजय चंद्र ने कहा कि ओमीक्रिस्प सत्यापन पर्यावरण नमूनों में सीआरआईएसपीआर-आधारित परीक्षण को नियोजित करने वाले पहले अध्ययनों में से एक है। विशेष रूप से सीआरआईएसपीआर-आधारित परीक्षण ने सीवेज से प्राप्त खराब-गुणवत्ता वाले नमूनों के प्रति सहनशीलता का प्रदर्शन किया।

## माधुरी दीक्षित को सुनील शेट्टी के साथ फिल्मों में काम न करने का अफसोस



**मुंबई,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। सिनेमा में चार दशक से अधिक लंबे करियर वाली अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने ने शो 'डांस दीवाने' में अभिनेता सुनील शेट्टी के साथ जज के तौर पर एक साथ आने पर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने अफसोस जताते हुए कहा कि उन्होंने पहले कभी एक साथ काम क्यों नहीं किया।

माधुरी और सुनील शो 'डांस दीवाने' में बतौर जज नजर आ रहे हैं। उसी के बारे में बात करते हुए माधुरी ने कहा कि शो में सुनील अद्भुत हैं। यह उनके साथ मेरा पहला सहयोग है, और मुझे नहीं पता कि हमने पहले कभी एक साथ काम क्यों नहीं किया। हालांकि हमने फिल्मों में स्क्रीन साझा नहीं की है। लेकिन यह अवसर सामने आया है, जिसका में भरपूर आनंद ले रही हूं।

अभिनेत्री ने कहा कि पहले मुझे उनके साथ काम करने में असहज महसूस हुआ, लेकिन जैसे ही उन्होंने सेट पर कदम रखा और अपनी टिप्पणियां देनी शुरू की, तो मैं उनकी सहजता से बहुत प्रभावित हुई। उनके बात करने का तरीका अद्भुत है। जब दर्शक उन्हें जज के रूप में देखेंगे तो वे उनसे बेहद प्यार करेंगे। यदि माधुरी को सुनील को एक गाना समर्पित करने और इस शो के लिए पारिवारिक थीम सेट पर उनके साथ प्रदर्शन करने का मौका दिया गया, तो वह कौन सा गाना होगा? उन्होंने कहा कि ठीक है, मुझे उनकी एक फिल्म का गाना 'झांझरिया उसकी छनक गई' बहुत पसंद है और मैं निश्चित तौर पर उनके साथ वह गाना करूंगी। झांझरिया गाना 1996 की एक्शन फिल्म कृष्णा से है, जिसमें सुनील और करिश्मा कपूर ने अभिनय किया था। माधुरी ने कहा कि सुनील एक अद्भुत इंसान हैं, वह जमीन से जुड़े हुए एक खूबसूरत इंसान हैं। डांस दीवाने कलर्स पर प्रसारित होता है।

## 20 साल का हुआ फेसबुक, जुकरबर्ग से कहा लव यू डैड

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। फेसबुक ने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इसे मार्क जुकरबर्ग ने 2004 में लॉन्च किया था, जो वक्त के साथ तेजी से सबसे पसंदीदा सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बन गया। इंस्टाग्राम पर जुकरबर्ग ने फेसबुक पर अपने शुरुआती दिनों की तस्वीरें शेयर कीं।

जुकरबर्ग ने इंस्टाग्राम पर एक रील साझा करते हुए पोस्ट किया, जिसमें उनकी पुरानी फेसबुक डिस्प्ले पिक्चर भी शामिल है, 20 साल पहले मैंने एक चीज लॉन्च की थी। बहुत सारे अद्भुत लोगों ने इसे ज्वाइन किया और इसे एक बेहतरीन चीज में बदल दिया। हम आज भी इसे और बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं। फेसबुक के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल ने कमेंट किया, लव यू डैड। अपने लॉन्च के एक साल से भी कम समय में, फेसबुक के पास 10 लाख यूजर्स थे, और 4 साल के भीतर इसने अपने प्रतिद्वंद्वी माइस्पेस को पीछे छोड़ दिया था। 2012 तक, फेसबुक ने प्रति माह एक अरब यूजर्स को पार कर लिया था। 2023 के अंत में, फेसबुक ने बताया कि उसके 2.11 बिलियन डेली यूजर हैं। मेटा के ऐप्स का परिवार, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और व्हाट्सएप शामिल हैं, अब चौथी तिमाही में हर दिन 3.19 बिलियन लोगों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। 31 दिसम्बर, 2023 तक फैमिली मंथली एक्टिव लोगों का आंकड़ा 3.98 बिलियन था, जो साल-दर-साल छह प्रतिशत की वृद्धि है।



मेटा के शेयर मूल्य में उछाल के बाद मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग अब दुनिया के पांचवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा अब एक विज्ञापन दिग्गज कंपनी है।

मेटा ने पिछले हफ्ते 2023 की अंतिम तिमाही में 40 बिलियन डॉलर से ज्यादा राजस्व और लगभग 14 बिलियन डॉलर का लाभ दर्ज किया। इंस्टाग्राम थ्रेड्स अब 130 मिलियन मंथली एक्टिव यूजर्स तक पहुंच गया है, जो पिछली तिमाही से 30 मिलियन ज्यादा है। जुकरबर्ग ने कंपनी की चौथी तिमाही की अर्निंग कॉल के दौरान कहा कि थ्रेड्स लगातार बढ़ रहा है। थ्रेड्स का एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग लॉन्च हुआ था, जो पिछले जुलाई में अपने पहले पांच दिनों के भीतर 100 मिलियन रजिस्टर्ड यूजर्स तक पहुंच गया था, लेकिन समय के साथ इसमें रुचि कम हो गई।

## विधवा बहू का चचेरे ससुर पर आया दिल

- **थाना परिसर स्थित मंदिर में कराई गई शादी**

**गोपालगंज,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र से रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना प्रकाश में आई है, जहां विधवा बहू को अपने ही चचेरे ससुर से प्रेम हो गया। रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने जब इस संबंध का विरोध किया तो मामला थाना पहुंच गया। बाद में थाना परिसर स्थित मंदिर में दोनों की शादी करवा दी गई। यह पूरा मामला भोरे थाना क्षेत्र के दुबवलिया गांव का है, जहां एक युवक की छह माह पहले एक दुर्घटना में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद उसकी पत्नी के सामने चार बच्चों की परवरिश की समस्या आ गई। वह इस समस्या से लड़ रही थी, तभी उसके चचेरे ससुर ने मदद का हाथ बढ़ाया।

इसी बीच विधवा का दिल अपने ससुर पर आ गया और दोनों काफी करीब आ गए। जब इस रिश्ते की जानकारी रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों को हुई तो विरोध शुरू हो गया। महिला लगातार अपने चचेरे ससुर पर शादी का दबाव बना रही थी। महिला के परिजन लगातार इस रिश्ते को तोड़ने का दबाव बना रहे थे। रविवार को यह मामला थाना पहुंच गया। थाना पुलिस ने भी काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन, जब बात नहीं बनी तो शाम को थाना परिसर स्थित मंदिर में ही दोनों की शादी करा दी गई।



इस शादी से महिला काफी खुश है। उसने कहा कि उसे जीवन का आसरा मिल गया। भोरे के थाना प्रभारी अनिल कुमार कहते हैं कि थाना परिसर में मंदिर है, जहां दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद दोनों को घर भेज दिया गया।



## इन्वेस्टमेंट बैंकर बनना चाहती थीं सई मांजरेकर, पढ़ाई छोड़ फिल्म इंडस्ट्री में रखा कदम

**मुंबई,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। सलमान खान स्टारर फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस सई एम मांजरेकर ने अपनी समग्र परवरिश के बारे में खुलासा करते हुए कहाकि वह पहले एक इन्वेस्टमेंट बैंकर बनना चाहती थीं। 2019 में एक्शन-कॉमेडी 'दबंग 3' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने के बाद, एक्टर और फिल्म निर्माता महेश मांजरेकर की बेटी सई ने 'गनी', 'मेजर' और 'स्कंदा' जैसी फिल्में की हैं।

सई ने कहा कि मेरी मां (मेधा मांजरेकर) एक नेचुरोपैथी डॉक्टर हैं। पालन-पोषण के मामले में, उन्होंने मुझे बहुत ही सरल और अच्छी परवरिश दी है। मैं इससे बहुत खुश हूं। उनके लिए पढ़ाई ही सब कुछ थी। वह चाहती थी कि मैं अपनी पढ़ाई पूरी कर लूं, जो मैंने अभी तक पूरी नहीं की है। सई ने आगे कहा कि मेरे पिता पूरी तरह से आर्टिस्टिक हैं, आप जो चाहते हैं वह करें, जो आपको पसंद है वह करें। और मैं एक समय एक इन्वेस्टमेंट बैंकर बनना चाहती था। इसलिए, मैं हमेशा स्कूल और ट्यूशन में रहती थी। पारिवारिक मूल्य मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

सई वर्तमान में अपनी फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें गुरु रंधावा हैं, और फिल्म एक हल्की-फुल्की रोमांटिक-कॉमेडी है।

## मैं लंबे समय से शिव भक्त हूं : अक्षय कुमार

**मुंबई,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। अक्षय कुमार अपने म्यूजिक वीडियो 'शंभू' के साथ एक शक्तिशाली अनुभव दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से शिव भक्त रहे हैं। 2023 की फिल्म 'ओएमजी 2' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अक्षय ने कहा कि शंभू मेरे दिल में एक गहरी जगह से आता है, जो केवल जय श्री महाकाल के नाम से धड़कता है! मैं लंबे समय से शिव भक्त रहा हूं लेकिन हाल ही में उनके साथ मेरा संबंध और उनके प्रति भक्ति और भी गहरी हो गई है। एक्शन स्टार का कहना है कि भगवान शिव शक्ति हैं, प्रेम हैं और जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं।

अक्षय ने कहा कि वह उद्धारकर्ता हैं, वह समर्पण हैं, जिसके प्रति हम सभी समर्पण करना चाहते हैं, वह सब कुछ हैं और अंत हैं। इस गीत के साथ, मैं बस उस अनंत चेतना को एक बूंद अर्पित करता हूं, जो शिव हैं! जय श्री महाकाल। शिव गान को बहुमुखी प्रतिभा के धनी अक्षय ने सुधीर यदुवंशी और विक्रम मॉन्ट्रोज़ के साथ गाया है। यह गाना 5 फरवरी को रिलीज़ हो रहा है, और इसका उद्देश्य आध्यात्मिक और उत्थानकारी संगीत अनुभव चाहने वाले भक्तों के साथ जुड़ना है।

'शंभू' विशेष रूप से टाइम्स म्यूजिक पर उपलब्ध होगा। टाइम्स म्यूजिक के सीईओ मंदार ठाकुर ने कहा कि हम इस दिव्य संगीत उद्यम में अक्षय कुमार के साथ सहयोग करके रोमांचित हैं। 'शंभू' सिर्फ एक गाना नहीं है, यह ऑडियो और सिनेमाई दृश्य अनुभव का एक असाधारण मिश्रण है।

## शादी के लिए वकील ने रची साजिश, पांच गिरफ्तार

- **तीसरी शादी बुलंदशहर में की है और चौथी शादी करने की तैयारी में था**

**इटावा,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में अपने से तीस साल छोटी माशूका से चौथा विवाह रचाने के लिए एक वकील ने खतरनाक साजिश रची मगर पुलिस ने साजिशकर्ता वकील और उसकी माशूका समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने सोमवार को बताया कि मामले के खुलासे के लिए करीब 300 कैमरे खंगाले गए और करीब 100 घंटे की रिकॉर्डिंग को चेक किया गया। मामला इटावा के फ्रेंड्स कॉलोनी थाना इलाके का है। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक लावारिस शव दो जनवरी को बरामद किया गया था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के जरुरी 72 घंटे के लिए उसे पोस्टमार्टम गृह पर रखवा दिया था। चार जनवरी को वकील हेतराम मित्तल (50) दो अन्य साथियों के साथ पहुंचे और शव की पहचान इटावा के रहने वाले अतुल कुमार के रूप में की और उसे अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

पुलिस की जांच में पता चला कि शव की पहचान वकील के तय किए हुए लोगों ने की। इसमें कथित रूप से मृतक के पिता दीनदयाल और अभि कुमार अतुल को अपना परिजन बताकर शव ले गए। मामला पूरी तरह खत्म हो चुका था, लेकिन 7 जनवरी को औरैया जिले के धर्मवीर राजपूत ने फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया। इसमें 2 जनवरी को मिले शव को अपना भाई सत्यवीर बताया और कहा कि वह मानसिक रूप से कमजोर था और घर से भाग के आ गया था। उसकी रेलगाड़ी की चपेट में आने की वजह से मौत हो गई थी।

प्रार्थना पत्र से पुलिस सकते में आ गई और शव को ले जाने वाले दीनदयाल और अभि कुमार की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद वकील हेतराम मित्तल को गिरफ्तार कर लिया गया। वकील ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अपनी पत्नी से परेशान था और 20 साल की प्रेमिका से शादी करना चाहता था। वह लगभग 5 साल से लड़की संपर्क में है। लड़की के पिता ने वकील के खिलाफ साल 2022 में बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कराया था।

मुकदमे से बचने के लिए वकील ने गर्लफ्रेंड की शादी कागजों में अतुल कुमार से करा दी, फिर अनजान शव को अतुल कुमार बताकर उसका अंतिम संस्कार कराया। इसके बाद प्रेमिका के पिता और मां को अतुल की हत्या के आरोप में फंसाने का प्लान बनाया। ताकि दोनों शादी कर सकें। मामले में सगीर अहमद का फर्जी आधार कार्ड अतुल कुमार के नाम से बनाकर आर्य समाज मंदिर और उच्च न्यायालय इलाहाबाद में शादी कराई।

वकील ने अज्ञात शव की तलाश के लिए लगभग आठ महीने तक इंतजार किया। आरोपी ने बड़ा लालच देकर लोगों के फर्जी दस्तावेज बनाकर साजिश को अंजाम दिया।

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पत्नी शिखा अग्रवाल ने बताया कि हेतराम हरियाणा के जींद का रहने वाला है। उसने मैट्रिमोनी अप के जरिए साल 2009 में उससे शादी की थी. उसने हरियाणा में पहले एक शादी करके रखी हुई है, दूसरी शादी उसके साथ की हुई है। तीसरी शादी बुलंदशहर में की है और चौथी शादी करने की तैयारी में था।

## माइली साइरस ने 'फ्लावर्स' के लिए जीता रिकॉर्ड ऑफ द ईयर का अवॉर्ड

**- 66वां ग्रैमी पुरस्कार -**

**लॉस एंजेलिस,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। सिंगर-सॉन्गराइटर माइली साइरस ने ग्रैमी अवार्ड्स के 66वें एडिशन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने अपने सॉन्ग 'फ्लावर्स' के लिए रिकॉर्ड ऑफ द ईयर का सम्मान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने इसी गाने के लिए बेस्ट पॉप सोलो परफॉर्मेंस कैटेगरी की ट्रॉफी जीती थी। सिंगर ने रिकॉर्ड ऑफ द ईयर कैटेगिरी में नॉमिनेटेड ओलिविया रोड्रिगो, जॉन बैटिस्ट, टेलर स्विफ्ट, बॉयजेनियस, बिली इलिश, विक्टोरिया मोनेट और एसजेडए को हराया। रिकॉर्डिंग एकेडमी ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर अपने ऑफिशियल हैंडल से विनर को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि रिकॉर्ड ऑफ द ईयर विनर 'फ्लावर्स' माइली साइरस को ग्रैमीज जीतने पर बधाई। माइली साइरस को इस साल 'एंडलेस समर वेकेशन' के लिए रिकॉर्ड, सॉन्ग और एल्बम ऑफ द ईयर जैसी प्रमुख कैटेगिरीज में 6 ग्रैमी के लिए नॉमिनेटेड किया गया था। उन्हें कुल आठ बार नॉमिनेटेड किया गया है। 66वां वार्षिक ग्रैमी अवार्ड्स क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना, लॉस एंजिल्स में आयोजित किया जा रहा है, शो के होस्ट ट्रेवर नोआ हैं। यह बेस्ट रिकॉर्डिंग, कंपोजिशन और आर्टिस्ट को मान्यता देता है।

### ग्रैमी अवॉर्ड लेते वक्त बोले शंकर महादेवन, 'हमें आप पर गर्व है, भारत'

म्यूजिशियन शंकर महादेवन और जाकिर हुसैन के 'शक्ति' बैंड ने 66वें ग्रैमी अवार्ड्स में भारत को गौरव के क्षण का एक अनूठा अहसास दिलाया। उन्होंने ग्लोबल म्यूजिक एल्बम अवॉर्ड्स को अपने नाम किया। अवॉर्ड लेते समय, महादेवन ने कहा कि भगवान, परिवार, दोस्तों और भारत को धन्यवाद। हमें तुम पर गर्व है भारत।

### फ्यूजन समूह `शक्ति' ने जीता ग्रैमी अवॉर्ड

**लॉस एंजेल्स।** भारतीय कलाकार शंकर महादेवन और जाकिर हुसैन के फ्यूजन समूह 'शक्ति' ने सोमवार को लॉस एंजिल्स में आयोजित 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड 2024 जीता।




फ़्यूजन बैंड को यह पुरस्कार उनके नए एल्बम 'दिस मोमेंट' के लिए मिला। 'दिस मोमेंट' क महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह 45 वर्षों में समूह का पहला नया एल्बम है। एल्बम में जॉन मैकलॉघलिन (गिटार, गिटार सिंथ), ज़ाकिर हुसैन (तबला), शंकर महादेवन (गायक), वी सेल्वगनेश (टक्कर वादक), और गणेश राजगोपालन (वायलिन वादक) जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिका निभायी है।

ग्रैमी के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गयी एक तस्वीर में, महादेवन और एक अन्य बैंड सदस्य गणेश राजगोपालन को मंच पर पुरस्कार प्राप्त करते हुए दिखाया गया है। ग्रैमी ने कहा कि दिस मोमेंट 'शक्ति' को सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम के विजेता के रूप में घोषित करते हुए खुशी हो रही है।

महादेवन ने उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए भगवान, परिवार, दोस्तों और देश के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह पुरस्कार अपनी पत्नी को समर्पित किया, जिन्हें उन्होंने अपने संगीत का हर स्वर समर्पित किया।

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 5.46 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 3.30 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.33 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.19 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.02 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 3.53 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 3.25 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.28 प्रतिशत |
| मारुति | 2.22 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.79 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## पीएम सूर्योदय योजना में आपका बिजली का बिल होगा 'शून्य'



- बजट में सरकार ने रूफटॉप सोलर की बहुत बड़ी योजना का ऐलान किया
- रूफटॉप सोलर योजना के लिए सब्सिडी 40 से 60 फीसदी करने की भी बात कही

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। हर कोई अपने बिजली के बिल से छुटकारा पाना चाहता है। लेकिन, कैसे अपने बिजली के बिल को जीरो करें, इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार आम जनता को बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिजली में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना की घोषणा की थी।

दरअसल, बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने अपने असम दौरे के दौरान इस योजना से लोगों को रूबरू करवाया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि लोग अपना बिजली का बिल कैसे जीरो कर सकते हैं और सौर ऊर्जा के जरिए बिजली उत्पादन कर कमाई भी कर सकते हैं।

असम के खानापारा में वेटरनरी साइंस कॉलेज मैदान में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अब बिजली का बिल जीरो करने के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। बजट में सरकार ने रूफटॉप सोलर की बहुत बड़ी योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत प्रारंभ में एक करोड़ परिवारों को सोलर रूफटॉप लगाने के लिए सरकार मदद करेगी। इससे उनका बिजली का बिल भी जीरो होगा। साथ ही सामान्य परिवार अपने घर पर बिजली पैदा करके बिजली बेचकर कमाई भी करेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी संसद में अपने अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के बारे में जानकारी दी थी। वित्त मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत एक करोड़ से अधिक परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी, जिससे एक करोड़ लोगों के घर रोशनी से जगमग होंगे। बता दें कि इस योजना के तहत एक करोड़ लोगों की घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे। इसके तहत लोगों को 15,000 से लेकर 18,000 रुपये की बचत होगी।

खास बात ये है कि सरकार इस योजना को ऐसे लागू करेगी, जिससे लोगों को सोलर सिस्टम लगाने के लिए पैसे भी नहीं देने होंगे। इसके अलावा सरकार ने रूफटॉप सोलर योजना के लिए सब्सिडी 40 से 60 फीसदी करने की भी बात कही है। गौरतलब है कि 2014 में सत्ता में काबिज होने के बाद से मोदी सरकार नेशनल रूफटॉप योजना चला रही है।

## एलआईसी हाउसिंग किफायती आवास खंड पर ध्यान केंद्रित करेगी, वित्तवर्ष 25 में परियोजना वित्त पर निर्णय लेगी

**चेन्नई,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को आंतरिक बदलाव करते हुए एक नई सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्लेटफॉर्म की ओर पलायन और किफायती आवास खंड पर ध्यान केंद्रित करते हुए अगले वित्तवर्ष में अपनी ऋण पुस्तिका का आकार 15 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी प्रोजेक्ट फाइनेंस सेगमेंट के तहत 2,000 करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में कटौती करने पर विचार कर रही है और अगले वित्तवर्ष में इस बिजनेस लाइन पर फैसला करेगी।

कंपनी किफायती आवास खंड पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही थी। प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्रिभुवन अधिकारी ने सोमवार को मीडिया को बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष से किफायती आवास खंड पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। परियोजना वित्त पोर्टफोलियो पर अधिकारी ने कहा कि यह सिकुड़ गया है, क्योंकि प्रतिस्पर्धा दर युद्ध में है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस प्रतिस्पर्धा द्वारा प्रस्तावित दर को लेकर सहज नहीं है। इसके अलावा, अधिकारी ने कहा कि कंपनी के 7,500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट फाइनेंस पोर्टफोलियो में से लगभग 2,000 करोड़ रुपये एनपीए है। उन्होंने कहा कि कंपनी एकमुश्त निपटान की पेशकश और कानूनी सहारा के माध्यम से ऋण की वसूली की कोशिश कर रही है। वित्तवर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में कुल संवितरण 15,184 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2023 की इसी अवधि में यह 16,100 करोड़ रुपये था। इसमें से, व्यक्तिगत गृह ऋण खंड में संवितरण 13,580 करोड़ रुपये के मुकाबले 12,868 करोड़ रुपये रहा, जबकि परियोजना ऋण पिछले वर्ष की समान तिमाही के 427 करोड़ रुपये की तुलना में 375 करोड़ रुपये था। आंतरिक बदलाव के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा कि 24 बैकऑफिस में से कंपनी तेजी से क्रेडिट मूल्यांकन के लिए 44 क्लस्टर कार्यालयों में गई है। नए आईटी प्लेटफॉर्म के संबंध में उन्होंने कहा, ग्राहकों को शामिल करने, ऋण देने और अन्य पहलुओं को डिजिटल बनाना ही आगे बढ़ने का रास्ता है और इसके लिए आगे बढ़े।

## मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स व क्यूएआई ने किया एमओयू

**अहमदाबाद,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स और क्वालिटी एवं एक्रिडिटेशन इंस्टीट्यूट (क्यूएआई) ने अहमदाबाद के मैरिंगो सिम्स अस्पताल में अत्याधुनिक 'सेंटर ऑफ एक्सेलन्स इन क्वॉलिटी','पेशंट सेफ्टी इन स्ट्रोक केयर' स्थापित करने के लिए यहां एमओयू किया है। क्वॉलिटी एवं एक्रीडिटेशन इंस्टीट्यूट के चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर डॉ. बी के राणा ने यहां बताया कि मुझे मैरिंगो सिम्स अस्पताल में 'सेंटर ऑफ़ एक्सेलन्स इन क्वॉलिटी', 'पेशंट सेफ्टी इन स्ट्रोक केयर' स्थापित करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। मल्टीमॉडल स्ट्रेटेजी का उपयोग करके स्ट्रोक देखभाल में गुणवत्ता और मरीज सुरक्षा में सुधार की दिशा में काम करने के लिए मैरिंगो सिम्स अस्पताल के साथ साझेदारी करना क्यूएआई के लिए गर्व का क्षण है। एक्रीडिटेशन बॉडी और हेल्थकेयर सेवा प्रदाता के बीच यह अपनी तरह का अनूठा सहयोग है जो मानक स्थापित करेगा और नॉन-कम्युनिकेबल रोगों पर सरकार की नीति का समर्थन करने के लिए अधिक सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। इस पहल का उद्देश्य स्ट्रोक में बेहतर नैदानिक परिणाम प्राप्त करना, केपेसिटी बिल्डिंग एवं सक्षम स्ट्रोक केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित करना है। श्री राणा ने कहा कि स्ट्रोक भारत में होते मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण है। भारत में हर साल लगभग 1,85,000 लोगो को स्ट्रोक आता हैं जिनमें लगभग हर 40 सेकंड में एक व्यक्तिको स्ट्रोक आता है और हर चार मिनट में एक व्यक्ति की स्ट्रोक से मौत होती है।

## नीतिगत ब्याज दर में ठहराव का रुख बनाए रखेगा : एसबीआई की रिपोर्ट



**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक विभाग की एक अनुसंधान रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह की समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर में 'ठहराव' को जारी रखेगी। एसबीआई की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में अभी कटौती की संभावना नहीं है पर जून या अगस्त की समीक्षा में पहली कटौती हो सकती है। मौद्रिक नीति समिति की वर्ष 2023-24 की अंतिम द्विमासिक समीक्षा बैठक इस सप्ताह छह-से आठ तारीख तक होगी। इस बैठक से पहले सोमवार को जारी अपनी अनुसंधान रिपोर्ट में एसबीआई के आर्थिक विभाग ने कहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका के गैर-कृषि क्षेत्र के रोजगार के आंकड़े और वेतन से नीतिगत ब्याज (रेपो) में कमी का चक्र शुरू होने उम्मीदों को तेजी से पीछे धकेल दिया है। फिलहाल दर में पहली कटौती जून से अगस्त, 2024 होने पर सबसे अच्छे दांव लग रहा है।

गौरतलब है कि रिजर्व बैंक की रपो दर पिछली कई समीक्षा बैठकों से इस समय 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखी गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई का रुख अभी 'उदार नीति को वापस लेने'वाला बना रहेगा, लेकिन आपात स्थिति में बैंकिंग क्षेत्र में नकदी प्रवाह बढ़ाने के लिए आरक्षित नकदी अनुपात (सीआरआर) और एलसीआर (लिक्विडिटी कवरेज अनुपात) में कमी की जा सकती है। एलसीआर वह धन का वह अनुपात है जो बैंकों को अपने पास की तरल (नकद की तरह भुनायी जा सकने वाली सम्पत्तियों/निवेश) के बदले हमेशा जमा रखनी होती है ताकि उन्हें भुनाने से अचानक पैदा होने वाली नकदी की जरूरत से निपटा जा सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल 2022 से दिसंबर 2023 के बीच खुदरा मुद्रास्फीति 2.10 अंक गिर कर 5.69 प्रतिशत पर आ गयी थी। इसी दौरान इसमें मुख्य खुदरा मुद्रास्फीति (विनिर्मित उत्पादों की स्फीति) का भारित योगदान 1.59 अंक रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गिरावट आगे भी मजबूत बनी रही तो मुख्य मुद्रास्फीति में कमी का रुझान अधिक ठोस होगा।

### सार संक्षेप

### डीआईएएल के सभी पार्किंग बे में हाइड्रेंट रिफ्यूलिंग सिस्टम लॉन्च किया गया

**नई दिल्ली।** पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक बड़ी छलांग में जीएमआर के नेतृत्व वाली दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने सोमवार को टर्मिनल 1 के सभी पार्किंग बे पर एक उन्नत हाइड्रेंट रिफ्यूलिंग सिस्टम (एचआरएस) शुरू करने की घोषणा की। अधिकारियों के अनुसार, यह अत्याधुनिक ईंधन भरने की प्रणाली एप्रन पर पारंपरिक बोवर्स और ईंधन भरने वाले टैंकरों की आवाजाही की जगह ले लेगी, जिससे हवाईअड्डे के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। एचआरएस अब तीन टर्मिनलों के सभी पार्किंग बे में चालू होने के साथ दिल्ली हवाईअड्डा महत्वपूर्ण पर्यावरणीय लाभ प्राप्त करने के लिए तैयार है, क्योंकि अनुमान है कि इस प्रणाली से सालाना 3,000 टन कार्बन उत्सर्जन कम हो जाएगा, जो डीआईएएल के नेट बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली हवाईअड्डे के पास अब लगभग देश का सबसे बड़ा विमानन ईंधन बुनियादी ढांचा है। 36 किलोमीटर का एचआरएस पाइपलाइन नेटवर्क और 320 हाइड्रेंट गड्ढे जो विमान को ईंधन पहुंचाने के लिए एप्रन में बिछाए गए हैं।

### सॉफ्टवेयर विकास को अधिक उत्पादक बनाने में एआई के उपयोग के लिए भारत अच्छी स्थिति में : गूगल

नई दिल्ली। गूगल ने सोमवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि भारत देश में सॉफ्टवेयर विकास को अधिक उत्पादक बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करने के लिए अच्छी स्थिति में है। पोस्ट में गूगल डीपमाइंड और गूगल रिसर्च के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. जेफ डीन और एकस्टेप फाउंडेशन के सीटीओ और देश में आधार तथा इंडिया स्टैक के पूर्व मुख्य वास्तुकार डॉ. प्रमोद वर्मा के बीच हालिया चर्चा का विवरण दिया गया है। विशेषज्ञों ने भारत में एआई के लिए अद्वितीय अवसरों और नैतिक विचारों तथा जिम्मेदार एआई नवाचार में अग्रणी के रूप में देश की स्थिति पर चर्चा की। डीन के अनुसार, भारत इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान में अपनी मजबूत नींव के कारण एआई का लाभ उठा सकता है। उन्होंने छात्रों और सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के लिए एआई में शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। डीन ने कहा, भारत में युवा छात्र सभी प्रकार की समस्याओं को हल करने के लिए अधिक पारंपरिक कंप्यूटर विज्ञान से सीखे गए तरीकों पर आधारित बदलाव को समझने के लिए उत्सुक हैं। आप इस तरह के अध्ययन और प्रयास के क्षेत्र में प्रवेश करने के इच्छुक अधिक छात्रों को देखेंगे। उन्होंने कहा, एआई सॉफ्टवेयर विकास को और अधिक उत्पादक बनाने जा रहा है और भारत इस क्षेत्र में विशेष रूप से अच्छी स्थिति में है। डीन ने कहा कि एआई में वंचित समुदायों में अंतर को पाटने की भी क्षमता है।

## शेयर बाजार को लगा झटका


**मुंबई** 5 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़ों से फेड रिजर्व के निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद धूमिल होने से स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कमोडिटीज और टेक समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार को करीब आधे प्रतिशत का झटका लगा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 354.21 अंक की गिरावट लेकर 71,731.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.10 अंक टूटकर 21,771.70 अंक रह गया। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.02 प्रतिशत बढ़कर 38,937.79 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत फिसलकर 45,743.17 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4097 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2136 में बिकवाली जबकि 1817 में लिवाली हुई वहीं 144 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 17 तेजी पर रही।

बीएसई के 10 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.88, सीडी 0.03, एफएमसीजी 0.81, वित्तीय सेवाएं 0.57, इंडस्ट्रियल्स 0.66, आईटी 0.34, दूरसंचार 1.49, बैंकिंग 0.36, कैपिटल गुड्स 0.86, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.36 और टेक समूह के शेयर 0.85 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.18 और जापान का निक्केई 0.54 प्रतिशत चढ़ गया वहीं जर्मनी का डैक्स 0.14, हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.02 प्रतिशत लुढ़क गया।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 183 अंक की तेजी लेकर 72,269.12 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद 72,385.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में 71,602.14 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,085.63 अंक के मुक़ाबले 0.49 प्रतिशत टूटकर 71,731.42 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 67 अंक फिसलकर 21,921.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,964.30 अंक जबकि 21,726.95 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,853.80 अंक की तुलना में 0.38 प्रतिशत उतरकर 21,771.70 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में बजाज फाइनेंस 3.53, भारती एयरटेल 3.25, बजाज फिनसर्व 2.28, मारुति 2.22, एचसीएल टेक 1.79, अल्ट्रासिमको 1.77, टाइटन 1.69, रिलायंस 1.29, एसबीआई 1.12, एलटी 1.10, नेस्ले इंडिया 0.84, एक्सिस 0.58, टेक महिंद्रा 0.50, आईटीसी 0.49, इंफ़ोसिस 0.42, विप्रो 0.14, एचडीएफसी बैंक 0.12, और आईसीआईआई बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाटा मोटर्स 5.46, सन फार्मा 3.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.33, पावरग्रिड 2.19, टाटा स्टील 2.02, एनटीपीसी 1.07, टीसीएस 0.16, इंडसइंड बैंक ने 0.12 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया।

## न्यूरेमबर्ग खिलौना मेले में भारत को बड़े आर्डर



**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। जर्मनी के न्यूरेमबर्ग में आयोजित पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय खिलौना मेले में भाग लेने वाले भारतीय खिलौना निर्माताओं को एक करोड़ डालर (करीब 84 करोड़ रुपये) के भारी ऑर्डर मिले हैं। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में दी गयी है।

विज्ञप्ति में निर्यातकों के हवाले से कहा गया है कि 30 जनवरी से 03 फरवरी, 2024 तक आयोजित इस मेले में भारतीय इकाइयों ने उच्च गुणवत्ता वाले खिलौनों का प्रदर्शन किया था। बयान के अनुसार भारतीय खिलौना उद्योग ने मनता है कि कि अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड, कस्टम ड्यूटी में वृद्धि और खिलौनों पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीटी) जैसी सरकारी पहलों ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण में मदद की है। इसका परिणाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखा है।

बयान के अनुसार मेले में सबसे लोकप्रिय श्रेणियाँ लकड़ी के खिलौने और शैक्षिक शिक्षण खिलौने से संबंधित थीं।

खिलौना निर्यातकों के अनुसार, अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और जर्मनी जैसे देशों के खरीदारों ने उनके उत्पादों में रुचि दिखाई और अच्छी संख्या में ऑर्डर दिए। इस वर्ष भारत से 55 से अधिक प्रतिभागी ने न्यूरेमबर्ग खिलौना मेले में भाग लिया।

वित्तीय वर्ष 2014-15 में भारत में खिलौनों का कुल आयात में 33.25 करोड़ डालर रहा था। इसकी तुलना में यह 52 प्रतिशत की भारी कमी के साथ वर्ष 2022-23 में 15.87 करोड़ डालर पर आ गया। इसी दौरान खिलौनों के निर्यात में 9.62 करोड़ डालर से 239 प्रतिशत बढ़ कर 2022-23 में 32.5 करोड़ डॉलर के बराबर रहा। भारतीय खिलौना निर्यातक स्नैपडील और वॉलमार्ट सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर की बड़ी खुदरा कंपनियों के साथ गठजोड़ कर रही हैं। न्यूरेमबर्ग दुनिया के सबसे बड़े खिलौना मेलों में से एक है। इसमें 65 से अधिक देशों के 2,000 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया।

## खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 32 रिंगिट चढ़कर 3820 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.08 सेंट की बढ़त के साथ 44.81 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10450-10550, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और **चावल :** 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## पेटीएम ने अपना वॉलेट कारोबार बेचने की खबरों को 'बाजार की अटकलबाजी' बताया




- आरबीआई ने पेटीएम की कई सेवाओं पर लगा दिया है प्रतिबंध
- शेयर बाजार में लगातार पेटीएम के शेयरों में लग रहा है लोअर सर्किट

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। प्रमुख वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रतिबंध के बीच वह अपने वॉलेट कारोबार को बेचने के लिए कुछ इच्छुक निवेशकों के साथ बातचीत कर रही है। इससे पहले आज रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि एचडीएफसी बैंक और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज पेटीएम के वॉलेट व्यवसाय के लिए बोली लगाने वालों में सबसे आगे हैं।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने आईएएनएस को दिए एक बयान में कहा, हम किसी भी बाजार अटकल पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, हम पूरी तरह से नियामक के निर्देशों का पालन करते हैं और टीम का प्रयास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) द्वारा पेश किए गए उत्पादों के साथ एक सहज ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करना है।

इससे पहले, पेटीएम के संस्थापक एवं सीईओ विजय शेखर शर्मा ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि कोई छंटनी नहीं होगी और कंपनी आरबीआई के साथ बातचीत कर रही है। इसके अलावा अन्य बैंकों के साथ साझेदारी के विकल्पों पर भी विचार कर रही है।

शर्मा ने एक वर्चुअल टाउन हॉल के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, हम जल्द ही सब कुछ पता लगा लेंगे। हम यह देखने के लिए आरबीआई से संपर्क करेंगे कि क्या किया जा सकता है। बीएसई में सोमवार को पेटीएम के शेयर 10 फीसदी के लोअर सर्किट के साथ 438.35 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।

पेटीएम के सहयोगी बैंक को आरबीआई के निर्देश के बाद ऐसी धारणा बन गई है कि कंपनी और उसके सहयोगी एक हैं।

हालाँकि, इस पर स्पष्टता देते हुए पेटीएम के अध्यक्ष और समूह सीएफओ मधुर देवड़ा ने कहा है कि डिजाइन और संरचना दोनों के मामले में फिनटेक कंपनी और उसके सहयोगी एक नहीं हैं और न ही हो सकते हैं। देवड़ा ने कहा, ऐसी धारणा हो सकती है कि पेटीएम और पेटीएम पेमेंट्स बैंक एक हैं, लेकिन डिजाइन और संरचना के हिसाब से ऐसा नहीं है और ऐसा नहीं हो सकता है। सबसे पहले यह एक सहयोगी कंपनी है और दूसरा इस अर्थ में एक सहयोगी कंपनी नहीं है कि यह एक बैंक है। उन्होंने कहा, और एक बैंक के लिए सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि उसे उस शासन का पालन करना होगा जिसका एक बैंक को पालन करना चाहिए, जिसका अर्थ है कि उसकी अपनी स्वतंत्र प्रबंधन टीम होनी चाहिए। पेटीएम के अध्यक्ष ने आगे कहा कि एक बैंक के पास स्वतंत्र अनुपालन और जोखिम टीमें भी होनी चाहिए।

# खेल जगत

## इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं : रोहित

**विशाखापत्तनम**, 5 फरवरी (एजेंसियां)। रोहित ने मैच के बाद कहा, बुमराह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको ओवरऑल परफॉर्मेंस देखना होगा। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं है, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने मोर्चा संभाला और जीत पक्की की। वहीं, बल्ले से युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में 209 रन बनाए और रोहित ने उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जायसवाल एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। यह युवा बल्लेबाज अपने खेल को समझता है। निश्चित रूप से उसे अभी लंबा रास्ता तय करना है। यह एक शानदार पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह अपनी लय को बनाए रखेंगे।



# भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- बैजबॉल में फंसे अंग्रेज, चौथे ही दिन ढेर हुआ इंग्लैंड
- बुमराह के गेंद से प्रहार से भारत ने इंग्लैंड से दूसरा क्रिकेट टेस्ट जीत सीरीज में पाई 1-1 की बराबरी

नई दिल्ली, 5 फरवरी (देशबन्धु)। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (3/46) और सदाबहार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन (3/72) ने आपस में छह विकेट बांट जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की दूसरी पारी सोमवार को चायकाल से ठीक पहले 69.2 ओवर में 292 रन पर समेट कर भारत को दूसरा क्रिकेट टेस्ट विशाखापट्टनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में सोमवार को चौथे दिन 106 रन से जिताकर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में एक-एक की बराबरी दिला दी। भारत मेहमान इंग्लैंड टीम से हैदराबाद में सीरीज का पहला टेस्ट 28 रन से हार गया था। मैन ऑफ द' मैच जसप्रीत बुमराह के गेंद से प्रहार से भारत को मिली यह जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि उसने विराट कोहली के निजी कारणों और केएल राहुल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के चोट के कारण उपलब्ध नहीं होने के बावजूद सीरीज में 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरा टेस्ट जीता। भारत ने शुरू से ही दे दना कर बल्लेबाजी कर रन बनाने इंग्लैंड की %बेजबॉल'की रणनीति का अच्छा जवाब दिया। भारत और इंग्लैंड अब सीरीज के 15 फरवरी कों राजकोट में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में फिर आमने-सामने होंगे और इसमें भारत कें रविचंद्रन अश्विन (499 विकेट) के पास अपने 500 और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन (695 विकेट) के पास 700 टेस्ट विकेट पूरे करने का मौका होगा।

सलामी बल्लेबाज जैक क्राली का शुरू से ही दे दनादन कर %बेजबॉल' शैली का अनुसरण करते हुए जड़ा अर्द्धशतक और निचले क्रम में बेन फॉक्स (36 रन, 69 गेंद, एक छक्का व चार चौके) व टॉम हार्टले (36 रन, 47 गेंद, एक छक्का व पांच चौके) की आठवें 55 रन की भागीदारी भी इंग्लैंड के काम न आई। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट राजकोट में खेला जाएगा। भारत इस जीत के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकिल 2023-25 में अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। भारत की सोमवार की इस जीत में पहली पारी में उसके नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (209रन) के शानदार पहले दोहरे टेस्ट और जसप्रीत बुमराह के इस टेस्ट में दोनों पारियों में कुल 91 रन देकर (पहली पहली पारी में 45 रन देकर छह और दूसरी पारी में 46 रन देकर चटकाए तीन विकेट) चटकाए नौ विकेट का अहम रोल रहा।

भारत ने यशस्वी के दोहरे शतक की बदौलत टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद बुमराह के गेंद से %छक्के' की बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर समेट 143 रन की बढ़त हासिल की थी। शुभमन गिल के शतक की बदौलत भारत ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए इंग्लैंड के सामने 399 रन का लक्ष्य रखा था।

सलामी बल्लेबाज जाक क्राली के लंच से पहले बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव की गेंद पर आउट होने के चलते इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 42.4 ओवर में छह विकेट पर 194 रन पर खो दिए। इंग्लैंड ने चौथे दिन पहले घंटे में 14 ओवर में मात्र एक विकेट रेहान अहमद का विकेट खोया और 65 रन बनाए पहला घंटा इंग्लैंड का रहा 65 रन अकेले चार 14.4 ओवर में 62 रन और जोड़ कर पांच विकेट और खो दिए। इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी तीसरे दिन के एक विकेट पर 67 रन से चौथे दिन सुबह आगे शुरू कर लंच से पहले 127 रन जोड़ पांच विकेट और खोए। जाक क्राली (73 रन, 132 गेंद, एक छक्का और आठ चौके )बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव की तेजी से लेग स्टंप की गिरी गेंद को खेलने से चूके इस पर अंपायर मराइस इरासमस ने नॉटआउट दिया और इस कुलदीप के जोर देने पर रिव्यू लिया और इस पर तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट घोषित किया और इंग्लैंड ने अपना पांचवां विकेट 42 वें 194 रन पर खोया। इसी स्कोर जसप्रीत बुमराह ने अगले और लंच से पहले के आखिरी ओवर की चौथी गेद पर जॉनी बैरिस्टो (26 रन, 36 गेंद, पांच चौके) को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड को हार की ओर धकेल दिया। क्रॉली ने आउट होने से पहले अपने तीसरे दिन अपने सलामी जोड़ीदार बेन डकेट के साथ 50 और रात्रि प्रहरी रेहान अहमद के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 रन और ऑली पॉप के साथ तीसरे विकेट के लिए 37 रन की भागीदारी की। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑली पॉप (23 रन, 21 गेंद, पांच चौके ) को कप्तान रोहित के हाथों स्लिप में कैच करा तेज स्पिनर पर कप्तान और जो रूट (16रन, 10 गेंद, एक छक्का, दो चौके) को हड़बड़ी में गड़बड़ी कर चटकाए अहम विकेट चटका इंग्लैंड को लंच तक हार की ओर धकेल दिया। लंच के बाद इंग्लैंड को जीत के लिए 205 रन और बनाने थे और उसके दूसरी पारी में मात्र चार विकेट थे। रात्रि प्रहरी बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने चौथे दिन सुबह सोमवार को रात्रि प्रहरी रेहान अहमद (23 रन, 31 गेंद, 5 चौके) सीधी सपाट होती तेज गेंद को कट करने गए और चूके और गेंद उनके पैड पर पड़ी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यूआउट घोषित किया और इंग्लैड ने दूसरा विकेट 95 रन पर खोया। ऑली पॉप (23 रन,21 गेंद, पांच चौके) ने ऑफ स्पिनर अश्विन की शॉर्ट ऑफ लेंग्थ ऑफ गेंद को कट करने की कोशिश की और पहली स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा ने लपका और इंग्लैंड ने अपना तीसरा विकेट 132 रन पर खोया जो रूट (16 रन, 10 गेंद, एक छक्का, दो चौके) और शुरू से दे दनादन करने की कोशिश में उतरे लेकिन लेकिन गेंद मिडविकेट पर अक्षर पटेल ने बढ़िया कैच और उनका 499वां टेस्ट शिकार बने और इंग्लैंड ने चौथा विकेट 31 वें ओवर में 164 रन पर खोया। लंच के बाद बेन फॉक्स ने रविचंद्रन अश्विन की गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश की और एक रन के लिए दौड़े लेकिन इससे पहले की दूसरे छोर से बेन स्टोक्स (11 रन, 29 गेंद, एक चौका) पहले की अपनी क्रीज में पहुंच पाते शॉर्ट मिड विकेट से तेज थ्रो से श्रेयस अय्यर ने स्टंप बिखेर कर उन्हें रनआउट कर दिया और इंग्लैंड ने सातवां विकेट 220 रन पर खोया। स्टोक्स ने आउट होने से पहले बेन फॉक्स के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े। जसप्रीत बुमराह ने चाय से करीब आधा घंटा पहले गति परिवर्तन से बदलाव बेन फॉक्स (26 रन, 69 गेंद, एक छक्का, चार चौके) ड्राइव कर खुद ही लपक कर उनकी और टॉम हार्टले की भागीदारी को तोड़ा इंग्लैंड का स्कोर आठ विकेट पर 275 कर दिया। बुमराह का दूसरी पारी में दूसरा और इस टेस्ट में यह आठवां विकेट था। शोएब बशीर (0) को तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने बढ़िया आउटस्विंगर पर बल्ला चलाने पर मजबूत कर विकेटकीपर केएस भरत को कैच इंग्लैंड का स्कोर नौ विकेट पर नौ विकेट पर 281 कर हार की ओर धकेल दिया। जसप्रीत बुमराह ने रिवर्स स्विंग पर टॉम हार्टले को बोल्ड कर इंग्लैंड की दूसरी पारी 69.2 ओवर में समेट कर भारत को शानदार जीत दिलाई।

## श्रीलंका ने अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच में 10 विकेट से हराया



**कोलंबो** 05 फरवरी (वार्ता) श्रीलंका ने टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 296 रनों पर समेटने के बाद मिले 56 रनों के लक्ष्य को 7.2 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया है। श्रीलंका की दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 56 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिमुथ करुणारत्ने 32 रन और निशान मदुश्का 22 रन बनाकर नाबाद रहे। मैच में आठ विकेट लेने के लिए प्रभात जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में श्रीलंका का यह पहला मुकाबला था। दोनों देशों के बीच पहली बार टेस्ट मुकाबला हुआ, जिसमें श्रीलंका ने जीत दर्ज की है।

अफगानिस्तान की टीम कल के एक विकेट पर 199 रन से आगे खेला शुरु किया। 82वें ओवर में रहमत शाह 54 रन, इब्राहिम जादरान की शतकीय पारी के बाद अफगानिस्तान के लगातार विकेट गिरते रहे। इबाहिम ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक 259 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 114 रन बनाया। नूर अली जादरान ने 47 रन और नासिर जमाल ने 41 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की पूरी टीम 296 रन पर सिमट गई। श्रीलंका के लिए दूसरी पारी में प्रभात जयसूर्या ने पांच विकेट लिये। असिता फर्नांडो को तीन विकेट मिले। कसुन रजिथा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। अफगानिस्तान की टीम को शुक्रवार से शुरु हुए एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका ने 198 रनों पर ढ़ेर कर दिया था। श्रीलंका ने पहली पारी एंजलो मैथ्यूज 141 रन और दिनेश चांदीमल 107 रनों की बदौलत 439 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

अफगानिस्तान की ओर से नवीद ज़दरान ने चार विकेट लिये थे। क्वैस अहमद और निजात मसूद ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया था। इससे पहले श्रीलंका ने यहां टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जदरान शून्य का विकेट खो दिया। उन्हें असिथा फर्नांडो ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रहमत शाह ने नूर अली जदरान के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिये 56 रनों की साझेदारी हुई। नूर अली जदरान 31 रन बनाकर आउट हुये। नूर को भी असिथा फर्नांडो ने आउट कर पवेलियन भेजा। अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने सर्वाधिक 91 रनों की पारी खेली। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी 17 रन, इकराम अलीखिल 21 रन, क्वैस अहमद 21 रन और निजात मसूद 12 रन बनाकर आउट हुये। अफगानिस्तान की पूरी टीम 62.4 ओवर में 198 रन पर ढ़ेर हो गई।

## पांच महीने बाद एक्शन में वापसी कर चीन ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराया



**भुवनेश्वर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। यहां के कलिंगा स्टेडियम में रविवार को पूर्व ओलंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की महिला हॉकी खिलाड़ियों ने पांच महीने के ब्रेक के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक वापसी की। महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन 2023-24 के दूसरे दिन वह चीन से 3-0 से हार गई। चीन, जिसने शनिवार को अपने पहले मैच में मेजबान भारत को हराया था, को मैचों के बीच थोड़ा बदलाव करना पड़ा और ऑस्ट्रेलिया को हराने से पहले उसे कुछ शुरुआती दबाव झेलना पड़ा। युआन मेंग ने मैच के दूसरे हाफ में तीसरा गोल करते हुए दो गोल किए, जिससे चीन ने भुवनेश्वर में लगातार दूसरा मैच जीता। पहला क्वार्टर धीमी गति से खेला गया, जिसमें हॉकीरूज़ ने अधिक आक्रमण किया और हांग्जो एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चीन ने ब्रेक पर उन्हें पकड़ने की कोशिश की। चीनियों ने दूसरे क्वार्टर में तेजी पकड़ी और कुछ पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन जोसलीन बार्ट्राम ने ऑस्ट्रेलिया के लिए ठोस गोल किया और हाफ टाइम तक भी कोई स्कोर नहीं बना। तीसरे क्वार्टर में यू अनहुई ने अच्छे टर्न और सटीक प्रहार से डिफेंस को छकाते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने वापसी के लिए संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वे अस्वाभाविक रूप से गलत और सुस्त दिखीं और चौथे क्वार्टर में अंतिम फैसला चीन की मेंग का था, जिन्होंने सर्कल के शीर्ष पर मौजूद सभी निशानों को पार कर लिया और बिना किसी चुनौती के अपना दूसरा गोल दागा।

## पीकेएल में दिल्ली चरण को जीत के साथ खत्म करना चाहती है यूपी योद्धा



**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (आईएएनएस)। यूपी योद्धा मंगलवार को त्यागराज इंडोर स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 के 108वें मैच में तमिल थलाइवाज के खिलाफ मैट पर उतरेंगे तो उनका लक्ष्य जीत के साथ दिल्ली लेग का समापन करना होगा।

जीएमआर ग्रुप के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी योद्धा ने अपने पिछले मैच में शानदार वापसी करते हुए शनिवार को यू मुंबा के खिलाफ 39-23 से बड़ी जीत हासिल की। दूसरी ओर तमिल थलाइवाज अपने पिछले मैच में गुजरात जायंट्स के खिलाफ 30-42 से हार गई थी।

वर्तमान में योद्धा लीग स्टैंडिंग में 28 अंकों और -47 के स्कोर अंतर के साथ 11वें स्थान पर हैं। जबकि, थलाइवाज 40 अंकों और 17 के स्कोर अंतर के साथ तालिका में उनसे सिर्फ एक स्थान ऊपर हैं।

दोनों टीमों का पीकेएल के इतिहास में 14 बार आमना-सामना हुआ है। जिसमें योद्धा ने पांच मैच जीते, जबकि तीन मैच टाई पर समाप्त हुए। मैच से पहले बोलते हुए यूपी योद्धा के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, हमारे पिछले मैच को जीतने से टीम के आत्मविश्वास में काफी वृद्धि हुई है। हमारे सभी खिलाड़ी उत्साहित हैं और इस टूर्नामेंट के आखिरी चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं।

## अफ्रीका को हरा फाइनल में पहुंचा भारत



- साथ अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में स्थान पर
- भारतीय बल्लेबाजों का द. अफ्रीका के मापका से चौकस रहना होगा

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। बतौर कप्तान और बल्लेबाज उम्र से ज्यादा परिपक्व प्रदर्शन करने वाले वाले उदय सहारन की अगुआई में पूल ए में सभी तीनों और सुपर सिक्स के दोनों मैचों सहित पांचों मैच जीत अजेय रहकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मौजूदा और पांच बार की भारतीय टीम की निगाहें अब मेजबान दक्षिण अफ्रीका को मंगलवार को आईसीसी अंडर -19 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल हरा जीत के 'छक्के' के साथ फाइनल में स्थान बना खिताब बरकरार रखने की ओर कदम बढ़ाने पर लगी हैं।

ऑलराउंडर मुशीर खान ने दो तथा कप्तान उदय सहारन, संजय दास और अर्षिन कुलकर्णी सहित भारत के कुल पांच बल्लेबाजों अब तक शतक जड़ चुके हैं। भारत के युवा तुर्कों ने अपने पांच में से तीन मैच 200 या इससे ज्यादा रन के अंतर से जीते हैं। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह ने भले ही दो अर्द्धशतक जड़े हैं लेकिन उन्होंने भारत को जिस तरह बराबर मजबूत शुरूआत दी है।

भारत को मौजूदा संस्करण में तीन बार पांच-पांच विकेट चटका कर सबसे ज्यादा विकेट चटकाने में दूसरे स्थान पर चल रहे दक्षिण अफ्रीका के 17 बरस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज क्वाना मापका (कुल 18 विकेट) से विलमोर पार्क, बेनोनी में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में चौकस रहने की जरूरत है। दक्षिण अफ्रीका की टीम एकमात्र कशवल इंग्लैंड से ग्रुप में ही हारी है। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि वह उदय सहारन की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका से उसके घर में त्रिकोणीय अंडर-19 क्रिकेट सीरीज जीत चुका है।

भारत के ऑलराउंडर मुशीर खान (पांच मैच, दो शतक, कुल 334 रन), कप्तान उदय सहारन (पांच मैच, एक शतक , कुल 304 रन), सचिन दास(पांच मैच, एक शतक, कुल 198 रन) जैसे बल्लेबाजों के रंग में होने के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि उसके पास निचले क्रम तक बढ़िया बल्लेबाजी कर पारी को संभालने वाले बल्लेबाज है।

दक्षिण अफ्रीका के स्टीव स्टोक (214 रन)और लुआन डेर प्रिटोरियस (कुल 211 रन) की जोड़ी पूरे रंग में है। दक्षिण अफीका ने स्कॉटलैंड के खिलाफ जीत के लिए 273 रन का लक्ष्य मात्र 27 ओवर में हासिल कर दर्शाया है कि भारत उसे उसके घर में हल्के नहीं ले सकता है। दक्षिण अफ्रीका के लिए मौजूदा संस्करण में विकेट लेने में तीसरे स्थान पर चल रहे भारत के उपकप्तान बाएं हाथ के कंजूस चतुर गेंदबाज सौम्य कुमार पांडे (पांच मैच कुल, 16 विकेट) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी(चार मैच, कुल नौ विकेट)से पार पाना आसान नहीं होगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से 1-3 से हारी


महिला एफआईएच प्रो लीग

- मुकाबले में शुरूआत से ही दिखाई दिया नीदरलैंड का दबदबा
- अंतिम समय तक नींदरलैंड के खिलाड़ियों के कब्जे में रही गेंद
- भारत का अगला मुकाबला कल ऑस्ट्रेलिया के साथ

**भुवनेश्वर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। यहां के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में रविवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से 1-3 से हार गई। नीदरलैंड की यिब्बी जानसन (3 और 34 मिनट) और फे वैन डेर एल्स्ट (21 मिनट) ने स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया। भारत के लिए एकमात्र गोल नवनीत कौर (9 मिनट) ने किया। भारत की गोलकीपर सविता ने अपने गोल पर लगातार शॉट बचाए। इसके तुरंत बाद नीदरलैंड्स को पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस सीजन की प्रमुख गोलस्कोरर यिब्बी जानसन ने गोल के बीच में शॉट मारकर नीदरलैंड्स को शुरुआती बढ़त दिला दी।

जैसे ही नीदरलैंड दबाव झेलने की कोशिश कर रहा था, एक भारतीय जवाबी हमले ने उसे आश्चर्यचकित कर दिया। सुनेलिता टोप्पो ने दाहिनी ओर से नीचे की ओर कदम बढ़ाया और शूटिंग सर्कल के शीर्ष पर नवनीत कौर को पाया, जिन्होंने पलटकर जोरदार प्रहार किया, जिससे भारत फिर से बराबरी पर आ गया।

दूसरा क्वार्टर शुरू होते ही नीदरलैंड गोल करने के करीब पहुंच गया, जब पिएन डिके ने भारतीय रक्षापंक्ति को चकमा दे दिया, लेकिन उसका शॉट पोस्ट से टकराकर दूर चला गया। भारत ने अपने लिए एक गोल करने का मौका बनाया, क्योंकि सुनेलिटा ने खुद को एक एकड़ जगह में पाया और वंदना कटारिया को चुना, जो नीदरलैंड की गोलकीपर जोसिन कोनिंग के साथ आमने-सामने थीं, लेकिन वह स्थिति को फैलाने के लिए बाहर चली गईं।

भारत ने नीदरलैंड के कवच में दरार की तलाश जारी रखी, लेकिन लॉरा नुन्निंक ने जवाबी हमला शुरू किया और फे वान डेर एल्स्ट को एक त्वरित पास दिया, जिन्होंने गेंद को सविता के पास से भटका दिया और नीदरलैंड की बढ़त बहाल कर दी। दोनों टीमों को कुछ पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 2-1 रहा।

नीदरलैंड ने तीसरे क्वार्टर में भारत पर दबाव बनाया, अंततः पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और यिब्बी जानसन ने सविता को हराने के लिए एक शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक को ढीला कर दिया और स्कोर 3-1 कर दिया।

चौथे क्वार्टर में खेल लंबा खिंच गया और दोनों टीमों ने लगातार मौके बनाए। भारत ने क्वार्टर में दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन नीदरलैंड की रक्षा प्रभावी रही। खेल के अंतिम समय में नीदरलैंड्स ने गेंद पर कब्ज़ा बनाए रखा और मुकाबला 3-1 से उनके पक्ष में समाप्त हुआ। भारत का अगला मुकाबला 7 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

## सार संक्षेप

### हार के बावजूद अपनी टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं स्टोक्स

**विशाखापत्तनम।** भारत में दूसरी पारी के चौथे दिन 399 रन का पीछा करना कभी आसान नहीं होने वाला था। लेकिन, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का मानना है कि दूसरा टेस्ट 106 रनों से हारने के बावजूद उनके बल्लेबाजों ने खुद को भारतीय गेंदबाजों के सामने साबित किया। चौथे दिन के खेल में सोमवार को इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रुख को जारी रखा, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि वे 69.2 ओवर में 292 रन पर ही सिमट गए। जैक क्रॉली के 73 रनों के अलावा, कोई भी अन्य बल्लेबाज चौथी पारी में 50 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। जिससे भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। स्टोक्स ने कहा, आखिरी पारी में आते हुए हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम इस लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं। जिस तरह से हमने उस चुनौती का सामना किया वो अच्छा था। हमने स्कोरबोर्ड के दबाव को खुद पर हावी नहीं होने दिया। मुझे लगता है कि हमने खुद को साबित किया और भारतीय गेंदबाजों को दबाव में रखा और यह बहुत अच्छा था। भारत को बधाई। जाहिर तौर पर मैच का परिणाम हमारे पक्ष में नहीं है, लेकिन, दोनों टीमों के बीच मुकाबला शानदार रहा।

### विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों की शैली से परिचित होंगे भारतीय युवा खिलाड़ी : हरमनप्रीत

**भुवनेश्वर।** भारतीय हॉकी पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि एफआईएच प्रो लीग चरण में भारतीय टीम के युवा हॉकी खिलाड़ी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खेलने शैली जान पायेंगे। हरमनप्रीत ने कहा, हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस लौटे हैं वहां हमें प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा। भारतीय कप्तान ने कहा, हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने से हमें एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी। इसके साथ ही यह आयोजन पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उल्लेखनीय है कि भारत प्रो लीग के इस सत्र के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से, उसके बाद 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ भिड़ेगा। मेजबान टीम इसके बाद 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड से मुकाबला करेगी।